www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 19 सितंबर 2023 I वर्ष - 65 I अंक -155 I पृष्ठ -12 I मूल्य - 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



गणेश चतुर्थी आज

■ विशेष सत्र, मोदी जी की वाहवाही के लिए!
■ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर व्यापक बहस और चर्चा की जरूरत
पृष्ठ 6

■ नवाज के कार्यक्रम की मेजबानी करने में पीएमएल-एन के सामने कई चुनौतियां
■ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री यूएनजीए से करेंगे इतर बैठक
पृष्ठ 7

हैरी ब्रूक वो बल्लेबाज हैं जिसकी इंग्लैंड को वर्ल्ड कप के लिए तलाश थी: पनेसर
पृष्ठ 8

# जी-20 की बैठक में 65 से ज्यादा प्रतिनिधि हुए शामिल

## मेहमान छत्तीसगढ़ की संस्कृति से हो रहे रूबरू, वित्तीय व बैंकिंग मुद्दों पर मंथन



**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भारत की जी 20 अध्यक्षता के तहत जी 20 मसौदा कार्य समूह (एफडब्ल्यूजी) की चौथी और अंतिम दो दिवसीय बैठक आज यानि 18 सितंबर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुरू हो गई है। नवा रायपुर के निजी होटल में बैठक चल रही है। इस बैठक में 65 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। दो दिवसीय बैठक में 20 देशों के डेलीगेट्स वित्तीय और बैंकिंग मुद्दों पर मंथन कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, बैठक से पहले प्रतिनिधियों ने बोटिंग का मजा लिया फिर होटल में आयोजित योगा सत्र में शामिल हुए। भारत के वित्त मंत्रालय की सलाहकार चांदनी रैना अध्यक्षता कर रही हैं। जी20 के सदस्य राष्ट्र, आमंत्रित देश सहित अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि शामिल है। जी20 के सदस्य देशों को पुरखौती मुक्तांगन और जंगल सफारी का भ्रमण कराया जाएगा। डेलीगेट्स के समक्ष आज पुरखौती मुक्तांगन में कर्मा और मांदरी नृत्य की प्रस्तुति होगी। दिन और रात का भोजन भी राज्य सरकार के आतिथ्य में होगा, जिसमें अतिथियों के लिए उनके देशों के व्यंजनों को भी रखा जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ व्यंजनों का एक यहां अलग स्टाल रहेगा। वहीं 19 सितंबर को बैठक के समापन के बाद अतिथियों को जंगल सफारी ले जाया जाएगा।

**जी-20 में शामिल हुए देश**- भारत, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील,कनाडा, चाइना, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रिपब्लिक कोरिया, रशिया, सऊदी अरबिया, साउथ आफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका, यूरोपियन यूनियन।

# जिन स्कूलों से गोलियों की आवाज आती थीं, अब वहां बच्चे गा रहे पोयम : भूपेश

## बीजापुर में 457 करोड़ के लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यों की मुख्यमंत्री ने दी सौगात



- पहले आम जनता को मीटिंग आदि के बाद शाम होने पर घर पहुँचने में डर लगता था अब सुरक्षित महसूस कर रहे
- जिला अस्पताल बीजापुर का नामकरण महादेव राणा शासकीय जिला चिकित्सालय बीजापुर करने की घोषणा

**बीजापुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय भेंट मुलाकात के लिए बीजापुर जिले के प्रवास में पहुँचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 457 करोड़ 58 लाख रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि नक्सल प्रभावित जिन क्षेत्रों के बंद स्कूलों से पहले गोलियों की आवाज आती थीं वहां अब बच्चे पोयम गा रहे हैं। अभी कुछ बच्चों से बात की। वे फर्राटेदार इंग्लिश बोल रहे थे। यह बीजापुर का बदलाव है। पहले मीटिंग आदि होने पर आम जनता को शाम होने पर घर पहुँचने में डर लगता था वे अब सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 123 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित संरचनाओं का लोकार्पण किया एवं 334 करोड़ रुपए से बनने वाली अधोसंरचनाओं का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ईंटपाल में नवनिर्मित बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का लोकार्पण भी किया एवं यहां कार्यरत महिलाओं से बातकर फैक्ट्री में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जिले में 4 करोड़ रुपए से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने इस अवसर पर जापान एवं चीन में आयोजित एशिया कप प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के साफ्ट बाल के पांच खिलाड़ियों सहित भुवनेश्वर में आयोजित प्रथम जनजातीय खेलो इंडिया नेशनल प्रतियोगिता का हिस्सा रही फुटबाल टीम के सदस्य प्रमिला तेलम, कमला तेलम एवं ईशा कुड़ियम को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जिला अस्पताल बीजापुर का नामकरण महादेव राणा शासकीय जिला चिकित्सालय बीजापुर करने की घोषणा की। उन्होंने बीजापुर जिले के आवापल्ली स्थित उसूर चौक को नागुर दोरला चौक के नाम से नामकरण करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने नवीन शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा( गीदम) का नामकरण वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय आदर्श महाविद्यालय के नाम पर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने चेरपाल, वरदली, संकनपल्ली और पापनपाल में नवीन धान उपार्जन केंद्र एवं मादेपुर तथा जारपल्ली में नवीन प्राथमिक शाला खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि बीजापुर अब कितना बदल गया है। 5 साल पहले जब यहां मुझे बुलाया जाता था तो सड़क मार्ग से आते थे, कार्यक्रम में भाषण देते हुए धीरे से कोई कहता था भैया ! जल्दी खत्म करो वापस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाला विधेयक हटा

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र में सरकार ने अपने एजेंडे में बदलाव किया है। बहुप्रचारित चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े विधेयक पर मोदी सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

### महिला सशक्तिकरण के विरोधी हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिलाओं के सशक्तिकरण का विरोधी बताते हुए सवाल किया है कि मोदी सरकार को सत्ता में आए नौ साल से अधिक हो गया है लेकिन महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिला है। श्री गांधी ने ट्वीट किया प्रधानमंत्री मोदी महिला सशक्तिकरण के विरोधी क्यों हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक पोस्टर भी पोस्ट किया है जिसमें पुराने संसद भवन के चित्र के साथ लिखा है 'नौ साल से ज्यादा की मोदी सरकार और विधेयक अब तक प्रतीक्षित है।'

### ओंकारेश्वर में 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण 21 को

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ वननेस' का अनावरण कार्यक्रम 21 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले देश के सभी प्रमुख साधु-संतों का परंपरागत स्वागत-सत्कार किया जाएगा। वहीं, मानसून को देखते हुए आयोजन स्थल और यातायात व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन सतर्क रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यालय भवन समत्व में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में एकात्मता की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

### भाजपा से गठबंधन पर चुनाव बाद होगा फैसला : डी जयकुमार

**नई दिल्ली।** भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है। एआईएडीएमके नेता डी जयकुमार ने कहा कि भाजपा से हमारा कोई गठबंधन नहीं है। इस पर फैसला चुनाव के बाद लिया जाएगा। जयकुमार ने तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को उनके बयानों पर आड़े हाथों लिया। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके के पूर्व मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई और जयललिता पर निशाना साधा था।

## महिला आरक्षण बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के बीच सोमवार को मोदी कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दी. सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लोकसभा और विधानसभाओं जैसी निर्वाचित संस्थाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण को मंजूरी दी गई। महिला आरक्षण विधेयक को 19 सितंबर यानी मंगलवार को नई संसद में पेश किया जा सकता है. सूत्रों ने बताया कि दोपहर एक बजे के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा. सरकार की कोशिश है कि इसे व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को पास करवाया जाए।

# प्रियंका 21 को आएंगी, राहुल का रद्द

## दुर्ग में महिला समृद्धि सम्मेलन में लेंगी हिस्सा



**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के चलते सियासी गलियारों में घमासान मचा हुआ है। जहां एक ओर सत्ता में बने रहने के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत झोंक रही है तो दूसरी ओर पांच साल से सूखा काट रही भाजपा भी सत्ता में वापसी के लिए छटपटा रही है। चुनावी सरगर्मी के बीच केंद्रीय मंत्रियों को लगातार प्रदेश दौरा जारी है। इसी क्रम में एक बार फिर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रही है। वहीं, कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ पर आने वाले थे, लकिन उनका कार्यक्रम टल गया है।

जानकारी के अनुसार, 21 सितंबर को वे दुर्ग में होने वाले महिला समृद्धि सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। वहीं दूसरी ओर 28 सितंबर को मल्लिकार्जुन खरगे छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। इसके अलावा राहुल गांधी भी प्रदेश का दौरा करेंगे। सीएम भूपेश ने इसकी जानकारी दी है। प्रियंका के दुर्ग दौरे की तैयारियों को लेकर लगभग पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल का एसपी और कलेक्टर जायजा ले रहे हैं। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से लगभग 1 लाख 50 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही हैं। यही कारण है कि कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा का खासा ध्यान रखा गया है। बता दें कि इससे पहले प्रियंका गांधी अप्रैल महीने में बस्तर आई थी।

संसद का विशेष सत्र

# प्रधानमंत्री मोदी ने की नेहरू की तारीफ

## कांग्रेसियों की तालियां नहीं बजाने पर किया कटाक्ष, यहां 370 को हटते भी देखा, कैश फॉर वोट हुआ



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने 50 मिनट का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद करते हुए कहा- ये वो सदन है जहां पंडित नेहरू का स्ट्रोक ऑफ मिडनाइट की गूंज हम सबको प्रेरित करती है। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था। उन्होंने कहा, 'सदन ने कैश फॉर वोट और 370 को भी हटते देखा है। वन नेशन वन टैक्स, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी इसी सदन ने दिया। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। स्पेशल सत्र में पांच बैठकें होंगी। उधर विपक्षी पार्टियों ने सरकार से सवाल-जवाब करने के लिए 9 मुद्दों की लिस्ट तैयार की है।

> जवाहर लाल नेहरू से लेकर शास्त्री,अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक बड़ी श्रृंखला रही है जिन्होंने देश का नेतृत्व किया है। आज का दिन इन सबके गुणगान करने का अवसर है: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद किया

पंडित नेहरू, शास्त्री से लेकर अटल, मनमोहन सिंह तक कई नाम हैं जिन्होंने इस सदन का नेतृत्व किया। सदन के माध्यम से देश को दिशा दी है। देश को नए रंग रूप में ढालने के लिए उन्होंने परिश्रम किया है, पुरुषार्थ किया है। आज उन सबका गौरवगान करने का अवसर है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, लोहिया, चंद्रशेखर, आडवाणी न जाने अनगिनत नाम जिन्होंने हमारे इस सदन को समृद्ध करने में, चर्चाओं को समृद्ध करने का काम किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- बहुत सी बातें ऐसी थी जो सदन में हर किसी की तालियों की हकदार थी, लेकिन शायद उसमें भी राजनीति आगे आ गई। नेहरू जी का गुणगान अगर इस सदन में होगा, तो कौन सदस्य होगा जो उस पर ताली नहीं बजाएगा। शास्त्री जी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### विपक्ष को डराने की कोशिश कर रही सरकार : खड़गे



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को विशेष सत्र के पहले दिन अपने भाषण की शुरुआत एक कविता से की और सरकार को सलाह दी कि 'अगर वह कुछ नहीं कर सकती तो कुर्सी छोड़ दे।' साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र मजबूत विपक्ष को कमजोर करने के लिए ईडी के जरिए उसे डराने की कोशिश कर रही है। खड़गे, जो कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, ने राज्यसभा में अपने शुरुआती नोट में कहा, 'अगर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अधीर रंजन के भाषण पर सोनिया बोलीं 'वेरी गुड'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष की तरफ से बोलते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को मॉडर्न इंडिया का आर्किटेक्ट बताते हुए कहा कि उन्होंने एक कठिन समय में देश की बागडोर संभाली थी। चौधरी ने 14-15 अगस्त, 1947 को आधी रात में संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' को याद करते हुए कहा कि जवाहर लाल नेहरू के साथ ही उस समय संविधान सभा के हर सदस्य ने यह शपथ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**लोक सभा में दो बार बज गया राष्ट्रगान**-विपक्षी दलों ने स्पीकर की मौजूदगी के बिना सदन में राष्ट्रगान बजने और दो बार राष्ट्रगान बजने को स्पीकर का अपमान बताते हुए सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्षी नेताओं के हंगामे के बीच लोक सभा स्पीकर बिरला ने कहा कि कोई अपमान नहीं हुआ है,यह टेक्निकल चूक है, आपने इसे संज्ञान में लाया है और इस चूक की जांच करवाई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की अयोग्यता मामले में की सुनवाई

# शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला टालना गलत

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिवसेना शिंदे गुट के 16 विधायकों की अयोग्यता पर सुनवाई की। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप इस मामले पर फैसला लंबे समय तक टाल नहीं सकते। आपको इसकी समय सीमा तय करनी होगी। इसके बाद मामले की सुनवाई दो हफ्ते के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, कोर्ट ने शिवसेना के नाम और सिंबल से जुड़े मामले की सुनवाई 3 हफ्ते के लिए स्थगित कर दी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने दोनों मामले पर सुनवाई की।

सीजेआई ने कहा कि स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का पालन करना होगा और उनके फैसले को चार महीने बीत चुके हैं। अदालत ने पूछा कि उसके 11 मई के फैसले के बाद क्या कार्रवाई की गई, जिसमें उसे 'उचित समय' के भीतर याचिकाओं पर फैसला देने के लिए कहा गया था। अदालत ने टिप्पणी की कि अध्यक्ष अपने पैर खींचना जारी नहीं रख सकते और निर्देश दिया कि वह संबंधित मामले की सुनवाई एक सप्ताह से पहले नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और नार्वेकर और शिंदे से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा था। शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि स्पीकर 'एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में अवैध रूप से जारी रखने की अनुमति देने के लिए अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं।'

■ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश, समय सीमा तय करें

**ठाकरे गुट ने शीर्ष अदालत का रुख किया था**- शिंदे और उनके खेमे के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा की गई देरी के खिलाफ ठाकरे गुट ने 4 जुलाई को शीर्ष अदालत का रुख किया था। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र स्पीकर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपी शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ 'उचित समय में अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए।'

कोकरनाग की जंग

## छठे दिन मिला जला हुआ शव

**जम्मू,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले छह दिनों से जो हजारों सैनिक अनंतनाग के कोकरनाग के पहाड़ों में आतंकियों से जूझ रहे हैं वह जंग अब गले की फांस बन गई है। डेढ़ सौ घंटों के बाद भी सेना और अन्य सुरक्षाबल इस स्थिति में नहीं हैं कि वे आतंकियों के मारे जाने की उन खबरों की पुष्टि कर सकें जिनके प्रति कुछ अति उत्साही पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर बाढ़ ला दी है। हालांकि कल देर रात सुरक्षाबलों ने उस इलाके से एक बुरी तरह से जला हुआ शव बरामद किया है, जिसके प्रति कोई भी दावा करने से पहले उसका डीएनए परीक्षण किया जा रहा है। माना जा रहा है कि ये शव आतंकी उजैर खान का हो सकता है। ऐसे में अब आतंकी उजैर खान के परिवार के सदस्यों का डीएनए सैंपल इसकी पड़ताल की जाएगी।

अडानी-हिंडनबर्ग जांच का मामला

# नई समिति बनाने सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है।

अनामिका जायसवाल द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित पिछली विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के हितों के स्पष्ट टकराव के मद्देनजर नई समिति गठित करने का निर्देश शीर्ष अदालत को देना चाहिए। याचिका में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष ओपी भट्ट, आईसीआईसीआई के पूर्व अध्यक्ष एमवी कामथ और वकील सोमशेखर सुंदरेसन और अडानी समूह के बीच हितों के टकराव को दर्शाने वाले कथित उदाहरणों का हवाला दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता वाली समिति में सभी सदस्यों को शीर्ष अदालत द्वारा नामित किया गया था। शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता विशाल तिवारी और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद 2 मार्च 2023 को हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसे यह भी जांच करने को कहा गया था कि क्या यह कोई नियामक विफलता थी।

**हेमंत सोरेन की याचिका खारिज**-उच्चतम न्यायालय ने कथित अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका सोमवार को खारिज की।

अनुसंधान — इसरो ने सौर वेधशाला के बारे में दी जानकारी

# आदित्य-एल1 ने वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना किया शुरू

■ पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मिलेगी मदद

**चेन्नई, 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 ने सूर्य का निरीक्षण करने के लिए वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (एसटीईपीएस) उपकरण के सेंसर, जो कि आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसईएक्स) पेलोड का एक हिस्सा है, ने वैज्ञानिक डेटा का संग्रह शुरू कर दिया है।**

*अहमदाबाद में अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) के सहयोग से भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) द्वारा विकसित, एसटीईपीएस उपकरण ने पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों और इलेक्ट्रॉनों को मापना शुरू कर दिया है। यह डेटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है। एसटीईपीएस में छह सेंसर हैं जो अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है और एक मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट अधिक इलेक्ट्रॉनों के अलावा 20 किलो इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन से 5 मेगा इलेक्ट्रॉन वोल्ट/न्यूक्लियॉन तक के सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों को मापता है। ये माप निम्न और उच्च-ऊर्जा कण स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके किए जाते हैं। पृथ्वी की कक्षाओं के दौरान एकत्र किए गए डेटा से वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद मिलती है, खासकर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में। इसरो के अनुसार, एसटीईपीएस को 10 सितंबर को पृथ्वी से 50 हजार किमी से अधिक दूरी पर सक्रिय किया गया था। यह दूरी पृथ्वी की त्रिज्या के आठ गुना से भी अधिक के बराबर है, जो इसे पृथ्वी के विकिरण बेल्ट क्षेत्र से काफी आगे रखती है। एसटीईपीएस की प्रत्येक इकाई सामान्य मापदंडों के भीतर काम कर रही है। इसरो ने कहा कि एक आंकड़ा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के भीतर ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को दर्शाता माप प्रदर्शित करता है, जिसे एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। ये चरण माप आदित्य-एल1 मिशन के क्रूज़ चरण के दौरान जारी रहेंगे जब यह सूर्य और पृथ्वी के बीच स्थित एल1 बिंदु की ओर आगे बढ़ेगा। अंतरिक्ष यान के अपनी इच्छित कक्षा में स्थापित होने के बाद भी अध्ययन जारी रहेगा। इसरो ने कहा कि एल1 के आसपास एकत्र किया गया डेटा सौर हवा और अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं की उत्पत्ति, त्वरण और अनिसोट्रॉपी में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।*

# देश

**उवाच**

कैबिनेट फेरबदल की चर्चा अब व्यर्थ है। मुझे नहीं लगता कि एलडीएफ अपनी अगली बैठक में भी इस मामले पर विचार करेगा। एलडीएफ दो महीने बाद कैबिनेट फेरबदल पर चर्चा कर सकता है। कैबिनेट फेरबदल पर मीडिया ने मनगढ़ंत खबरें बनाईं।

-एंटनी राजू,केरल के मंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# संविधान के दायरे में लगा था आपातकाल : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस सदस्य प्रमोदी तिवारी ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यालय में संविधान के दायरे में आपातकाल लगाया गया था। तिवारी ने संसद के विशेष सत्र में चर्चा के दौरान कहा कि आपातकाल संविधान के दायरे में लगाया गया था लेकिन अभी जो अधोषित आपातकाल लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अभी गोवा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में सरकारों को गिरा दिया जा रहा है जो अधोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि जब तक बांग्लादेश रहेगा तब तक इंदिरा गांधी का नाम रहेगा। उनका नाम कोई मिटा नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया डिजिटल इंडिया कहा जा रहा है लेकिन इस डिजिटल इंडिया का जनक राजीव गांधी थे। वहीं कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि संसद का सत्र 120 से 130 दिन तक चलाने के लिए नए संसद भवन में कानून बनाने की मांग करते हुए कहा कि दलबदल कानून पर भी दोबारा से संज्ञान लेना चाहिए। हाल के दिनों में जिस प्रकार की घटनाएं सामने आई है उसमें दलबदल कानून पर विचार करने करने की आवश्यकता है। तिवारी ने कहा कि आजादी के बाद संविधान बनने के बाद सभी को समानता का अधिकार दिया गया। भारत के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 17 का निर्माण कर देश से छुआछूत को खत्म करने का काम किया। इसी प्रकार अनुच्छेद 18 में राजा महाराजा की परंपरा को खत्म किया। बेगार प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म कर सभी को समानता का अधिकार दिया गया।

- **संसद के विशेष सत्र में विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला**
- **जब तक बांग्लादेश रहेगा तब तक इंदिरा गांधी का नाम रहेगा**



**अभी गोवा, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में सरकारों को गिरा दिया जा रहा है जो अधोषित आपातकाल है : प्रमोदी तिवारी**

### दलित आज भी अपने अधिकारों से वंचित

बहुजन समाज पार्टी के गिरीश चंद्र ने कहा कि देश की आजादी के 75 साल हो गए, लेकिन दलित आज भी अपने अधिकारों से वंचित है। राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में दलितों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि नए संसद भवन में सरकार सोच में बदलाव का संकल्प लेगी ताकि दलितों का शोषण खत्म किया जा सके। समाजवादी पार्टी के एस टी हसन ने कहा कि पहली बार आज प्रधानमंत्री से सकारात्मक बातें सुनने को मिली है जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि वह पहली बार जब सदन में आये तो उन्हें यहां बापू का गुलदस्ता दिखे। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए जहां एक थाली में लोगों ने खाना खाया आज उसे खत्म किया जा रहा है। यह देश प्यार, मोहब्बत और भाईचारे से आगे बढ़ेगा। हमें प्यार भाईचारे सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम की राह पह चलने की जरूरत है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने कहा कि भारत की पहचान विविधता में एकता है।उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर राकेश सिंह के कटाक्ष का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री, पहली महिला राष्ट्रपति, पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष दी थी। उन्होंने लोकसभा के सत्रों एवं कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाने की भी पैरवी की। उन्होंने नई संसद में मीडिया को प्रतिबंधित करने का भी मुद्दा उठाया और कहा कि प्राइवेट मेंबर बिल को भी सशक्त बनाया जाना चाहिए।

## देश में धर्म व पंथ के नाम पर बढ़ रहा विभाजन : जॉन ब्रिटास



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने संसद की 75 साल की यात्रा की चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि देश में धर्म और पंथ के नाम पर विभाजन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साम्यवादी शासन ने देश की प्रगति में योगदान दिया है और केरल में नाममात्र की गरीबी है। उन्होंने कांग्रेस शासन की प्रशंसा की करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों को कम कर रही है। जनता दल युनाईटेड के रामनाथ ठाकुर ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। असम गण परिषद के वीरेंद्र प्रसाद वैश्य ने कहा कि सभी राजनीतिक दल और सदस्यों को राष्ट्र हित का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने नए भारत की ओर बढ़ने के लिए एकता को महत्वपूर्ण बताया। केसीएम के जोस के मणि ने कहा कि नए संसद भवन के साथ ही भारतीय लोकतंत्र भी नयी दिशा में बढ़ रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल ने नए संसद भवन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि देश को अपनी लोकतांत्रिक यात्रा पर गर्व है। पूरा विश्व भारतीय लोकतंत्र का उल्लेख करता है। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन युवा भारत की आकांक्षायें पूरा करने में सफल होगा। नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी ने कहा कि इसी सभा में जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा सर्वसम्मति से दिया गया थे, लेकिन पांच अगस्त 2019 को राज्य को दो हिस्सों में बांट दिया गया जो संविधान की भावना के विरुद्ध है।

## समाज में खत्म हो रहा सौहार्द : मनोज कुमार

राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार ने कहा कि समाज में सौहार्द खत्म हो रहा है और आक्रामकता बढ़ रही है जबकि इससे कुछ हासिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि समाज में घृणा, पीड़ा और विभाजन तेजी से बढ़ रहा है जिसके खतरनाक परिणाम हो सकता है। उन्होंने संविधान सभा की कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि राजनीतिक आजादी का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक आजादी में परिलक्षित होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो राजनीतिक आजादी विफल होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में जातिगत गणना का विरोध इसी विफलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रोजगार का अधिकार दिया जाना चाहिए। बेरोजगारी सारी राजनीतिक व्यवस्था ध्वस्त कर देगी। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में संगोल के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान सभा के सदस्यों के चित्र लगाएं जाने चाहिए। इस चर्चा में टीएमसी एम के जी के वासन और भारत राष्ट्र समिति के के.केशव राव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## संसद से

### लोकतंत्र में व्यवधान की रणनीति को समर्थन नहीं मिलता : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद में स्वस्थ बहस को फलते-फूलते लोकतंत्र की पहचान करार देते हुए कहा कि सदस्यों को टकराव से बचना चाहिए क्योंकि व्यवधान की रणनीति को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का लोग कभी समर्थन नहीं करेंगे। धनखड़ ने सोमवार को यहां संसद के विशेष सत्र के पहले दिन संविधान सभा से लेकर 75 वर्षों की संसदीय यात्रा- उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख विषय पर चर्चा से पहले अपनी आरंभिक टिप्पणी में कहा कि यह सदस्यों को चिंतन और आत्मनिरीक्षण करने का उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बहस एक फलते-फूलते लोकतंत्र की पहचान है। हमें टकराव से बचना चाहिए।

### मोदी ने नेहरू के बारे कुछ अच्छे शब्द बोले, सुनकर अच्छा लगा : दानिश

बहुजन समाज पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सोमवार को पहली बार प्रधानमंत्री ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे कुछ अच्छे शब्द बोले जो सुनकर अच्छा लगा। अमरोहा से लोकसभा सांसद अली ने संसद भवन परिसर में कहा कि आज अच्छा लगा नौ साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंडित नेहरू के बारे में कुछ अच्छे शब्द बोले जो देश पिछले नौ साल से सुनना चाहता था। देश के लोकतंत्र की बुनियाद देश के पहले प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रखा गया इसीलिए हमारा लोकतंत्र सफल हुआ। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ने पुराने संसद भवन में आखिरी संबोधन में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की मिडनाइट स्पीच को याद किया और कहा कि इसी सदन में उनके भाषण की गूंज हम सभी को प्रेरित करती रहेगी।

### लोकतंत्र की विरासत को संजोकर अमृतकाल में विकसित राष्ट्र बनाएं सदस्य : गोयल

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि देश में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी तथा पुरानी हैं और हमें इस विरासत को संजोते हुए मतभेदों को भुलाकर अमृतकाल में भारत को भ्रष्टाचार मुक्त विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। गोयल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के पहले दिन संसद की 75 वर्ष की यात्रा पर सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि 1952 में अस्तित्व में आये इस सदन ने 71 वर्ष के अपने सफर के दौरान अच्छे और बुरे पड़ाव से होकर अपनी गरिमा को बनाए रखा है और देश के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उच्च सदन ने अपने क्रियाकलापों के बल पर अपनी प्रासंगिकता सिद्ध की है और सदस्यों के माध्यम से अपने दायित्व को निभाया है।

### कावेरी जल बंटबारे पर बने समिति : देवेगौड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा ने सोमवार को राज्यसभा में कावेरी नदी के जल को तमिलनाडु को दिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इसके कारण कर्नाटक के लोग परेशान है और इस विवाद के समाधान के लिए दोनों सदनों से ऐसे सदस्यों की समिति बनाई जानी चाहिए जो इन दोनों राज्यों से नहीं हैं।

## सार संक्षेप

### हमलोग हर समय चुनाव के लिए तैयार : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार में जल्द चुनाव होने के वक्तव्य पर पलटवार करते हुए आज कहा कि वह हर समय चुनाव के लिए तैयार हैं। कुमार ने सोमवार को यहां मॉरीशस के राष्ट्रपिता स्व. सर शिवसागर रामगुलाम की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह के वक्तव्य कि बिहार में चुनाव जल्द होगा से संबंधित सवाल के जवाब में कहा वे लोग तो पूरे देश में जल्द चुनाव कराना चाहते हैं। जितना जल्दी चुनाव करा दें उतना अच्छा है, हमलोग तो इंतजार कर रहे हैं।

### राकांपा ने सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अनुबंध के आधार पर कई विभागों में पदों को भरने के लिए कथित रूप से महाराष्ट्र सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष महबूब शेख ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकारी आदेश युवाओं के रोजगार के लिए खतरा है। उन्होंने राज्य सरकार पर युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

### ओडिशा के कटक में सड़क दुर्घटना, चार की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले में सोमवार को सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना कटक के टिगिरिया पुलिस सीमा के अंतर्गत नुआसादक चक के पास हुई जब एक वाहन को एक ट्रक ने आमने-सामने टक्कर मार दी।

# संवाद संस्कृति का जीवंत प्रतीक संदन : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि संदन संवाद संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के बीच सहमति-असहमति के बीच पिछले 75 वर्षों में देशहित में सामूहिकता से निर्णय लिए गए तथा संसदीय विचार-विमर्श की पद्धति से देश की जनता के जीवन में सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए कानून बनाए गए। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा और संकट के समय में भी सदन ने एकजुटता और प्रतिबद्धता से उनका सामना किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य नए संसद भवन में नई आशाओं, नई उम्मीदों के साथ प्रवेश करेंगे। संसद के विशेष सत्र के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सूचित किया कि मंगलवार को सदन की कार्यवाही नए भवन में संचालित होगी। बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि नए भवन में भारत का लोकतंत्र नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। सदन को सम्बोधित करते हुए बिरला ने कहा कि संसद भवन स्वतंत्रता प्राप्ति की ऐतिहासिक घड़ी से लेकर भारत के संविधान निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया और इसके साथ आधुनिक राष्ट्र की गौरवशाली लोकतान्त्रिक यात्रा का साक्षी रहा है।

संसद भवन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार से सदन की कार्यवाही नई संसद भवन में शुरू हो जाएगी। लेकिन पुराने संसद भवन में अभी भी सचिवालय का स्टाफ काम करता रहेगा। कुछ दिनों बाद संबंधित स्टाफ नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा। बाकी अन्य विभाग पुरानी बिल्डिंग से ही चलेगे। पुराने संसद भवन को संरक्षित कर रखा जाएगा। क्योंकि यह देश की पुरातात्विक संपत्ति है। आने वाले दिनों में भवन की मरम्मत काम पूरा इसे संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा।

- **सांसदों के नए संसद भवन में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश करने की जताई उम्मीद**



**नए संसद भवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा देश का लोकतंत्र : ओम बिरला**

## पूर्व लोकसभा अध्यक्षों के उल्लेखनीय योगदान को किया याद

स्वतंत्र भारत की प्रथम लोकसभा के अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर को याद करते हुए ओम बिरला ने कहा कि देश की सर्वोच्च लोकतान्त्रिक संस्था के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने नियम समिति, विशेषाधिकार समिति, कार्य मंत्रणा समिति सहित कई अन्य संसदीय समितियों की स्थापना की और सदन के अंदर उच्चतम परंपराओं की नींव रखी। पूर्व लोकसभा अध्यक्षों के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए बिरला ने कहा कि उनके पूर्व के 16 अध्यक्षों ने संसद की श्रेष्ठ परम्पराएं स्थापित की।



## केसीआर ने की गणपति की पूजा-अर्चना

**हैदराबाद,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रगति भवन में सोमवार को विनायक चतुर्थी समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव शोभम्मा दंपत्ति ने भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री केसीआर ने भगवान विघ्नेश्वर से राज्य के लोगों को सुख और शांति प्रदान करने, सभी लोगों की देखभाल करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रार्थना की कि राज्य की प्रगति में कोई बाधा न आए। मंत्री केटीआर-स्टाइलिमा दंपत्ति और बेटी अलेख्या ने गणपति पूजा कार्यक्रम में भाग लिया।

# जम्मू-कश्मीर अन्य राज्यों से कर रहा बेहतर प्रगति : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि प्रदेश हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है। उपराज्यपाल ने श्रीनगर के रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा आयोजित 44वें पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) इंटर-यूनिट गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन पर कहा कि केंद्रशासित प्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में हर क्षेत्र में बेहतर तरक्की कर रहा है। सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में सभी गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर कई वर्षों की उथल-पुथल के बाद इससे बाहर निकल आया है और प्रदेश कई क्षेत्रों में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टूर्नामेंट निश्चित रूप से बेहतर ढंग से चलेगा और खिलाड़ी खेल भावना से खेलेंगे। खिलाड़ियों को यहां के लोग और उनका आतिथ्य भी पसंद आएगा। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आगे कहा कि यहां रहने के दौरान कश्मीर के बारे में जो भी भ्रांतियां फैलाई गई थीं, वह दूर हो जाएंगी। उपराज्यपाल ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप यहां जो समय बिताएंगे वह आपके लिए यादगार होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1.28 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे और इस वर्ष अगस्त तक 1.52 करोड़ यहां पहुंचे हैं। उम्मीद की जा रही है कि साल के अंत तक यह आंकड़ा 2.25 करोड़ तक पहुंच जाएगा।



## मध्य प्रदेश में कांग्रेस की खेमेबाजी नहीं होने दे रही उसे एकमत

**भोपाल,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल के दिनों में कुछ सर्वे में जब से भाजपा सरकार के प्रति प्रदेश के लोगों ने अपना भरोसा एक बार और दिखाया है, उसके बाद से कांग्रेस नेताओं का विश्वास कमजोर हो गया है। तभी तो मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की खबरें आ रही है। विधानसभा चुनाव में जाने से पहले ही मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी को हार का डर बुरी तरह से सता रहा है। तभी प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला की ओर से कहा गया कि कमलनाथ इस बार चुनाव नहीं भी लड़ सकते हैं। हांलाकि, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की कोशिश के तहत उनकी ओर से यह भी कहा गया कि जब कांग्रेस को सत्ता में आने लायक सीट मिल जाएगी तो मुख्यमंत्री कमलनाथ ही होंगे। भोपाल में यह बात जब से कही गई, उसके बाद कई प्रकार के कयासों का दौर जारी है। कहा तो यह भी जा रहा है कि कांग्रेस के प्रभारी ने कहीं पहले ही तो हार नहीं मान ली है। दूसरी ओर कमलनाथ के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर संशय के बीच नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह पटेल ने प्रभारी के उलट बयान दिया है। उनकी ओर से कहा गया है कि कमलनाथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। गोविंद सिंह पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी ने उदयपुर के राष्ट्रीय अधिवेशन में तय किया था कि 50 प्रतिशत टिकट अनुसूचित जनजाति, युवाओं और महिलाओं के साथ अल्पसंख्यकों को दिए जाएंगे।

**सतर्क** — *एलओसी से सटे इलाकों में सेना ने संभाला मोर्चा*

# घुसपैठ रोकने की कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती सेना

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। एलओसी से सटे इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए अगले कुछ दिन परेशानी और दहशत से भरे हो सकते हैं। ऐसा पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने जहां रुके पड़े प्रशिक्षित आतंकियों को सीमा की ओर धकेलने की कोशिशों में तेजी लाने तथा भारतीय सेना उन्हें रोकने की कवायद में जुटी हैं।

दरअसल पाक सेना बर्फबारी से पहले ही आतंकियों को धकेलने को उतावली है क्योंकि बर्फबारी के बाद घुसपैठ के रास्ते बंद हो जाते हैं। इस दहशत के पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि पाक सेना एक बार फिर घुसपैठ के लिए कवर फायर की नीति अपनाने लगी है। यह उड़ी में दो दिन पहले साफ हो चुका है। हालांकि इसके प्रति सिर्फ अनुमान ही हैं कि एलओसी के पार पाक कब्जे वाले कश्मीर में चल रहे आतंकवाद का प्रशिक्षण देने वाले कैम्पों में कितने आतंकी प्रशिक्षण ले रहे हैं और कितने इस ओर आने को तैयार बैठे हैं, पर यह जरूर कहा जा रहा है कि जो भी घुसपैठ में कामयाब होगा वह कश्मीर के हालात को फिर से पीछे मोढ़ने में कामयाब हो जाएगा।

नतीजतन सेना घुसपैठ रोकने की खातिर कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती। सेना की नार्दन कमान के प्रवक्ता दावा करते हैं कि एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल एलओसी की स्थिति ऐसी है कि चप्पे-चप्पे पर जवानों को तैनात करने के बावजूद घुसपैठियों को रोक पाना संभव नहीं हो सकता। जबकि सेना आप इसे मानती है कि एलओसी पर तारबंदी उतनी कामयाब नहीं हो पाई है जितनी प्रभावी वह इंटरनेशनल बार्डर पर है।

एलओसी पर तारबंदी की हालत यह है कि हर साल बर्फबारी के बाद वह क्षतिग्रस्त हो जाती है और उसकी मुरम्मत का कार्य कठिन होने के कारण कई स्थानों पर कई कई महीनों तक वह क्षतिग्रस्त ही रहती है। इन्हीं परिस्थितियों का लाभ पाकिस्तान सेना उठाने की कोशिश में है।



- **एलओसी पर सभी लूप होलों को बंद करने की कोशिश की जा रही है**


## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400 059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर-492001

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि /मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तारामती वर्मा (कर्जदार), कन्हैया लाल वर्मा (सह-कर्जदार), एनएचआरपीआर00001297960 | वार्ड नंबर 9, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड पीएचएन 14 19, आरएनएम दुर्ग 1, वार्ड नंबर 9, आर्य नगर कोहका भिलाई कोहका भिलाई दुर्ग भिलाई-490023 (संदर्भ एलएएन नंबर एनएचआरपीआर00001297960) चौहद्दी - उत्तर : खुली भूमि, दक्षिण : रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : रोड / कब्जा की तिथि - 16-09-2023 | 09-05-2023 रू. 10,27,969/- | रायपुर-बी |
| 2. | तारामती वर्मा (कर्जदार), कन्हैया लाल वर्मा (सह-कर्जदार), एनएचआरपीआर00001297988 | वार्ड नंबर 9, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड पीएचएन 14 19, आरएनएम दुर्ग 1, वार्ड नंबर 9, आर्य नगर कोहका भिलाई कोहका भिलाई दुर्ग भिलाई -490023 (संदर्भ एलएएन नंबर एनएचआरपीआर00001297988) चौहद्दी - उत्तर : खुली भूमि, दक्षिण : रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : रोड / कब्जा की तिथि - 16-09-2023 | 09-05-2023 रू. 8,61,012/- | रायपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 19-09-2023
स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड



## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400 051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400 059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर-492001

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि /मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356202 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356202) चौहद्दी - उत्तर : पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण : उषा ठाकरे की भूमि, पूरब : रोड, पश्चिम : अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 15-09-2023 | 09-05-2023 रू. 6,22,939/- | रायपुर-बी |
| 2. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356204 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356204) चौहद्दी - उत्तर : पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण : उषा ठाकरे की भूमि, पूरब : रोड, पश्चिम : अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 15-09-2023 | 09-05-2023 रू. 2,69,030/- | रायपुर-बी |
| 3. | धनेश्वर कुमार देवांगन (कर्जदार), ममता देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001356205 | ना मौजा अमलेश्वर दुर्ग नगर अमलेश्वर पीएच नंबर 05, खसरा नंबर 909 16, आरएनएम भिलाई 3 दुर्गा नगर अमलेश्वर दुर्ग 909 16 दुर्ग-491111, (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचआरपीआर00001356205) चौहद्दी - उत्तर : पार्वती सोनकर की भूमि, दक्षिण : उषा ठाकरे की भूमि, पूरब : रोड, पश्चिम : अनीता की भूमि / कब्जा की तिथि 15-09-2023 | 09-05-2023 रू. 52,793/- | रायपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 19-09-2023
स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

# दुनिया रंग-बिरंगी

**'केकेके 13' में मुझे अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में बेहतर पता चला : शीजान खान**

**मुंबई।** स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 से बाहर हुए अभिनेता शीजान खान ने कहा कि रोहित शेट्टी के मार्गदर्शन में स्टंट करना अविश्वसनीय लगता है और उन्हें इस बैटल पर गर्व है। खतरों के खिलाड़ी 13 के चैलेंजर्स वीक ने पहले कभी न देखे गए स्टंट के साथ अपने डर को एक नए लेवल पर पहुंचा दिया। शो के पूर्व फाइनलिस्ट फैसल खान उर्फ मिस्टर फैसू ने कंटेस्टेंट्स को चुनौतीपूर्ण स्टंट करने में उनके द्वारा निर्धारित बेंचमार्क को पार करने की चुनौती दी। सभी कंटेस्टेंट्स ने अनुभवी पूर्व फाइनलिस्ट को हराने के मुश्किल टास्क को किया। दो कंटेस्टेंट्स, जो इसमें शामिल नहीं हो सके, वे अरिजीत तनेजा और शीजान थे। इन डेयरडेविल्स को रविवार के एपिसोड के लास्ट बैटल एलिमिनेशन तक लड़ना पड़ा।

### मोटापे को लेकर विशेषज्ञों का अध्ययन

## जल्द उपचार से बच्चों के मोटापे को रोकने में मिल सकती है मदद



**लंदन,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अध्ययन के अनुसार, बचपन में मोटापे का प्रारंभिक उपचार दीर्घकालिक और अल्पावधि दोनों में प्रभावी होता है। द इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित यह अध्ययन चार से छह साल की उम्र के 170 बच्चों और उनके माता-पिता पर किया गया है।

बच्चों और माता-पिता को तीन तरह के अलग-अलग उपचार दिये गये थे। मानक उपचार, माता-पिता सहायता समूह या अनुवर्ती टेलीफोन सहायता के साथ माता-पिता सहायता समूह।

मानक उपचार समूह के प्रतिभागियों ने डॉक्टर या आहार विशेषज्ञ के साथ आहार और व्यायाम पर ध्यान केंद्रित करने वाली बैठकें कीं। जबकि, अन्य दो अभिभावक सहायता समूहों में बच्चों को शामिल नहीं किया गया और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि माता-पिता सकारात्मक तरीके से परिवार में स्वस्थ जीवन शैली को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं।

अध्ययन की प्रमुख अन्वेषक पॉलिना नोविका ने कहा कि इस तरह की बातचीत इस बात पर केंद्रित हो सकती है कि सीमाएं कैसे तय की जाएं, बच्चों को नए व्यवहार कैसे सिखाएं और प्रीस्कूल, दादी, पड़ोसियों और बच्चों की दुनिया के अन्य वयस्कों के साथ कैसे संवाद किया जाए।

**■ मोटापे का प्रारंभिक उपचार दीर्घकालिक व अल्पावधि दोनों में प्रभावी**

नोविका स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टिट्यूट में क्लिनिकल साइंस, इंटरवेंशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग में बाल विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर हैं। निष्कर्षों से पता चला कि सभी तीन समूहों के बच्चों ने अपने वजन की स्थिति में सुधार किया और उनके मोटापे की डिग्री में कमी देखी गई, लेकिन जिन बच्चों के माता-पिता को सलाह आदि दी गई थी, उनके परिणाम सबसे अच्छे थे, खासकर उन बच्चों के जिन्हें फॉलोअप के रूप में फोन कॉल भी प्राप्त हुए थे।

नोविका ने कहा कि टीम ने यह भी पाया कि तीसरे समूह के अधिक बच्चों ने बेहतर उपापचय स्वास्थ्य के साथ अपने वजन की स्थिति में चिकित्सकीय रूप से प्रासंगिक सुधार दिखाया है, जिससे मेरा मतलब रक्त लिपिड और ग्लूकोज के बेहतर स्तर से है। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने माता-पिता को दोपहर के भोजन के संबंध में घर पर एक स्पष्ट संरचना बनाने और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने, बच्चे को खाना पकाने में शामिल करने आदि जैसी चीजें करने का भी सुझाव दिया।

नोविका ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों का इलाज शुरू करने की तुलना में कम उम्र में बच्चों का इलाज करना अधिक प्रभावी होता है। कुछ किशोर संभावित बेरिएट्रिक सर्जरी पर विचार कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि पहले इलाज से इससे बचा जा सकता है।

## दिल्ली के सुल्तान के लिए मैंने 200 से ज्यादा आउटफिट पहनें : मौनी रॉय

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस मौनी रॉय, जो अपनी पहली स्ट्रीमिंग सीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली की रिलीज का इंतजार कर रही हैंए इस बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें एक बेहद स्टाइलिश किरदार निभाने का मौका मिलाए जिसके लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ी। अपने किरदार के लिए उन्हें 200 आउटफिट्स और अपने बालों के साथ कई सारे एक्सपेरिमेंट करने पड़े।

मौनी क्लासिक, खूबसूरत ड्रेस और हेयर-स्टाइल के साथ रेट्रो वाइब अपनाती नजर आएंगी। सुल्तान ऑफ दिल्ली अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्ली: असेंशन' पर बेस्ड है। यह स्ट्रीमिंग के लिए बनाई गई एक लार्जर दैन लाइफ मास एंटरटेनर है।

इसमें अनुप्रिया गोयनका, हरलीन सेठी और महरीन पीरजादा के साथ ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, अनुभवी अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अपने लुक और किरदार के बारे में बात करते हुए मौनी ने कहा कि हर एक लड़की को सजने-संवरने और एकदम अलग दिखने में मजा आता है। 'सुल्तान ऑफदिल्ली' में मुझे नयनतारा के रूप में हर एपिसोड में अपनी स्टाइल और कलर स्कीम का बदलने का मौका मिला। किरदार के लिए परफेक्ट लुक ढूंढना बेहद मुश्किल काम है और मैंने 200 से ज्यादा आउटफिट्स पहनीं है और अपने बालों के साथ भी कई एक्सपेरिमेंट किए है। उन्होंने आगे कहा कि 10 से ज्यादा टेस्ट-लुक आजमाने के बादए आखिरकार हमें वह मिल गया जो हम चाहते थे। नयनतारा अपने तरीके से कहानी में काफी ग्लैमर और चमक लाती हैं। यह पहली बार है जब मैं 60 के दशक का लुक अपना रही हूं और दर्शकों को मेरा यह पक्ष दिखाने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

**बालों के साथ किए एक्सपेरिमेंट**



## हर्षोल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का आगाज

**बेंगलुरु,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। गणेश चतुर्थी सोमवार को पूरे कर्नाटक में धूमधाम से मनाई जा रही है। यह महोत्सव 10 दिनों तक चलेगा। बेंगलुरु, तटीय क्षेत्र और उत्तर व दक्षिण कर्नाटक समेत पूरे देश में विशाल गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी है। इस वर्ष यह त्योहार बहुत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है, क्योंकि पिछले वर्षों के दौरान कोविड महामारी की छाया के कारण उत्सव फीका पड़ गया था। दक्षिण कर्नाटक में, लोग सुबह.सुबह पूजा करने के लिए चींटियों की पहाड़ियों पर एकत्र हुए। मुसलमानों ने एक नेक कदम उठाते हुए बेलगावी शहर में ईद-मिलाद त्योहार के जुलूस को स्थगित करने का फैसला किया है। हिंदू समुदाय ने 28 सितम्बर को गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने का फैसला किया है और ईद का जुलूस भी 28 सितम्बर को निकाला जाना था। बेलगावी में 119 साल से गणेश उत्सव मनाया जाता है और यह जुलूस ऐतिहासिक है। चूंकि ईद-मिलाद के दौरान मुसलमान भी जुलूस निकालते हैं, इसलिए पुलिस विभाग को कानून-

**■ मुसलमानों ने बेलागवी में ईद का जुलूस किया स्थगित**



व्यवस्था की स्थिति को संभालने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। धार्मिक निकाय अंजुमन-ए-इस्लाम और मुस्लिम धार्मिक प्रमुखों ने एक बैठक की है और 1 अक्टूबर को ईद-मिलाद का जुलूस आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने कहा है कि वे गणेश उत्सव और जुलूस में भाग लेंगे और वे ईद-मिलाद में हिंदुओं को भी आमंत्रित करेंगे। बेलगावी उत्तर कांग्रेस विधायक राजू सैत ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के इस कदम से समाज में सद्भाव पैदा होगा। गणेश मंडली के आयोजक विकास कालाघाटगी ने मुस्लिम समुदाय के फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू और मुस्लिम दोनों गणेश चतुर्थी और ईद-मिलाद त्योहार मनाएंगे।

### देश के सबसे अमीर भगवान गणेश की मूर्ति का अनावरण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मध्य मुंबई के किंग सर्कल में स्थित जीएसबी सेवा मंडल ने भगवान गणपति का 360 करोड़ रुपए का बीमा कवर प्राप्त करते हुए देश के सबसे अमीर भगवान गणेश की मूर्ति का पहला लुक दुनिया के साथ साझा किया। भगवान गणपति को रविवार को सिर से लेकर पैर तक लगभग 66.6 किलोग्राम सोने और 295 किलोग्राम चांदी से सजाया गया। जिसमें एक हार है, उनके कान, हाथ और पैरों को आभूषणों से सजाया गया है, उनकी सूंड तथा अन्य अंगों को सजावटी समानों से अलंकृत किया गया है।

जीएसबी सेवा मंडल के न्यासी और प्रवक्ता अमित डी पाई ने कहा कि एक श्रद्धालु ने 200 ग्राम से ज्यादा सोना चढ़ाया है और 19 सितम्बर को उत्सव के पहले दिन अतिरिक्त 40 किलोग्राम सोना भगवान को चढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये 'नैवेद्य' 'पवित्र प्रसाद' रखने वाले बर्तनों के रूप में होंगे। जीएसबी गणपति का 360 करोड़ रुपए से ज्यादा का बीमा किया गया है। इस वर्ष जीएसबी सेवा मंडल के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव का 69वां वर्ष है।

## अध्ययन में खुलासा, एक अस्पताल के बेड का क्या है कार्बन फुटप्रिंट

**टोरंटो,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अपनी तरह के पहले स्टडी के अनुसार, एक अस्पताल का बेड लगभग पांच कनाडाई घरों के बराबर कार्बन फुटप्रिंट छोड़ता है। कार्बन फुटप्रिंट से मतलब ग्रीनहाउस गैसों (कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन) की कुल मात्रा से है जो हमारे एक्टीविटी से पैदा होती है। वाटरलू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 2019 वित्तीय वर्ष के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया के एक अस्पताल का अध्ययन किया। इसने अस्पताल के ऊर्जा और पानी के उपयोग और चिकित्सा उत्पादों की खरीद की पहचान की जो वार्षिक फुटप्रिंट के आधे से अधिक कुल 3500-5000 टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर के लिए जिम्मेदार है।

**■ एक अस्पताल का बेड लगभग पांच कनाडाई घरों के बराबर छोड़ता है कार्बन फुटप्रिंट**

जर्नल ऑफ इंडस्ट्रियल इकोलॉजी में



प्रकाशित अध्ययन के लिएए शोधकर्ताओं ने अस्पतालों द्वारा खरीदे गए हजारों उत्पादों का सांख्यिकीय नमूने के संयोजन और कार्बन तीव्रता की गणना का उपयोग कर कार्बन फुटप्रिंट का आकलन किया।

हमारे काम में, हम अक्सर पाते हैं कि सबसे बड़े पर्यावरणीय फुटप्रिंट वहीं हैं जहां आप उनसे होने की कम से कम उम्मीद करते हैं। जैसे कि कहावत है, नज़र से ओझल, दिमाग से भी ओझल। पर्यावरण, उद्यम और विकास स्कूल में पोस्टडॉक्टरल फेलो एलेक्स सिमप्रिच ने कहा कि लक्ष्य छिपे हुए पर्यावरणीय फुटप्रिंट को सामने लाना है ताकि हम उन्हें प्रबंधित करना शुरू कर सकें। परिणाम बताते हैं कि उत्सर्जन में गहरी कटौती हासिल करने के लिए अस्पताल की स्थिरता पहल पर और ध्यान देने की जरूरत है।

सिंप्रिच ने कहा कि हालांकि मरीजों और अस्पतालों को आपूर्ति किए जाने वाले उत्पादों का परिवहन और अस्पताल का कचरा पर्यावरणीय चिंता के सबसे ज्यादा दिखने वाले क्षेत्र हैं, चिकित्सा उत्पादों की आपूर्ति-श्रृंखला जैसे अन्य छिपे हुए क्षेत्रों में पर्यावरण पर बहुत बड़े प्रभाव पड़ सकते हैं। नई पद्धति अस्पताल उत्सर्जन डेटा में अभूतपूर्व स्तर की व्यापकता और विवरण लाती है जो प्रशासनिक अधिकारियों को यह आकलन करने में सक्षम कर सकती है कि उनकी पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए किन सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

## बप्पा की वजह से मैंने जीवन में कभी भी अकेलापन महसूस नहीं किया : ऋत्विक धनजानी

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्टर ऋत्विक धनजानी की गणपति बप्पा में अटूट आस्था है और वह गणेश चतुर्थी के लिए घर पर ही इको-फ्रेंडली मूर्तियां बनाते हैं। गणेश चतुर्थी त्योहार नजदीक है। हर साल की तरह उनके भक्त उनके आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर को मनाई जाएगी। अपनी नई फिल्म 'लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर' के प्रोमोशन के दौरानए ऋत्विक ने बताया कि कैसे उन्हें अपने जीवन में कभी भी अकेलेपन का एहसास नहीं हुआ। ऋत्विक ने कहा कि मैंने वास्तव में कभी कुछ नहीं खोया है। मैंने हमेशा चीज़ें ढूंढी और पाई हैं। आज मैं जहां हूं, वह उससे कहीं बेहतर है, जो मैंने कभी मांगा था। अब तक, ऐसा कुछ भी नहीं है जो मैं अपने जीवन में बदलना चाहूं, चाहे वह कोई व्यक्ति हो या कोई अनुभव। इसीलिए मैंने कभी हारा हुआ महसूस नहीं किया।



अभिनेता ने कहा कि हर किसी की तरह, मैंने भी कठिन समय का सामना किया है, लेकिन मैं इसे आशीर्वाद के रूप में भी देखता हूं। जब समय अच्छा होता है, तो यह आशीर्वाद होता है, और जब कठिन होता है, तो यह भी आशीर्वाद होता है। मुझ पर बप्पा का हाथ हमेशा है। मैंने हमेशा महसूस किया है कि मुझ पर बप्पा का आशीर्वाद है, और वह हमेशा मेरा ख्याल रखते हैं। इसलिएए मैंने जीवन में कभी भी अकेलापन महसूस नहीं किया है। ऋत्विक और अपूर्वा अरोड़ा स्टारर फिल्म 'लॉस्ट एंड फाउंड इन सिंगापुर' ध्रुव और सितारा की लव स्टोरी है।

## सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने स्त्री रोग विज्ञान के साथ त्वचा विज्ञान व सौंदर्य संबंधी सेवा की विकसित

**■ अस्पताल किफायती कीमतों पर बेहतरीन चिकित्सा देखभाल करता है प्रदान**

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के जामिया नगर शाहीन बाग स्थित सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, स्वास्थ्य सेवा उद्योग में एक प्रसिद्ध अस्पताल बन रहा है क्योंकि यह स्त्री रोग विज्ञान में विशेषज्ञता रखता है और साथ ही शीर्ष स्तर की त्वचा विज्ञान और सौंदर्य संबंधी सेवाएं भी प्रदान करता है। इन सेवाओं में अस्पताल ने खुद को और ज्यादा विकसित किया है। यह अस्पताल विविध स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करते हुए किफायती कीमतों पर बेहतरीन चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है।

कालिंदी कुंज रोड, जसोला में स्थित, सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के लिए दिल्ली और उसके बाहर के निवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अस्पताल का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि अच्छी स्वास्थ्य देखभाल सभी की पहुंच में रहे, चाहे उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।सनराइज



मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का स्त्री रोग विभाग सभी उम्र की महिलाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए, अपनी विशेषज्ञता के रूप में उभरा है। अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञों की एक टीम के नेतृत्व में विभाग पैरेंटल केयर, मातृत्व सेवाओं, स्त्री रोग संबंधी सर्जरी और प्रजनन स्वास्थ्य में माहिर है। अस्पताल के वित्तीय और रणनीतिक विभाग के गौरव त्रेहान कहते हैं, हम भारतीयों को खुद ही अपने समुदाय का सुधार करने की जरूरत है खासकर वे लोग जो कम आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं। जिस दिन हम इसे हासिल करने में कामयाब हो जाएंगे, हमारा देश सबसे बेहतर बन जाएगा।

अपनी असाधारण स्त्री रोग संबंधी सेवाओं के साथ-साथ, सनराइज मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के पास त्वचा विज्ञान और सौंदर्य सेवा विभाग में भी अनुभव है। क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों, सनराइज स्किन एंड एस्थेटिक सेंटर के सहसंस्थापक मुजीब आलम सैफी के साथ, अस्पताल कॉस्मेटिक और त्वचा संबंधी प्रक्रियाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। त्वचा कायाकल्प उपचार से लेकर उन्नत त्वचा विज्ञान समाधान तक मरीज अपनी प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने और त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए अस्पताल की टीम की विशेषज्ञता पर भरोसा कर सकते हैं।

## 73 वर्ष की हुई शबाना आजमी



**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शबाना आजमी आज 73 वर्ष की हो गई। 18 सितम्बर 1950 को जन्मीं शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी मशहूर शायर और गीतकार थे जबकि मां शौकत आजमी रंगमंच की जानी-मानी अभिनेत्री थी। शबाना ने स्नातक की पढ़ाई दिल्ली के सेंट जेवियर कालेज से पूरी की और इसके बाद उन्होंने पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लिया। पुणे में अभिनय का प्रशिक्षण हासिल करने के बाद वह अभिनेत्री बनने के लिए 1973 में मुम्बई आ गईं। यहां उनकी मुलाकात निर्माता निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास से हुई, जिन्होंने उन्हें अपनी फिल्म फासले में काम करने का प्रस्ताव किया। यह फिल्म पूरी हो पाती उससे पहले ही उनकी फिल्म अंकुर प्रदर्शित हो गई। श्याम बेनेगल के निर्देशन में बनी और 1974 में प्रदर्शित फिल्म अंकुर हैदराबाद की एक सत्य घटना पर आधारित थी। इस फिल्म में शबाना आजमी ने लक्ष्मी नामक एक ऐसी ग्रामीण युवती का किरदार निभाया, जो शहर से आये एक कालेज स्टूडेंट से प्यार कर लेती है। फिल्म के निर्माण के समय श्याम बेनेगल ने अपनी कहानी कई अभिनेत्रियों को सुनायी, लेकिन सभी ने फिल्म में काम करने से मना कर दिया। करियर के शुरुआती दौर में इस तरह का किरदार किसी भी अभिनेत्री के लिए जोखिम भरा काम हो सकता था लेकिन शबाना आजमी ने इसे एक चैलेंज के रूप में लिया और अपने सधे हुए अभिनय से समीक्षकों के साथ ही दर्शकों का भी दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गई।

वर्ष 1975 में श्याम बेनेगल की ही फिल्म निशांत में शबाना आजमी को उनके साथ फिर काम करने का मौका मिला। वर्ष 1977 शबाना आजमी के सिने करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इस वर्ष उन्हें जहां महान फिल्मकार सत्यजीत रे की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में काम करने का मौका मिला। वहीं फिल्म स्वामी में उत्कृष्ट अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। इस बीच शबाना आजमी ने व्यावसायिक सिनेमा की ओर भी अपना रख कर लिया। इस दौरान उन्हें विनोद खन्ना के साथ परवरिश और अमर अकबर एंथोनी जैसी फिल्मों में काम करने का अवसर मिलाए जिसकी सफलता ने उन्हें व्यावसायिक सिनेमा में भी स्थापित कर दिया।

वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म अर्थ शबाना आजमी के लिए करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शबाना आजमी ने एक ऐसी शादीशुदा महिला का किरदार निभाया जिसका पति उसे अन्य महिला के कारण छोड़ देता है। इस फिल्म के लिये शबाना आजमी दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1984 में शबानी आजमी की मृणाल सेन निर्देशित फिल्म खंडहर और 1985 में गौतम घोष निर्देशित फिल्म पार प्रदर्शित हुई। इन फिल्मों में उनके अभिनय के विविध रूप देखने को मिले। इन दोनों ही फिल्मों के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष 1986 में इंडो-फ्रेंच बेल्जियन स्विस प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म जेनेसिस शबाना आजमी की एक और महत्वपूर्ण फिल्म है। मृणाल सेन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदमी और औरत के बीच प्यार और उनके बीच तकरार को दिखाने के साथ ही राजस्थान के रेगिस्तान की खूबसूरती को भी पेश किया गया था । इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और ओमपुरी ने भी मुख्य भूमिकाएं निभाईं। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म फायर से शबाना आजमी को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। दीपा मेहता के निर्देशन में बनी इस विवादस्पद फिल्म में उन्होंने राधा नामक युवती का किरदार निभाया जो एक अन्य युवती से प्रेम करने लगती है। समलैंगिकता के विषय पर बनी यह फिल्म भारत में पहली ऐसी फिल्म थी।

## डेटा चोरी होने के बाद कॉइनएक्स ने हैकर्स को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनएक्स ने हैकर्स को कंपनी के साथ बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया है, साथ ही चोरी की गई संपत्ति वापस करने पर इनाम देने का भी वादा किया है।

**■ चोरी की गई संपत्ति वापस करने पर इनाम देने का भी वादा किया**

कॉइनएक्स को टारगेट बनाने वाले हैकरों की पहचान नॉर्थ-कोरियन स्पॉन्सर्ड लाजर ग्रुप के रूप में की गई है। 15 सितम्बर को, कॉइनएक्स ने ओपन लेटर में कहा कि जिसे उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हैक घटना से कंपनी ने सबक लिया है और मजबूत संपत्ति



सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक गंभीरता से लिया है। कॉइनएक्स ने हैकर्स से कहा कि हम आपसे ब्लॉकचेन पर या हमारे आधिकारिक ईमेल एड्रेस के माध्यम से हमारे साथ सक्रिय रूप से बातचीत करने का अनुरोध करते हैं। अगर आप चोरी की गई संपत्ति वापस करने के इच्छुक हैं, तो हम आपको इनाम के रूप में बग बाउंटी प्रदान करेंगे।

इसके अलावा, फर्म ने हैकर्स को भविष्य के सिक्योरिटी अपग्रेड्स पर उनके साथ काम करने का ऑफर दिया। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, कॉइनएक्स हैक 12 सितम्बर को हुआ था, जिसमें हैकर्स ने प्लेटफॉर्म के हॉट वॉलेट से लगभग 53 मिलियन डॉलर की संपत्ति निकाल ली थी।

इस घटना के कारण क्रिप्टो एक्सचेंज ने चल रही जांच के कारण सभी जमा और निकासी को रोक दिया। इस बीच, कंपनी ने एक अलग रिस्पांस अपडेट में कस्टमर को सूचित किया कि वह अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कितना पैसा चोरी हुआ, लेकिन वर्तमान निष्कर्षों से पता चला है कि प्लेटफॉर्म से रिपोर्ट की गई राशि से लगभग 70 मिलियन डॉलर अधिक की चोरी हुई है।

कॉइनएक्स ने बताया कि घटना से कुल नुकसान की गणना अभी भी की जा रही है। अब तक, अनुमानित नुकसान लगभग 70 मिलियन डॉलर है। हालांकि, यह हमारी कुल संपत्ति का केवल एक छोटा सा हिस्सा दर्शाता है।

कॉइनएक्स ने यह नहीं बताया कि सेवाएं फिर से कब शुरू होंगी, लेकिन यह जरुर बताया है कि कड़ी सुरक्षा जांच के बाद चरणों में निकासी फिर से शुरू होगी।

रायपुर, मंगलवार 19 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इतिहास से कटने और अलग दिखने की कवायद

देश के ऐतिहासिक संसद भवन में बुलाये गये अंतिम सत्र का पहला व आखिरी दिन अनुमानों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'वन मैन शो' ही रहा। सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष जिस प्रकार से मोदी ने सकारात्मक नोट से अपनी बातें प्रारम्भ कीं तथा लोकसभा के भीतर अपने उद्बोधन में भी कुछ अच्छी बातें करके लोगों को कुछ समय के लिये चकित किया, उससे लगा कि मोदी भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करते हुए यहां से बिदाई चाहते हैं। होना वही चाहिये था परन्तु अपनी तासीर के मुताबिक उन्होंने वे नकारात्मक बातें भी आखिरकार कह ही डालीं जो कम से कम ऐसे मौकों पर नहीं कहनी चाहिये थीं। बहरहाल, करीब 100 वर्ष पुराना यह संसद भवन, जो महान नेताओं के भाषणों, चर्चाओं, आरोप-प्रत्यारोपों, स्पष्टीकरणों, बयानों, अविश्वास प्रस्ताव लाने और विश्वास मत जीतने, प्रधानमंत्री समेत विभिन्न मतों की सरकारों के बनने व गिरने की अनेकानेक गाथाएं लेकर हमेशा के लिये बन्द हो रहा है। यह भी देखना होगा कि आगे इस भवन का इस्तेमाल किस तरह से मोदी सरकार करती है क्योंकि उनकी विचारधारा के विपरीत वैचारिकी व सैद्धांतिकी का प्रवर्तन करने वाली सारी इमारतों को वे ऐसा रूप देना चाहते हैं कि इतिहास उनका पीछा छोड़ दे।

यहां का सारा माल-असबाब अब नये संसद भवन में तो चला जायेगा लेकिन देखना होगा कि क्या नया संसद भवन लोकतंत्र को वैसा ही मजबूती प्रदान करेगा, जैसा इस भवन के दोनों सदनों- लोकसभा व राज्यसभा ने किया है? देखना यह भी होगा कि क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित असहमति के भी सम्मान की उज्वल परम्परा का निर्वाह नयी संसद कर पायेगी? हालांकि पिछले 9 वर्षों से अधिक समय से देश तो असहमति के कुचलने के ही दृष्टांतों का साक्षी रहा है- संसद के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी।

लोकसभा का चुनाव अगले साल के मध्य में निर्धारित है। मोदी इसके पहले ऐसा भवन बनवा लेना चाहते थे जिस पर उनका नाम ऐसा लिखा हो जो मिटाया न जा सके। सम्भवत: इसलिये कोरोना के वक्त इसका शिलान्यास हुआ और ढाई-तीन वर्षों की रिकार्ड गति से इसे पूरा कर लिया गया। यह वही समय था जब असंख्य लोग कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर की चपेट में आकर आक्सीजन, एंबुलेंसों, अस्पताल में बिस्तरों की कमी से परेशान थे। श्मशान घाटों में लम्बी कतारें लगी थीं और मृत शरीर या तो नदियों में बहाये जा रहे थे अथवा नदी किनारे रेतों में दबाये जा रहे थे। दुनिया भर में जब सारी सरकारें अपने सारे वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल लोगों के बचाने में कर रही थीं, मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा निर्बाध रूप से साकार हो रहा था। संसद लोगों के लिये होती है परन्तु यह भवन लोगों की जान की परवाह किये बगैर पूरा हो रहा है जिसमें प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बैठने का गौरव मोदी मंगलवार को प्राप्त करेंगे। एक धर्मनिरपेक्ष देश की सर्वोच्च पंचायत का उद्घाटन एक धर्म विशेष के आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ होना साफ संदेश है कि मोदी एक धर्म विशेष को वरीयता देते हैं। सबसे अच्छी बात यह होती कि इसमें सभी धर्मगुरु आमंत्रित होते। ऐसा हो तो बहुत अच्छा है।

मोदी ने आश्चर्यजनक ढंग से ऐसे अनेक नामों का उल्लेख किया जिनका उच्चारण करने से वे कतराते हैं या उनकी सार्वजनिक आलोचना करते हैं। ऐसे लोगों में कांग्रेस के प्रधानमंत्रीगण नेहरू व लालबहादुर शास्त्री से लेकर मनमोहन सिंह तक शामिल हैं। उन्होंने संसद भवन की महत्ता व शक्ति को अनेक सन्दर्भों एवं उदाहरणों से स्थापित तो किया परन्तु यह समझाने में वे असफल रहे कि अगर यह भवन इतना महत्वपूर्ण है तो उसे छोड़कर नया भवन क्यों अपनाया जा रहा है जबकि सच्चे लोकतांत्रिक देशों के सांसद अपनी ऐतिहासिक इमारतों में ही बैठकर जनसेवा करते हैं। उनका बार-बार यह कहना कि नये भवन में नयी ऊर्जा, नये संकल्पों और नये विश्वास के साथ काम होगा, कहीं से इतने बड़े निर्णय को तर्कसंगत नहीं ठहराता क्योंकि ऊर्जा, संकल्प और विश्वास का सम्बन्ध तो मन से है। भला सीमेंट और सरियों से बनी इमारत से उसका क्या लेना-देना है? आखिरकार वर्ष 1947 में 14 व 15 अगस्त की रात को नेहरू ने जो अपना महान भाषण 'नियति से साक्षात्कार' (ट्रिस्ट विद डेस्टिनी) को पढ़ा था, वह भी तो अंग्रेजों की बनवाई इसी इमारत के इसी हाल में पढ़ा था जहां खुद मोदी ने 9 वर्षों से अधिक शासन किया और कई फैसले लिये हैं। यह अलग बात है कि वे सारे असफल सिद्ध हुए जिन्होंने देश को बदहाल व विभाजित ही किया है।

सम्भवत: अपनी इन्हीं नाकामियों से पीछा छुड़ाने के अलावा इतिहास से खुद के साथ तमाम भावी पीढ़ियों को काटने के लिये मोदी नयी इमारत का रुख कर रहे हैं। शायद यह भवन उन्हें उदात्त लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मर्यादाओं की बारम्बार याद दिलाता होगा। भारत के जिन महान आदर्श पुरुषों की वे आलोचना करते हुए भी उनके समकक्ष होना चाहते हैं, उन्होंने मोदी को इस भवन की चारदीवारियों के बीच सहज नहीं होने दिया होगा। इतिहास से वे अलग दिखना चाहते हैं, इसलिये वे इससे बचकर अपने लिये अलग शरणस्थली निर्मित कर चुके हैं, जहां दूसरे दिन की कार्रवाई होगी, इस सत्र के तहत 22 सितम्बर तक होगी और आगे भी होती रहेगी। शायद मोदी सोचते होंगे कि नये भवन में जाने से इतिहास नये सिरे से लिखा जायेगा जिसमें उनकी नापसंदगी के लोग व घटनाएं नहीं होंगीं और अकेले वे ही होंगे, तो वे भूल कर रहे हैं। पते बदल जाने से इतिहास नहीं बदलता।

# विशेष सत्र, मोदी जी की वाहवाही के लिए!

संसद के रहस्यमय विशेष सत्र का रहस्य, इस सत्र की पहली बैठक से ही काफी हद तक खुल गया लगता है। ऐसा नहीं है कि तमाम संसदीय नियम-कायदों तथा जनतंत्र के तकाजों के विपरीत, मोदी मंडली ने अब भी सांसदों से भी इसकी जानकारी छुपाने की कोशिश खत्म कर दी हो कि पांच दिन के इस विशेष सत्र में, आखिर विशेष क्या होगा? हैरानी की बात नहीं है कि विशेष सत्र से ठीक पहले, संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त सभी पार्टियों की बैठक के बाद भी, राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, बहुत मुखर होकर इसकी शिकायत कर रहे थे कि इस बैठक तक में, विभिन्न पार्टियों के नेताओं को यह नहीं बताया गया कि सत्र में ठीक-ठीक, क्या-क्या होने जा रहा है। दोनों सदनों के संदर्भ में जिन कतिपय विधेयकों के लिए जाने की जानकारी आयी है, उनके अलावा भी कुछ है जो अभी नहीं बताया जा रहा है, इस धारणा को मोदी मंडली अब भी सायास बल दे रही है। और तो और, सत्र शुरू होने के ऐन पहले, संसद के बाहर मीडिया के लिए अपने एकालापी संबोधन में, प्रधानमंत्री ने जिस तरह, विशेष सत्र के 'समय में छोटा' किंतु 'ऐतिहासिक निर्णयों' से भरा होने की बात कही है, उसने भी सत्र के 'छुपे एजेंडा' की अटकलों को कुछ बल ही दिया है।

इसके बावजूद, इस विशेष सत्र की लोकसभा की पहली बैठक की शुरूआत से इस संभावना को बहुत बल मिला है कि शायद इस विशेष सत्र की मुख्य विशेषता, इसका प्रधानमंत्री की मोदी की वाहवाही का विशेष अवसर बनाया जाना ही हो। जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, लोकसभा की बैठक की शुरूआत स्पीकर द्वारा जी-20 के सफल आयोजन के लिए बधाई देने के नाम पर, प्रधानमंत्री मोदी के ''नेतृत्व'' की भूरि-भूरि प्रशंसा किए जाने के साथ हुई। और इसके फौरन बाद, 'संसद की 75 वर्ष की यात्रा' पर प्रधानमंत्री मोदी के विस्तृत संबोधन में, जी-20 की सफलता के लिए आत्मश्लाघा के इस सिलसिले को और आगे बढ़ाया गया, जिसका संकेत प्रधानमंत्री ने बैठक शुरू होने से पहले के, संसद के दरवाजे पर दिए गए अपने वक्तव्य में ही दे दिया था। और जैसाकि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, प्रधानमंत्री ने इसके साथ चंद्रयान-3 की सफलता को भी जोड़ दिया। इसके लिए वह अपने खास अंदाज में चांद पर तिरंगा फहराने के साथ ही, शिव-शक्ति पाइंट की याद दिलाना नहीं भूले।

फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के इस लगभग एक घंटे के भाषण से लोकसभा को कुछ हैरानी जरूर हुई होगी। संसद की 75 वर्ष की यात्रा की चर्चा का प्रधानमंत्री का यह भाषण, कुछ ज्यादा ही मौके के अनुरूप था। पिछले नौ साल से ज्यादा में नरेंद्र मोदी का संसद में और वास्तव में संसद के बाहर भी, दूसरा शायद ही कोई ऐसा भाषण हुआ होगा, जिसमें उन्होंने अपने से पहले के दौर को, इतनी उदारता से याद किया होगा। नरेंद्र मोदी के मुंह से पंडित जवाहरलाल नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी के लिए प्रशंसा के शब्द सुनकर, बहुतों को अवश्य हैरानी हुई होगी। जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि के ''ट्राइस्ट विद डेस्टिनी'' वाले भाषण का ही संसद की 75 साल की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने उल्लेख नहीं किया, बांग्लादेश के



राजेन्द्र शर्मा

> **मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है।**

आंदोलन के लिए इंदिरा गांधी के समर्थन और बांग्लादेश की स्थापना में योगदान का भी उल्लेख करना उन्हें जरूरी लगा। प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से ऐसे निर्विवाद और अनाक्रामक बोल सुनना, कम से कम अब बेशक हैरान करता है।

फिर भी इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन में सचमुच पूरी तटस्थता से, संसद की 75 साल की यात्रा का आख्यान प्रस्तुत करने की कोशिश की। जाहिर है कि मोदी के लिए न तो यह संभव था और न ही उनसे कोई इसकी अपेक्षा भी करता है। उल्टे मोदी से वस्तुगतता की अपेक्षा इतनी कम हो चुकी है कि उनके भाषण में खासतौर पर विपक्षियों के प्रति आक्रामकता में कमी और लंबे अर्से तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस से जुड़े अपने पूर्व-वर्तियों, विशेष रूप से नेहरू तथा इंदिरा गांधी के लिए सम्मान के दो शब्द कहने भर से, उनका भाषण हैरान करने वाला लगने लगा। वर्ना नरेंद्र मोदी की इस ओढ़ी हुई उदारता की ''सीमाएं'' भी साफ दिखाई दे रही थीं। जिस तरह उन्होंने पूर्व-प्रधानमंत्रियों में राजीव गांधी का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा और मनमोहन सिंह के कार्यकाल को किसी भी सकारात्मक चीज के लिए याद करना तो दूर रहा, सिर्फ उनके दौर में हुए ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण के लिए ही याद करना जरूरी समझा, उससे साफ था कि प्रधानमंत्री मोदी का रुख नहीं बदला था, वह सिर्फ मौके के हिसाब से अपना स्वर थोड़ा एडजस्ट कर रहे थे। वर्ना प्रधानमंत्री को इसका बखूबी पता होगा कि कैसे ''कैश फॉर वोट'' प्रकरण की जांच में आखिरकार, कुछ भी नहीं निकला था। उल्टे उस प्रकरण में मास्टर माइंड के रूप में कुख्यात हुए, दिवंगत अमर सिंह, अपने आखिरी समय में नरेंद्र मोदी की पार्टी के ही साथ जुड़ चुके थे।

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है। यह भी हैरानी की बात नहीं है कि लोकसभा के स्पीकरों का जिक्र करते हुए भी, नरेंद्र मोदी को पहले स्पीकर के बाद, सिर्फ भाजपा के दो स्पीकरों के नाम याद रहे और सोमनाथ चैटर्जी तक का नाम याद नहीं रहा। दूसरी ओर, खुद ही अपनी प्रशंसा का बाजा बजाते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में संविधान की धारा-370 का खत्म किया जाना, जीएसटी आदि, अपने हिसाब से अपनी पहले की तमाम उपलब्धियों का भी ठीक-ठाक तरीके से बखान किया, जबकि किन्हीं सीमाओं के जिक्र को अपने आस-पास फटकने तक नहीं दिया। आखिरकार, उन्हें अपने पूर्ववर्तियों के कार्यकाल की उतार-चढ़ाव भरी कहानी के सामने, अपनी सिर्फ कामयाबियों भरी कहानी जो पेश करनी थी।

फिर भी कुल मिलाकर यह प्रधानमंत्री मोदी का एक प्रकार से विदाई भाषण था। और विदाई भाषण के अनुरूप इसमें पूर्व-वर्तियों के प्रति कुछ उदारता थी और सब के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन था। हालांकि, मोदी जी को यह बखूबी याद था कि यह विदाई पुराने संसद भवन की ही थी, जिसका पता संसद की दीवारों तक के प्रति उनके कृतज्ञता ज्ञापन से लगता था, फिर भी यह भाषण सुनते हुए बहुतों को यह मोदी जी का विदाई भाषण ही लगा हो, तो हैरानी की बात नहीं होगी। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन, इस विशेष सत्र के बुलाए जाने के सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक था। याद रहे कि यह सिर्फ प्रधानमंत्री के संबोधन की बात नहीं है। यह पुराने संसद भवन से संसद के नये भवन में जाने को, अपने आप में एक बड़े और ऐतिहासिक ईवेंट का रूप दिए जाने का मामला है। और इस संबोधन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को उसी प्रकार, इस समूचे ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया जाना है, जैसे सेंगोल संस्कार के माध्यम से, प्रधानमंत्री मोदी को जून के आखिर में हुए नये संसद भवन के उद्घाटन के ईवेंट के केंद्र में स्थापित किया गया था। इस ईवेंट पर अतिरिक्त ऐतिहासिकता लादने की सचेत कोशिश में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विदाई संबोधन के आखिर में यह याद दिलाने का विशेष रूप से ध्यान रखा कि वह, वर्तमान और भविष्य के संधिकाल पर खड़े थे; वर्तमान को भविष्य से जोड़ने वाली कड़ी पर खड़े होकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। यह खुद ही अपने लिए जबर्दस्ती महानता का आविष्कार की सचेत कोशिश के सिवा और कुछ नहीं है।

पांच दिन के सत्र में से पहला दिन, 'संसदीय यात्रा' में और दूसरा दिन सांसदों के नये भवन में प्रवेश में निकल जाने के बाद, बचे हुए तीन दिनों में कोई और धमाका किए जाने के आसार कम ही हैं। उधर कांग्रेस के महिला आरक्षण का मुद्दा उठाने तथा बीआरएस के सांसदों के इस मांग पर संसद में गांधी की प्रतिमा पर प्रदर्शन करने के बाद, महिला आरक्षण के मामले में भी मोदी सरकार के कोई धमाका करने की उम्मीद लगभग खत्म ही हो गयी है। ऐसे में हैरानी की बात नहीं होगी कि संसद भवन तबादले के बाद, बाकी विशेष सत्र सरकारी काम की रस्मअदायगी में ही गुजरे और आगे कोई उल्लेखनीय ईवेंट न हो। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी की वाहवाही के इस नयी संसद ईवेंट के बाद और कोई ईवेंट होगा तो अब, इस मुख्य ईवेंट से ध्यान बंटाने का ही काम करेगा और यह मोदी जी के छवि निर्माताओं को हर्गिज मंजूर नहीं होगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव पर व्यापक बहस और चर्चा की जरूरत

■ हरिहर स्वरूप

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बहस दो संबंधित विषयों - तकनीकी व्यवहार्यता और राजनीतिक उद्देश्यों - के इर्द-गिर्द घूमती हुई प्रतीत होती है। इस मकसद के समर्थक कई तकनीकी मुद्दों को उठाते हैं -जैसे चुनाव की बढ़ती लागत, प्रशासनिक तकनीकी समस्याएं और भ्रष्टाचार की संभावनाएं, शासन पर लगातार चुनावों का नकारात्मक प्रभाव और नीतिगत पहल का चुनाव-केंद्रित होना।

ये चिंताएँ बिल्कुल नयी नहीं हैं। चुनाव सुधारों पर विभिन्न आधिकारिक रिपोर्टों, जिनमें विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट भी शामिल है, जिसका हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, ने कई मौकों पर इन महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशासनिक सवालों को उठाया है। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि ये मुद्दे हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के कार्यात्मक पहलुओं को प्रभावित करते हैं।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थीसिस के विरोधी भाजपा के राजनीतिक उत्साह पर सवाल उठाते हैं। सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रस्ताव को लागू कैसे किया जा सकता है उसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति में विपक्ष के नेता के रूप में शामिल किये गये कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति के संदर्भ की शर्तों की आलोचना की है।

> **चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है।**

अधीर रंजन चौधरी की राय में, यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है तथा 'आधारभूत रूप से गैर-व्यवहार्य और तार्किक रूप से कार्यान्वित नहीं हो सकने वाला' है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल अपनी आलोचना में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। उनके मुताबिक, 'अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो गया तो वे (भाजपा नेता) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखायेंगे।'

चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है।

विशेष रूप से, हमें एक बहुत ही बुनियादी प्रश्न की जांच करने की आवश्यकता है- औपनिवेशिक भारतीय संदर्भ में संवैधानिक लोकतंत्र और चुनावों के बीच क्या संबंध है?

हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय संविधान एक राजनीतिक आंदोलन का परिणाम है। हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम, विशेष रूप से, महात्मा गांधी के नेतृत्व में इसका प्रमुख संघर्ष, केवल उपनिवेशवाद विरोधी नहीं था, यह सामाजिक परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को प्राप्त करने में लोगों की भागीदारी के विचार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध था। यह राजनीतिक कल्पना उन संसाधनों में से एक थी जिसने संविधान सभा में विचार-विमर्श को प्रभावित किया।

संविधान ने अंतत: संसदीय लोकतंत्र को न केवल सरकार के एक रूप के रूप में, बल्कि भविष्य के भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की आकांक्षाओं को साकार करने के एक साधन के रूप में भी अपनाया। इस अर्थ में, संविधान हमें समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित एक धर्मनिरपेक्ष राजनीति बनाने के लिए लोकतंत्र का भविष्य-उन्मुख अर्थ प्रदान करता है।

हालाँकि, संविधान एक कानूनी-प्रशासनिक दस्तावेज़ भी है। इसे उस तंत्र का वर्णन करना होगा जिसके द्वारा लोकतंत्र की इस आदर्श कल्पना को वास्तविक रूप से कार्यान्वित किया जा सके। यह चुनाव के विचार को बहुत प्रासंगिक बनाता है। अनुच्छेद 324-327 को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि चुनाव को स्पष्ट रूप से धर्मनिरपेक्ष अर्थों में नागरिकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है। संविधान सरकार को यह याद दिलाता प्रतीत होता है कि लोकतंत्र एक राजनीतिक गुण है, जिसे बीआर अंबेडकर द्वारा संवैधानिक नैतिकता कहे जाने वाले सिद्धांत को विकसित करके पूरी तरह से महसूस किया जाना चाहिए; और इस तर्क के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना राजनीति को उत्तरदायी और लोकतांत्रिक बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

संविधान सर्वोच्च विधायी निकाय, संसद को इस लोकतंत्र-चुनाव संतुलन को मजबूत करने के लिए भविष्य के कानून बनाने का अधिकार देता है। साथ ही, यह अपेक्षा की जाती है कि न्यायपालिका जन-आधारित कानूनी व्याख्याओं को विकसित करके इस संवैधानिक जनादेश की फिर से रक्षा करे। बुनियादी संरचना सिद्धांत इस संबंध में एक अच्छा उदाहरण है।

## पावन प्रसंग

# आत्मा और मन की दीवाली है संवत्सरी महापर्व

आज संवत्सरी का महापर्व है। जन-जन के अन्तर्मानस में अभिनव जागृति का संदेश लेकर यह पर्व उपस्थित हो गया है। इसे क्षमा पर्व भी कहते हैं। इस पर्व को मनाने का क्या उद्देश्य है? आज ही क्यों मनाया जाता है? आगे पीछे भी तो मनाया जा सकता है, पर ऐसी बात नहीं है। इस पर्व के पीछे एक इतिहास है, उसे जानना-समझना भी प्रासंगिक है।चातुर्मास के एक सौ बीस दिनों में जब सत्तर दिन शेष रह जाते हैं और शुरु के उनपचास दिन बीतने पर जब पचासवाँ दिन आता है तो वहीं सांवत्सरिक दिवस होता है। पचासवें दिन को संवत्सरी के रूप में मनाने का क्या रहस्य है? इसे भी आप जानें।

उत्सर्पिणीकाल के पहले आरे में प्रकृति असौम्य और कुपित थी। सूर्य का ताप इतना प्रचण्ड-भीषण था कि मानव का खुले में रहना तो दूर, घूम-फिर भी नहीं सकता था। धरती की रेत-बालू का स्पर्श दहकती आग के समान था। उस समय का मानव प्रकृति की इस प्रतिकूलता के कारण- गंगा-सिन्धु नदियों के किनारे, वैताढ्य पर्वत की गुफाओं में रहता था। प्रात:काल की ठंडक में तत्कालीन मनुष्य जलीय जीवों को रेत-बालू में गाड़कर गुफाओं में चले जाते थे। शाम तक वे जीव उष्मा से पक जाते थे। तब शाम को इन्हीं जीवों का वे आहार करते थे। मनुष्य मांसभक्षी और हिंसक थे। यों कहना चाहिए कि उत्सर्पिणीकाल के पहले. आरे का मनुष्य, मानव न होकर दानव, क्रूर, असहिष्णु, हिंसक और निर्दयी था। जब दूसरा आरा शुरू हुआ तो प्रकृति ने अपना रूप बदला वह सौम्य और अनुकूल होने लगी। संवर्त्तक मेघों की वृष्टि सात दिन तक हुई। फिर सात दिन मौसम खुश्क और खुला रहा। फिर सात दिन दुग्ध वृष्टि हुई। फिर सात दिन मौसम खुला रहा। सात-सात दिन के इसी क्रम से अमृतमेघ, रसमेघ, घृतमेघ और जलमेघ लगातार वर्षे। एक कम पचास, उनपचास दिन बीते तो प्रकृति हरी-भरी हो गई। फल-फूलों से वृक्ष लद चुके थे। पचासवें दिन का मौसम बड़ा सुहाना और था। सभी मानव गुफाओं से बाहर निकले और आपस में मिलकर एक संकल्प किया-हमारे खाने को जब इतने अच्छे मीठे मधुरे फल हैं तो अब हम मांस का उपयोग क्यों करें? हम विशुद्ध शाकाहारी क्यों न बनें। इस प्रकार आज के ही दिन मनुष्यों ने क्रूरता और हिंसा का त्याग कर प्रेम का पाठ सीखा। इस प्रकार अपने अन्त:करण की शुद्धि के संकल्प का वह दिन सांवत्सरिक दिन निश्चित हुआ। यह नव वर्ष का पहला दिन है। बोलचाल, जन प्रचलन में यही सांवत्सरिक पर्व या 'संवत्सरी' के नाम से जाना जाने लगा।

संवत्सरी पर्व यद्यपि जैन समाज का महापर्व है, पर मेरी दृष्टि में तो दानवता से मानवता का वरण करने के कारण यह मानवता का महापर्व है। शास्त्रों में ऐसा उल्लेख है कि भगवान महावीर ने आत्मशुद्धि के लिए इसी दिन को सांवत्सरिक दिवस निश्चित किया-

क्षमा करें और क्षमा माँग लें, जीत है इसमें हार नहीं।
क्षमा वीर का भूषण हैं, यह कायर का व्यवहार नहीं

अन्त पुन: आप सभी से मेरा विशेष आग्रह है कि पारस्परिकता को प्रगाढ़ता दें, एक-दूसरे को ठीक तरह से समझें, किसी के प्रति कटुता और कालुष्य का भाव अपने मन में न रखें। कटुता का भाव सबसे पहले उसी का अनिष्ट करता है, जो इसे अपने भीतर स्थान देता है। क्षमा और समत्व के आधार पर सम्पूर्ण संसार में निश्चित रूप से मधुरता से परिपूर्ण वातावरण निर्मित किया जा सकता है। यदि ऐसा कुछ कर पाये और मैत्री भाव के दीप संजो सके तो यह महापर्व सम्वत्सरी सभी के लिए वरदान रूप सिद्ध होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# प्रेमी युगलों की मौतें कैसे रोकी जाएं?

लगभग प्रतिदिन प्रेमी जोड़ों द्वारा आत्महत्या कर मृत्यु का आलिंगन करने के समाचार पढ़ने को मिलते हैं। क्या कारण है कि आज भी समाज प्रेमी जोड़ों को जिंदा रहकर जीवन जीने का अवसर नहीं देता। जो युवक-युवती प्रेम विवाह करते हैं उनमें से कईयों की या तो हत्या कर दी जाती है या वे स्वयं परेशान होकर आत्महत्या कर लेते हैं। कल (17 सितंबर 2023) के अखबारों में एक प्रेमी जोड़े द्वारा की गई आत्महत्या का समाचार पढ़ने को मिला। यह जोड़ा नरसिंहपुर जिले से आत्महत्या करने के लिए भोपाल आया था। उसने एक दुर्गम स्थान पर आत्महत्या की।

कुछ दिनों पूर्व अहमदाबाद से यह समाचार आया था कि एक पूरे परिवार ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि उनके परिवार की एक बेटी ने एक दलित युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। प्रेम एक अत्यधिक पवित्र रिश्ता होता है। अनेक प्रेम के रिश्ते से किए गए विवाह आज सदियों बाद भी याद किए जाते हैं। इनमें लैला-मंजनू, शीरी-फरहाद, सोहनी-महिवाल, ब्रिटेन के राजा द्वारा प्रेम की खातिर गद्दी त्यागकर एक साधारण परिवार की लड़की से विवाह आदि शामिल हैं। ''मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई'' मीरा का यह भजन आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर है। यद्यपि इसे आध्यात्मिक प्रेम के रूप में याद किया जाता है। प्रेम पर आधारित बनीं अनेक फिल्में, कहानियां और उपन्यास बड़े चाव से देखे और पढ़े जाते हैं।

इस सबके बावजूद प्रेम हत्याओं और आत्म हत्याओं की वजह बनता है। दु:ख की बात है कि समस्या की ओर समाज का ध्यान नहीं गया है। वैसे संविधान और कानून में किसी भी वयस्क व्यक्ति को स्वयं के बारे में विवाह समेत किसी भी प्रकार का निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। परंतु किसी परिवार का वयस्क युवक या युवती स्वत: निर्णय लेकर अपने प्रेमी से विवाह कर लेता है तो उसके परिवार के सदस्यों के अहं को चोट लग जाती है और फिर वह उसकी हत्या पर आमादा हो जाता है।

इसी तरह एक परिवार ने अपनी बेटी से बदला लेने के लिए उसके साथ उसके भाई और भाभी के रहने का प्रबंध किया ताकि मौका पाकर विद्रोही बेटी की हत्या की जा सके।

मेरी राय में संपूर्ण समाज, कानूनविदों, जनप्रतिनिधियों आदि को मिलकर कोई ऐसा निदान ढूंढना चाहिए ताकि प्रेम के नाम पर और प्रेम के कारण अनावश्यक खून-खराबा बंद हो सके और प्रेम संबंधों को लेकर मधुर गीत गाए जा सकें।

**-एल. एस. हरदेनिया**

# खेल जगत

## चोटिल खिलाड़ियों को लेकर रोहित का दावा अश्विन भी वर्ल्ड कप प्लान का हिस्सा

**कोलंबो,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के विश्व कप की तैयारियों को लेकर अपने कई साथियों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने पूरा विश्वास जताया कि टीम टूर्नामेंट से पहले सभी पूरी तरह फिट हो जाएंगे। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के लिए काफी मजबूत होने के बावजूद कप्तान को कई प्रमुख खिलाड़ियों की कमी खल रही थी। इसके अतिरिक्त, घरेलू विश्व कप अभियान के लिए टीम कॉम्बिनेशन अब तक तय नहीं हुआ है। टीम के कप्तान 8 अक्टूबर को विश्व कप के पहले मैच से पहले ऑलराउंडर अक्षर पटेल और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के पूरी तरह से ठीक होने को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर कुछ समय के लिए टीम से बाहर रह सकते हैं। रोहित के हवाले से कहा गया, ऐसा लगता है कि उनके ठीक होने में शायद एक सप्ताह या दस दिन लगेंगे।



# हैरी ब्रूक वो बल्लेबाज हैं जिसकी इंग्लैंड को वर्ल्ड कप के लिए तलाश थी : मोंटी पनेसर






नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लिश टीम के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि जेसन रॉय की जगह हैरी ब्रूक को विश्व कप टीम में देर से शामिल किया गया क्योंकि यह युवा खिलाड़ी, वो बल्लेबाज है, जिसकी डिफेंडिंग चैंपियन को तलाश थी। रविवार को इंग्लैंड ने विश्व कप के लिए ब्रुक को अपनी अंतिम 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया, जबकि रॉय को शामिल नहीं किया गया। ब्रुक पिछले महीने नामित इंग्लैंड की अस्थायी 15 सदस्यीय टीम से बाहर हो गए थे। हालांकि, कई दिग्गजों ने छोटे प्रारूपों में उनके जबरदस्त फॉर्म के आधार पर उन्हें शामिल करने की मांग की थी।

पनेसर ने स्काई स्पोर्ट्स न्यूज से कहा, हैरी ब्रूक जब अस्थायी विश्व कप टीम में नहीं थे तो उनका रवैया वास्तव में अच्छा और पॉजिटिव था। उन्होंने द हंड्रेड टूर्नामेंट में 100 रन बनाए, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान उन्होंने 50 रन बनाए, जो उनका सही रवैया दिखाता है। मुझे लगता है कि उनका खेल स्पिन की तुलना में तेज गेंदबाजी के लिए अधिक उपयुक्त है और भारत में पिचों की धीमी प्रकृति के साथ, वह शीर्ष छह में कहीं भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।

33 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। पनेसर का मानना है कि इंग्लैंड भारत में अपने वनडे विश्व कप की रक्षा के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। इंग्लैंड अपने विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का टूर्नामेंट फाइनल के साथ समाप्त होगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में आयोजित होगा।

## जोफ्रा आर्चर वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की टीम में होंगे रिजर्व खिलाड़ी : ल्यूक राइट

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत में विश्व कप के रिजर्व के रूप में इंग्लैंड टीम के साथ यात्रा करेंगे। टीम के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने इसकी पुष्टि की है। चोटिल जोफ्रा आर्चर का नाम रविवार को घोषित इंग्लैंड की अंतिम 15 खिलाड़ियों की विश्व कप टीम में शामिल नहीं है। हालांकि, इस मामले में एक बड़ा अपडेट यह है कि वो टीम के साथ यात्रा करेंगे। ईसीबी के बयान के अनुसार, जोफ्रा के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि वह टीम के साथ यात्रा करें। अपने पुनर्वास के साथ काम करते रहें। फिजियो और टीम के आसपास रहें। वो इस तरह अपनी फिटनेस पर काम कर सकेंगे और सबसे बड़ी बात की टीम के साथ रहेंगे, जिससे उन्हें वापसी करने में मदद मिलेगी। आर्चर उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019 में लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप जीता था, जहां उन्होंने प्रतियोगिता में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के अलावा एक रोमांचक सुपर ओवर फेंका था। वह वर्तमान में चोट के बाद अपने पुनर्वास पर काम कर रहे हैं, तब से उनका करियर ज्यादा अच्छा नहीं रहा। उन्होंने साउथ अफ्रीका टी20 लीग के अलावा इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के दौरे पर इंग्लैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी की थी। लेकिन, लगातार कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद उन्हें बार-बार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि उन्हें आईपीएल 2023 का कार्यकाल जल्दी समाप्त कर दिया था। इंग्लैंड अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करेगा। दस टीमों का यह मेगा टूर्नामेंट 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के साथ समाप्त होगा।

# प्रशंसको का जुनून विश्व कप जीतने के इरादे को करता है मजबूत : विराट कोहली

**कोलंबो** 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्रॉफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है।

क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला रवींद्र जड़ेजा ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में यह जानने से अधिक प्रेरणादायक कुछ भी नहीं है कि लाखों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए जयकार कर रहे हैं। यह अभियान टीम इंडिया को जीतते देखने के लिए हमारे प्रशंसकों के गहरे जुनून और जुनून को दर्शाता है। यह एक यात्रा है हम पूरे देश के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।टीम इंडिया ने अपने वनडे विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महा मुकाबले से करेगी। इसके बाद मेजबान टीम नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में से भिड़ेगा। कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहली बार विश्व कप ट्राफी 1983 में वेस्टइंडीज को हरा कर उठायी थी जबकि आखिरी बार महेन्द्र सिंह धोनी के लड़ाकों ने भारत को एक बार फिर विश्वकप जिता कर भारत को क्रिकेट का सिरमौर बनाया था।



**हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं : विराट कोहली**

## वर्ल्ड कप के पहले हाफ से ट्रेविस हेड बाहर, लाबुशेन की वापसी

**जोहान्सबर्ग,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 2-3 से हार के बाद कहा कि इन फॉर्म बल्लेबाज ट्रेविस हेड चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई पारी के दौरान बल्लेबाजी करते हुए हेड की उंगली में चोट लग गई थी। बताया जा रहा है कि उनकी उंगली में फ्रैक्चर है, जिससे उबरने में उन्हें करीब एक महीने का समय लगेगा। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने इसकी पुष्टि की। एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने बताया कि चौथे वनडे के दौरान हेड के बाएं हाथ के उंगली में फ्रैक्चर है, हालांकि उन्हें सर्जरी की आवश्यकता नहीं होगी। इसलिए, वो भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप के पहले भाग में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उसे ठीक होने में करीब एक महीना लगेगा। मैकडॉनल्ड ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह फ्रंट हाफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, इसलिए अंतिम 15 खिलाड़ियों के लिए हमें निर्णय लेना होगा। लेकिन मैं आपको सटीक समय सीमा नहीं दे सकता। हेड की जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है जो इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं। मैकडॉनल्ड्स ने लेबुशेन की विश्व कप उम्मीदों के बारे में कहा, मैं चयन पैनल की ओर से बात नहीं कर सकता और उसे विश्व कप 15 में शामिल नहीं कर सकता, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी संभावना दिख रही है। टीमें 28 सितंबर की समयसीमा तक अपनी विश्व कप टीम में बदलाव कर सकती हैं।

# भारत की हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय (2771 अंक) पुरुष हॉकी टीम बीते महीने अपने घर चेन्नै में अजेय रह कर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2023 खिताब जीत इंग्लैंड (2745 अंक) को पीछे छोड़ छोड़ एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व रैंकिंग में मई 2022 के एक बरस से भी बाद फिर वापस तीसरे नंबर पहुंच गई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल सहित छह मैच जीते बस एक मैच जापान के खिलाफ मैच ड्रॉ खेला। एफआईएच ने पुरुष और महिला हॉकी विश्व रैंकिंग की घोषणा सोमवार को की,

वहीं भारत (2325 अंक) की महिला हॉकी टीम स्पेन (2173 अं) को एक पायदान पीछे छोड़ एफआईएच महिला विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि नीदरलैंड(3422 अंक) की महिला हॉकी टीम यूरो महिला हॉकी चैंपियनशिप जीत शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया(2818 अंक) की महिला टीम दूसरे और अर्जेंटीना (2767 अंक) तीसरे स्थान पर है। (जर्मनी (2574 अंक) की महिला हॉकी टीम चौथे और बेल्जियम (2609)पांचवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड(2001 अंक) नौवें और जापान (1900 अंक) दसवें स्थान और चीन(1894 अंक) अंक 11 वें स्थान पर है।



इंग्लैंड की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी चैंपियनशिप में नीदरलैंड से फाइनल में 1-2 से हार गई । नीदरलैंड (3113 अंक) की पुरुष हॉकी टीम यूरो हॉकी खिताब बरकरार रख कर शीर्ष पर बरकरार है ही उसने इससे पहले एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग खिताब खिताब जीता ही उसने भारत में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में कांसा भी जीता था। वहीं पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की उपविजेता बेल्जियम (2989 अंक) के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के तीसरे स्थान पर छलांग लगाने से इंग्लैंड की पुरुष टीम चौथे स्थान पर खिसक गई। विश्व कप चैंपियन जर्मनी (2689 अंक) की पुरुष टीम पांचवें, ऑस्ट्रेलिया (2544 अंक) छठे स्थान पर बरकरार हैं जबकि अर्जेंटीना (2350 अंक) स्पेन (2347 अंक) से एक पायदान उपर सातवें स्थान र है। वहीं फ्रांस (2052अंक ) की टीम नौवें और मई ,2022 के बाद बाद पुरुष वर्ग मे दसवें स्थान पर पहुंच गई। मलयेशिया (2041)की पुरुष टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से फाइनल में हार कर दसवें स्थान पर बरकरार है। दक्षिण कोरिया (1932) की टीम 12 वें तथा न्यूजीलैंड (1938 अंक) टीम 11वें स्थान पर है।

## एडम जाम्पा और स्टार्क होंगे भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा : अभिनव मुकुंद

**नई दिल्ली,** 18 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जाम्पा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इस सप्ताह के अंत में भारत के साथ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा खतरा होंगे। विश्व कप से पहले, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। जो 22, 24 और 27 सितंबर को मोहाली, इंदौर और राजकोट में होगी।

विश्व कप में भारत का शुरुआती मैच भी 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। ऐसे में भारत के लिए वर्ल्ड कप की तैयारी को और पुख्ता करने का यह शानदार मौका है। एडम जाम्पा ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार वनडे मैचों में आठ विकेट लिए। हालांकि, सेंचुरियन में 416 रन बनाने के दौरान मेजबान टीम साउथ अफ्रीका ने इस गेंदबाज की खूब धुनाई की थी।



वहीं, जाम्पा ने भारत के खिलाफ 14 वनडे मैचों में 29.45 की औसत से 24 विकेट लिए हैं, जिसमें इस साल चेन्नई में लिए गए 4/45 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा भी शामिल है। दूसरी ओर, स्टार्क कमर की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहने के बाद भारत के खिलाफ एक्शन में वापस आ रहे हैं। मुकुंद ने जियो सिनेमा पर कहा, मुझे लगता है कि एडम ज़ाम्पा और स्टार्क भारत के लिए सबसे बड़े ख़तरे होंगे। ज़ाम्पा ने जिस तरह से भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी की है, जरूरी नहीं कि वह आईपीएल में हो, लेकिन जब वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हैं, तो वह पूरी तरह से एक अलग खिलाड़ी होते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अगर उनके पास मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड हैं, तो मुझे लगता है कि एडम ज़ाम्पा और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने हमेशा भारत के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की है।

## गोल्फ : नेहा, त्वेसा, प्रणवी डब्ल्यूपीजीटी के 13वें चरण में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार

**गुरुग्राम,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में नेहा त्रिपाठी, महिला प्रो गोल्फ टूर के 13वें चरण के लिए कड़ी मेहनत करते हुए लगातार खिताब जीतने के लिए तैयार हैं। नेहा, जिन्होंने इस टूर पर पिछली तीन स्पर्धाओं में से दो में जीत हासिल की है और ऑर्डर ऑफ मेरिट की दौड़ में भी हैं।

इस सप्ताह मैदान में प्रणवी उर्स भी शामिल हैं, जो एशियाई खेलों के लिए खुद को तैयार कर रही हैं और त्वेसा मलिक, जिन्होंने दिखाया कि वह शानदार फिनिश के साथ खुद को फॉर्म में वापस ला रही हैं। पिछले सप्ताह के कार्यक्रम में नेहा और त्वेसा दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया था और प्रणवी उर्स के जुड़ने से इसमें और उत्साह आएगा।



इस आयोजन का इस मायने में भी काफी महत्व है कि भारतीय खिलाड़ियों को डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब का अच्छा नजारा देखने को मिलेगा, जो अगले महीने हीरो महिला इंडियन ओपन की मेजबानी करेगा। इस सीज़न के तीन बार के विजेताओं में से एक स्नेहा सिंह, लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और इस सप्ताह अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद कर रही हैं।

सहर अटवाल, जो खराब दौर से गुजर रही हैं, हिताशी बख्शी और खुशी खानिजौ भी अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगी। इस लिस्ट में महरीन भाटिया जैसे कुछ बेहद प्रतिभाशाली युवा एमेच्योर भी शामिल हैं, जो इस सीज़न में यूएस किड्स गोल्फ यूरोपियन और यूएस किड्स वर्ल्ड चैंपियनशिप के टॉप -3 में रहे। अन्य युवा शौकीनों पर नज़र रखने लायक ज़ारा आनंद और लावण्या जादोन, जन्नेया ए दासन्नी और स्मृति भार्गव होंगे।

# एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने के मकसद से उतरेंगे : शॉपमैन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 सितंबर (देशबन्धु)। शुएर्ड मराइन के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम के 2020 के टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद अपना पद छोडने् के बाद नीदरलैंड की ही यांकी शॉपमैन ने टीम के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभाली। अब शॉपमैन पर भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने मार्गदर्शन में हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों स्वर्ण पदक जिता सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने की जिम्मेदारी है। शॉपमैन ने हॉकी ते चर्चा के दौरान हांगजू एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की तैयारियों, दबाव , उम्मीदों और संभावनाओं की बाबत चर्चा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि एशियाई खेलों में हमारी खिलाडियों की बतौर खिलाड़ी और टीम जेहनी सोच बड़ा फर्क पैदा करेगी। मैं इन एशियाई खेलों में भारतीय टीम के साथ पहली बार बतौर कोच जा रही हूं। मैंने अपनी टीम की खिलाडियों को यही समझाने पर जोर दिया है कि आप किसी भी टूर्नामेंट इस सोच के साथ उतरते हैं यह सबसे अहम है अथवा यह एक महज टूर्नामेंट हैं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह आपका यह पहला टूर्नामेंट है या आखिरी। बतौर खिलाड़ी आपके लिए अहम यह है कि आप जब टूर्नामेंट में खेलने उतर रहे हैं तो आपको मौकों को पूरी तरह भुनाना होगा और अपनी कूवत दिखानी होगी। एशियाई खेलों में कामयाब होने के लिए हम मौकों को पूरी भुनाने और अपनी कूवत दिखाने के मकसद से उतरेंगे। हम हांगजू एशियाई खेलों स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं। अहम रहेगा कि क्या हम दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और सामने हालात से निपट सकते हैं। हमने बीते महीनों इस बाबत चर्चा की है। हम टोक्यो ओलंपिक में छुपे रुस्तम के रूप में उतरे थे। हमें समझना अब हांगजू एशियाई खेलों में खिताब के दावेदार होने के क्या मायने हैं।' भारतीय महिला हांकी टीम एशियाई खेलों में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ पूल ए में हैं। वहीं जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान, इंडोनेशिया की टीमें पूल बी में है। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ अपने अभियान को आगाज करने के बाद 29 सितंबर को मलयेशिया, 1 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया और 3 अक्टूबर को हांगकांग से भिड़ेगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।




यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमने इस बाबत चर्चा की कि लोग हमें कैसे देखते हैं और उनकी इन एशियाई खेलों में हमारी इस टीम से क्या उम्मीदें हैं। हम इस बाबत भी चर्चा की एशियाई खेलों में कौन से ऐसे खतरे हैं जो हमारा ध्यान भटका हमारी गाड़ी पटरी से उतार सकते हैं। हमने यह भी चर्चा की कि इन सबसे हम कैसे निपट सकते हैं। अक्सर कई बार आपके आसपास इतना कुछ घट जाता है कि अब बतौर एक कोच और खिलाड़ी यह भूल जाते हैं कि आप केवल हॉकी खेलने आए हैं। आपके लिए अपनी इस यात्रा का लुत्फ उठाना भी अहम है। मुझे अपनी भारतीय महिला हॉकी टीम से एशियाई खेलों में जीतने की उम्मीद है। मुझे लगता है हम जीत सकते हैं लेकिन यही जिंदगी है शायद हम न भी लेकिन हम न भी जीते। हम यह जानते हैं कि हम वही कर सकते थे जो हमारे बस में है। हम जानते हैं कि हमें निजी और टीम के रूप में जितना अच्छा खेलने में सक्षम थे उतना खेले और तब हमें नतीजे को भी मानना होगा। मैं बतौर कोच भारतीय टीम की लड़कियों को बस यही समझाने की कोशिश कर रही हमें मैदान पर अच्छी हॉकी खेल कर दबाव से निकलने की राह तलाशनी होगी। वह बताती हैं, हम यदि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने में कामयाब रहे तो यह यह राष्ट्रीय शिविर में सभी 34 खिलाडियों की मेहनत पर मुहर होगी। जहां तक एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुनी 18 खिलाडियों की बात यह है तो हम इसमें केवल उन्हीं खिलाडियों को शामिल नहीं कर सकते जो पहले टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेल चुकी है। ऐसे में मैं टीम पर निगाह डालते यह तलाशने की कोशिश करती हूं कि चुनी गई हर खिलाड़ी की टीम के लिए क्या अहमियत है और ये सभी किस तरह एक दूसरे के साथ कितने बढियाा ढंग से तालमेल कर सकती है।

कुछ जूनियर खिलाड़ी बीते कुछ महीनों में बहुत बेहतर हुइ है और इसीलिए वह इस भारतीय टीम का अहम हिस्सा बन गई हैं। हमने एशियाई खेलों अपने लक्ष्य की बाबत चर्चा की लेकिन आखिर सब चर्चा दबाव और जिगरे पर आकर टिक जाती है। हमें इस बाबत कुछ नहीं मालूम है कि हांगजू एशियाई खेलों में खेल गांव कैसा होगा। हमें वहां किस तरह तरह की चुनौतियों का सामना करना होगा ।

## सार संक्षेप

### ईरान, अमेरिकी पहलवानों ने विश्व चैंपियनशिप-2023 में स्वर्ण पदक जीते

**बेलग्रेड।** संयुक्त राज्य अमेरिका के डेविड मॉरिस टेलर और ईरान के अमीर हुसैन अब्बास ज़ारे ने बेलग्रेड, सर्बिया में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप में क्रमशः 86 किग्रा और 125 किग्रा ओलंपिक फ्रीस्टाइल श्रेणियों में जीत हासिल की। विश्व चैंपियन डेविड मॉरिस टेलर ने रविवार को पूर्व ओलंपिक और विश्व चैंपियन ईरान के हसन अलियाज़म यज़दानिचराती को 9-3 से हराकर अपना 86 किग्रा फ्रीस्टाइल खिताब पर एक बार फिर कब्जा किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार,125 किग्रा फ्रीस्टाइल में एक अन्य ओलंपिक कुश्ती वर्ग, जॉर्जिया के विश्व नंबर-2 जेनो पेट्रीशविली ज़ेरे से 11-0 से हार गए। गैर-ओलंपिक श्रेणियों में, अमेरिकी चैंपियन विटाली अरुजाउ ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन रूस के अबासगादज़ी मैगोमेदोव को 10-9 से हराया। 70 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में, दुनिया के नंबर-2 पहलवान संयुक्त राज्य अमेरिका के ज़ेन एलन रदरफोर्ड ने ईरान के अमीर मोहम्मद बाबाक यज़दानिचेराती को 8-5 से हराकर खिताब हासिल किया। बेलग्रेड में 2023 कुश्ती चैंपियनशिप 16 से 24 सितंबर तक चलेगी।

### विश्व कप से पहले एनरिक नॉर्टजे और सिसंदा मगाला को देना होगा फिटनेस टेस्ट

**जोहान्सबर्ग।** भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप-2023 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे और सिसंदा मगाला की उपलब्धता इस सप्ताह फिटनेस टेस्ट के बाद निर्धारित की जाएगी। इस तेज गेंदबाजों की जोड़ी को वर्ल्ड कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआती 15 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था, लेकिन तब से उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया पर हाल ही में 3-2 वनडे सीरीज की जीत में केवल एक-एक मैच खेला, क्योंकि नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में चोट लगी है, वहीं मगाला को बाएं घुटने में चोट लगी है।

**सुडोकू 6321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 19 पैसे लुढ़का

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैसे लुढ़ककर 83.35 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.16 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया छह पैसे उठकर 83.10 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस को उच्चतम स्तर पर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से यह 83.35 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया और इसी स्तर पर बंद हुआ।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 71,900 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 82.98 | 83.20 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1500-1850 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## मुंबई हवाईअड्डे पर देर से पहुंचे यात्री जोड़े और इंडिगो चालक दल के बीच तीखी नोकझोंक, वीडियो वायरल

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक हालिया वीडियो के मुताबिक, बोर्डिंग के लिए देर से पहुंचने के कारण मुंबई हवाईअड्डे पर एक जोड़े को इंडिगो एयरलाइन के चालक दल के साथ तीखी बहस करते हुए देखा गया। फुटेज के अनुसार, दंपति को अहमदाबाद के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन वे समय पर बोर्डिंग गेट तक पहुंचने में असफल रहे। 70 सेकंड का यह क्लिप 16 सितंबर को घरकेकलेश नाम के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था। इसमें हो रही गर्मागर्म बहस को 95 हजार से अधिक बार देखा गया।

एक दर्शक द्वारा रिकॉर्ड किया गया वीडियो उस व्यक्ति द्वारा एयरलाइन कर्मियों का मुखर रूप से विरोध किए जाने से शुरू होता है, जिसमें कैप्शन लिखा है : 'एक इंडिगो कर्मचारी और एक जोड़े के बीच कलह, जो मुंबई हवाईअड्डे पर बोर्डिंग के लिए देर से आ रहे हैं।' वीडियो में पुरुष, एक महिला और एक छोटा यात्री, संभवत: उनका बच्चा, बोर्डिंग गेट नंबर 50 के पास अपने केबिन बैग पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अहमदाबाद के लिए उड़ान का संकेत देता है।




- **70 सेकंड का यह क्लिप 16 सितंबर को घरकेकलेश नाम के एक्स हैंडल द्वारा साझा किया गया था**
- **यह क्लिप 95 हजार से अधिक बार देखा गया**

ग्राउंड स्टाफ सदस्य, जो उनके गुस्से का निशाना है, फोन पर बातचीत करते हुए बातचीत में शामिल होने का प्रयास करता दिखाई देता है।

वीडियो क्लिप के आधार पर घटना का सटीक विवरण अस्पष्ट है। फुटेज को बोर्डिंग गेट के आसपास बैठे एक व्यक्ति द्वारा फिल्माया गया था और यह अज्ञात है कि क्या युगल अंतत: उड़ान में चढ़ने में कामयाब रहे या क्या उन्हें वास्तव में उतार दिया गया था। एयरलाइन ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## बायजू,स ने नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का बकाया चुकाने में 'देरी' पर खेद जताया

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। एडटेक प्रमुख बायजूस ने सोमवार को कहा कि वह 'कठिन व्यवसाय पुनर्गठन' के बीच नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का पूरा और अंतिम बकाया जल्द ही चुका देगी। एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसे 'पूर्व कर्मचारियों के बकाया भुगतान में देरी के लिए खेद है और स्वीकार करती है। इसमें कहा गया है, 'जैसा कि हम एक कठिन व्यवसाय पुनर्गठन के माध्यम से काम कर रहे हैं, हम अपने सभी दायित्वों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' जैसा कि मीडिया में बताया गया है, बर्खास्त कर्मचारियों को एक ईमेल में दी गई नई समयसीमा के अनुसार, वे अब 17 नवंबर तक अपना बकाया भुगतान प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं, जबकि पहले 15 सितम्बर की समय-सीमा थी। ईमेल में लिखा है, 'आपको सूचित किया जाता है कि पूर्ण और अंतिम निपटान राशि 17 नवंबर 2023 तक जारी कर दी जाएगी। असुविधा के लिए हमें खेद है।'




बायजूस ने इस साल जून में मेंटरिंग, लॉजिस्टिक्स, ट्रेनिंग, सेल्स, पोस्ट-सेल्स और फाइनेंस सहित विभिन्न विभागों से लगभग 1,000 कर्मचारियों को निकाल दिया। इस बीच, एडटेक प्रमुख 80 करोड़ से 1 अरब डॉलर रकम जुटाने के लिए एपिक और ग्रेट लर्निंग जैसी अपनी कुछ सहायक कंपनियों को बेचने पर विचार कर रही है। ऐसी खबरों के बीच कि कंपनी ने अपने बकाया 1.2 अरब डॉलर टर्म लोन बी (टीएलबी) को चुकाने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, बायजूस यूएस-आधारित किड्स लर्निंग प्लेटफॉर्म एपिक से 40 से 50 करोड़ डॉलर तक जुटाने की योजना बना रहा है, जिसे उसने मई 2022 में लगभग 50 करोड़ डॉलर में अधिग्रहीत किया था। सूत्रों ने कहा कि एडटेक प्रमुख शिक्षा और अपस्किलिंग फर्म ग्रेट लर्निंग को बेचने और 500 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाने पर भी विचार कर रही है।

ऐसी खबरें भी सामने आईं कि कंपनी प्रस्ताव स्वीकार होने पर तीन महीने के भीतर 30 करोड़ डॉलर का कर्ज चुकाने की पेशकश कर रही है, जबकि शेष राशि अगले तीन महीनों में चुकाएगी। कथित तौर पर ऋणदाता बायजू स के प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं।

## चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष में 16 सितम्बर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़कर 865117 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 700416 करोड़ रुपए की तुलना में 23.51 प्रतिशत अधिक है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8,65,117 करोड़ रुपए में कारपोरेट कर (सीआईटी) 4,16,217 करोड़ रुपए और प्रतिभूति लेनदेन कर सहित व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) 447291 करोड़ रुपए रहा है। इस अवधि में प्रत्यक्ष कर का सकल संग्रह 9,87,061 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8,34,469 करोड़ रुपए की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम कर संग्रह 3,55,481 करोड़ रुपए जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 2,94,433 करोड़ रुपए रहा था। चालू वित्त वर्ष में अब तक 121944 करोड़ रुपए का रिफंड किया जा चुका है।




## एलआईसी कर्मचारियों को मिलेगा पारिवारिक पेंशन, एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने सोमवार को एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन की घोषणा की।

इसने एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी सीमा को तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया है। एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्रालय ने कहा कि इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाजी स्थिति और लाभों में पर्याप्त सुधार आएगा। एजेंटों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवर को भी मौजूदा सीमा तीन हजार - 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार - डेढ़ लाख रुपए कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि टर्म इंश्योरेंस में इस बढ़ोतरी से मृत एजेंटों के परिवारों को काफी फायदा होगा, जिससे उन्हें अधिक कल्याणकारी लाभ मिलेगा। सरकार ने पुनर्नियुक्त एजेंटों को नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र बनाने में भी सक्षम बनाया है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधान हुआ है।




वर्तमान में, एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत पूरे किए गए किसी भी व्यवसाय पर नवीनीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं। एक बयान में कहा गया है कि 13 लाख से अधिक एजेंट और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी, जो एलआईसी के विकास और भारत में बीमा पैठ को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इन कल्याणकारी उपायों से लाभान्वित होंगे। कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और पारिवारिक पेंशन की एक समान दर सहित अन्य से संबंधित हैं।

- **सरकार ने सोमवार को एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए 30 प्रतिशत की एक समान दर पर पारिवारिक पेंशन की घोषणा की**

## सार संक्षेप

### भारत का सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है आईटेल, कीमत 10 हजार से भी कम

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन पर देश में 10,000 रुपए से भी कम कीमत पर आईटेल मोबाइल इंडिया भारत का एकमात्र 5जी-सक्षम स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी में है। सूत्रों ने सोमवार को आईएएनएस को बताया कि बहुप्रतीक्षित 5जी मार्वेल, आईटेल पी55 5जी जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए तैयार है। पिछले साक्षात्कारों में, आईटेल के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने 2023 में 5जी स्मार्टफोन के लॉन्च की ओर इशारा किया था। पी55 5जी के अनावरण के साथ, अब यह वास्तव में लॉन्च होने वाला है। भारतीय बाजार में शुरूआत से ही आईटेल सभी के लिए टेक्नोलॉजी पहुंचाने में सबसे आगे रहा है। 5जी की आवश्यकता को पहचानते हुए ब्रांड एक कुशल और शक्तिशाली स्मार्टफोन लेकर आ रहा है जो भारत के लिए बजट के अनुकूल है। आने वाला स्मार्टफोन न केवल सीमाओं को आगे बढ़ाने का वादा करता है बल्कि 10,000 रुपए में आईटेल के प्रभुत्व को भी बढ़ाने का वादा करता है। उनका नया ब्रांड विज़न, हैशटैग जोड़े इंडिया का हर दिल आईटेल प्रौद्योगिकी की शक्ति के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उनकी प्रतिबद्धता के बारे में बहुत कुछ बताता है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, आईटेल ने पहले ही 8,000 रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में लाखों लोगों के दिलों पर कब्जा किया है। पहली बार खरीदने वालों में रिपीट यूजर्स का अनुपात सबसे ज्यादा है।


### फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लॉन्च

नई दिल्ली। पेयपदार्थ फ्रेस्का जूस ने अपना नया उत्पाद फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लांच करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लगातार हलचल भरे भारतीय बाजार में इस उत्पाद के साथ धूम मचाने की तैयारी है। अल्फांसो आम के स्वाद के साथ 200 मिलीलीटर का एसेप्टिक पैक वाला फ्रेस्का गोल्ड आम का रस उतरा गया है। दरअसल, भारत का फ्रेट ड्रिंक एवं फ्रेट जूस मार्केट 15 हजार करोड़ रुपए का है। कंपनी ने कहा कि वह सिर्फ नाम के लिए इस बाजार में नहीं है बल्कि वह यहां अपनी अलग पहचान बनाने आयी है। उसने कहा कि क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी दूसरा ब्रांड अविश्वसनीय कीमत पर इतनी उच्च गुणवत्ता वाला आम रस मुहैया नहीं करा पा रहा है। लेकिन यह अपनेआप में कंप्लीट पैकेजिंग है। इसका कीटाणुनाशक लेमिनेटेड कार्टन कलर पैक बाजार में पहली बार आया है। इसकी पैकिंग पर होलोग्राफिक स्टैम्पिंग वाला मैजिक है, जो ग्राहकों के लिए प्रामाणिकता और सुरक्षा की गारंटी है और उन्हें आम का रस खरीदने के लिए बाध्य करेगा। उसने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों और 5 लाख से अधिक खुदरा दुकानों तक फैले वितरण नेटवर्क के साथ फ्रेस्का गोल्ड आम का रस जल्द ही राजसी कश्मीर से लेकर जीवंत वाराणसी तक हर घर का पसंदीदा बन जाएगा।

## गयारह दिन की तेजी गंवाकर लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड और जापान में केंद्रीय बैंक की बैठकों से भरे इस सप्ताह से पहले विकास संबंधी चिंताओं को लेकर विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार पिछले लगातार दिन की तेजी गंवाकर लुढ़क गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 241.79 अंक की गिरावट लेकर 67596.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 59.05 अंक टूटकर 20133.30 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत उतरकर 32,418.81 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत लुढ़ककर 37,601.16 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2082 में बिकवाली जबकि 1695 में लिवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 26 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 24 तेजी पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.96, ऊर्जा 0.03, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 0.61, इंडस्ट्रियल्स 0.19, आईटी 0.78, दूरसंचार 1.86, बैंकिंग 0.45, धातु 0.89, रियल्टी 1.27, टेक 0.92 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत लुढ़क गये। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31, जर्मनी का डैक्स 0.59 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.39 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 1.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की तेजी रही।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 173 अंक की गिरावट लेकर 67,665.58 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से दोपहर तक 67,803.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,532.83 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,838.63 अंक के मुकाबले 0.36 प्रतिशत टूटकर 67,596.84 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 36 अंक फिसलकर 20,155.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,195.35 अंक के उच्चतम जबकि 20,115.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,192.35 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत उतरकर 20,133.30 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 1.98, भारती एयरटेल 1.71, इंफोसिस 1.40, अल्ट्रासिमको 1.36, टाटा स्टील 1.21, विप्रो 1.17, कोटक बैंक 1.02, रिलायंस 0.98, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.58, टेक महिंद्रा 0.58, सन फार्मा 0.33, आईसीआईसीआई बैंक 0.19, एक्सिस बैंक 0.18 और मारुति 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 3.01, टाइटन 2.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.65, एनटीपीसी 2.07, बजाज फिनसर्व 1.35, टाटा मोटर्स 1.02, एसबीआई 0.93, आईटीसी 0.78, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.71, बजाज फाइनेंस 0.70, एशियन पेंट 0.67, नेस्ले इंडिया 0.65, एलटी 0.30, इंडसइंड बैंक 0.28 और टीसीएस ने 0.14 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 25 सितम्बर को खुलेगा

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। जेएसडब्ल्यू समूह की वाणिज्यिक बंदरगाह संचालन करने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का पूंजी बाजार से 2800 करोड़ रुपए जुटाने का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को खुलेगा। कंपनी के सीईओ ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि दो अंकित मूल्य के एक शेयर का मूल्य दायरा 113 रुपए से 119 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ 27 सितंबर को बंद होगा। इसके लिए निवेशक न्यूनतम 126 शेयर की बोली लगा सकेंगे और इसी गुणांक में आगे शेयर जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बंदरगाह से संबंधित बुनियादी ढांचे वाली कंपनी है जिसे एंकर ग्राहक के रूप में जेएसडब्ल्यू ग्रुप से प्रारंभिक कार्गो मिला। ग्रुप के ग्राहकों के साथ साझेदारी के अलावा, अपनी विकास रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीसरे पक्ष के ग्राहकों को शामिल करने के लिए अपने ग्राहक आधार में विविधता लाई है और अपने कार्गो का विस्तार किया है। 30 जून, 2023 तक, कंपनी की स्थापित कार्गो हैंडलिंग क्षमता 15.84 करोड़ टन प्रति वर्ष थी। कंपनी अपने ग्राहकों को कार्गो हैंडलिंग, भंडारण समाधान, लॉजिस्टिक्स सेवाओं और अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं सहित समुद्र से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के संचालन का विस्तार मोर्मुगाओ, गोवा में एक बंदरगाह सुविधा से 2004 में संचालन शुरू किया, से 30 जून, 2023 तक नौ बंदरगाह सुविधाओं तक हुआ। इसकी महाराष्ट्र में स्थित गैर-प्रमुख बंदरगाहों और पश्चिमी तट पर गोवा और कर्नाटक के औद्योगिक क्षेत्रों और पूर्वी तट पर ओडिशा और तमिलनाडु के प्रमुख बंदरगाहों पर स्थित बंदरगाह टर्मिनल के साथ पूरे भारत में विविध उपस्थिति है।




## अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिरे

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 59 रिंगिट गिरकर 3670 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट के साथ 61.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए और वनस्पति तेल 267 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में टिकाव रहा।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

## इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने देश में निवेश दोगुना करने की फॉक्सकॉन की योजना का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार भारत में अपनी विनिर्माण क्षमता दोगुनी करने की ताइवानी इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समर्थन करने के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' है। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में अनुबंध पर सबसे बड़ी निर्माता फॉक्सकॉन चीन के बाहर एक वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला स्थापित करने के लिए भारत मे अवसर तलाश रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के अवसर पर फॉक्सकॉन इंडिया के प्रतिनिधि वी ली के लिंक्डइन पोस्ट के जवाब में वैष्णव ने एक्स पर कहा, 'समर्थन और सुविधा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध, जिसमें उन्होंने कहा था कि कंपनी ने 'भारत में रोजगार, एफडीआई (विदेशी प्रत्यक्ष विदेशी) और व्यवसाय के आकार को अगले एक साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।' फॉक्सकॉन ऐप्पल आईफोन का मुख्य असेंबलर है और दोनों कंपनियां चीन से दूर जाकर वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला बनाने की इच्छुक हैं। दक्षिण चीन सागर में अपनी सैन्य ताकत और दुनिया भर में जीवन और आजीविका को नष्ट करने वाली कोविड-19 महामारी के प्रसार में संदिग्ध भूमिका के कारण कम्युनिस्ट दिग्गज अलग-थलग पड़ गया है।




फॉक्सकॉन के पास पहले से ही तमिलनाडु में एक आईफोन फैक्ट्री है, जिसमें 40 हजार लोग कार्यरत हैं और उसने राज्य में एक नई इलेक्ट्रॉनिक्स घटक इकाई में 1,600 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे छह हजार नौकरियां पैदा होंगी। कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि वह तेलंगाना में अपनी विनिर्माण सुविधा में अतिरिक्त 3,300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इससे राज्य में कंपनी का कुल निवेश 4,550 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा। फॉक्सकॉन इंटरकनेक्ट टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एफआईटी) द्वारा स्थापित की जा रही आगामी इकाई, एप्पल एक्सेसरीज़ का निर्माण करेगी और हैदराबाद के बाहरी इलाके कोंगारा कलां में स्थित है। इसके अलावा, कंपनी ने अगस्त में यह भी घोषणा की थी कि वह कर्नाटक में आईफोन के लिए केसिंग कंपोनेंट और चिप बनाने वाले उपकरण बनाने के लिए राज्य में दो परियोजनाओं के लिए पांच हजार करोड़ रुपए (60 करोड़ डॉलर) का निवेश करेगी। फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू ने हाल ही में वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए आयोजित सेमीकॉनइंडिया 2023 कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था, जिसका उद्घाटन हाल ही में गांधीनगर में नरेंद्र मोदी ने किया था। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष ने कार्यक्रम में कहा, 'मैं भारत सरकार के दृढ़ संकल्प को महसूस कर सकता हूं।




# आदिवासी संस्कृति का संवर्धन









- पर्व-त्यौहारों के आयोजन के लिए पंचायतों को अब मिल रहा है प्रति वर्ष **10000 रु.** का अनुदान
- **1840** ग्राम पंचायतों को मिला अनुदान

## मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना



गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ शासन

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कुली से पूछा-भाई साहब, पूछताछ कार्यालय कहां है?
कुली ने जवाब दिया -मुझे भी नहीं पता! आगे जाकर left side में Enquiry Office है, वहां पता करो।

## संपादकीय

### चावल और चुनाव

छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि उत्पाद धान है। धान पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तो निर्भर है ही, लगता है कि कुछ ही महीनों के बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव का भी यही मुद्दा होगा। दोनों प्रमुख दल यानी सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी चावल के मसले पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।

इसी माह की 9 तारीख को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने ध्यान में लाया था कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रु. चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। उसके कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र को एक पत्र भेजकर सेंट्रल पूल में चावल न घटाने का अनुरोध किया है। इस मद में 86.5 लाख टन उठाव का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा था जिसे केन्द्र ने घटाकर 61 लाख टन कर दिया है। चावल पैकिंग के बारदानों को न घटाने का भी आग्रह सीएम ने किया था।

इन मांगों और छग की ज़रूरतों पर केन्द्र सरकार क्या करने जा रही है, यह तो ज्ञात न हो सका परन्तु केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल अचानक शुक्रवार को रायपुर पहुंच गये और उन्होंने कथित चावल घोटाले की जांच शुरू कर दी। भारतीय खाद्य निगम का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बड़ा चावल घोटाला हुआ है। उनके अनुसार बघेल ने 86 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने को लेकर केन्द्र को जो पत्र लिखा है उसका उद्देश्य चुनावी वर्ष में राज्य के किसानों में भ्रम फैलाना है। गोयल का कहना था कि जब राज्य ने पिछले वर्ष का 61 लाख मीट्रिक टन ही नहीं दिया है तो 86.5 लाख मी. ट. कहां से दिया जा सकता है। खासकर, जब राज्य में इसका इतना उत्पादन ही नहीं हो रहा है। इसलिये इसमें घोटाला होने की पूरी आशंका है। केन्द्रीय मंत्री का यह भी दावा था कि अगर राज्य पूरी ईमानदारी बरते तो केन्द्र 100 लाख मी.ट. चावल लेने के लिये भी तैयार है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में भी गोयल का कहना था कि सारा पैसा केन्द्र दे रही है-एमएसपी एवं सम्मान राशि के रूप में। उनका कहना था कि केन्द्र को कई शिकायतें इस बाबत मिली हैं इसलिये वे जांच के लिये आये हैं। साथ ही, 24 से 27 जुलाई तक यहां उनके विभाग की ओर से जांच के लिये अधिकारियों की टीम भेजी गयी थी।

मुख्यमंत्री का इन आरोपों पर दावा है कि यह चुनावी वर्ष है इसलिये मुद्दाविहीन भाजपा का यह चुनावी प्रलाप है। बघेल के अनुसार पहले भी जांच हुई पर कुछ नहीं निकला। जो भी हो, केन्द्र एवं सरकार इसे चुनावी मुद्दा न बनाये क्योंकि यह छग के लिये महत्वपूर्ण मुद्दा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया तीजा का पर्व

## रेत से शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाकर की पूजा



**जगदलपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। महिलाओं व युवतियों ने हरितालिका तीज व्रत रवि योग में सोमवार को मनाया। 24 घंटे का निर्जला व्रत रख महिलाओं ने इंद्रावती नदी के जल और रेत को घर लाकर शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाई और विधि-विधान से पूजा की। शहर में महादेव घाट, खड़कघाट, गोरियाबहार नाला, पुराने पुल में रेत लेने महिलाएं पहुंचीं। इसके अलावा शिव मंदिरों में पूजा की गई। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की। महादेव घाट में इंद्रावती नदी से लेकर घर जा रही महिलाओं ने बताया कि नदी की रेत से शिव, पार्वती, गणेश की मूर्ति बनाकर पूजा करेंगे और पति की दीर्घायु के लिए कामना करेंगे। इसके साथ ही घर में अखंड ज्योत जलाएंगे। निर्जला व्रत रख महिलाओं और युवतियों ने रेत से बनाई गई मूर्तियों की मंगलरवार सुबह नदी, नाले में जाकर विसर्जन करेंगी। इसके बाद जल, अन्न ग्रहण करेंगी। इससे पहले सोमवार को गोल बाजार के साथ ही संजय बाजार और अन्य जगहों पर पूजन सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही है। इस दौरान पूजन सामग्रियों के रेट बढ़ने का असर नहीं दिखा। आलम यह रहा दो दिन पहले तक एक गेंदा फूल की माला 20 रूपए में बिकी तो उसे सोमवार को 30-40 रूपए में लोगों ने खरीदा। इसके अलावा मनिहारी दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। त्योहार के चलते सारा बाजार गुलजार रहा।

## तीजा जगार में शामिल हुए रेखचंद एवं सुशील



**जगदलपुर।** माता संतोषी वार्ड के सोनार गली में आयोजित तीजा जगार में विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन और शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य शामिल हुए। विधि विधान से पूजा कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ के सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार ने तीजा अवकाश घोषित किया है, तीजा जगार हमारी संस्कृति है। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर निगम की सभापति कविता साहू, पार्षद सुखराम नाग, वरिष्ठ नेता गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, अवधेश झा, विजय सिंह, समाजसेवी निर्मल लोढ़ा, अभिषेक नायडू समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# विधायक मण्डावी विश्वकर्मा जयंती में शामिल हुई



**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राज मिस्त्री(मजदूर) संघ भानुप्रतापपुर में ग्राम पंचायत नारायणपुर के बसन्त नगर में बतौर मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मण्डावी शामिल हुई।अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने किया।भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजा किया गया।बहुत लंबे समय से मांग था कि राज मिस्त्री(मजदूर)संघ भानुप्रतापपुर का अपना हो उसको पूरा करते हुए भवन का भूमिपूजन किया गया।विधायक ने अपने सम्बोधन में सभी को वास्तुकला में सर्वश्रेष्ठ एवं सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जयंती की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उपचुनाव में आप लोगो का आशीर्वाद मिला हमेशा ऐसे ही आशीर्वाद बनाए रखिएगा।कोशिश कर रही हूँ कि जितना हो सके अपने क्षेत्र का विकास हो। भानुप्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र में हर समाज का अपना भवन है।सरकार की जनकल्याण योजनाओं के बारे में बताया कि कैसे हमारी कॉंग्रेस की सरकार सभी वर्ग में लिए काम कर रही हैं। महिलाएं भी सशक्त हो रही है,गौठान,रीपा,स्वामी आत्मानन्द स्कूल/कॉलेज,किसानों की कर्जा माफ़,बेरोजगारी भत्ता,ऐसे बहुत काम है। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रतापपुर वीरेन्द्र सिंह,विजय धामेचा,अमर कचलाम,हर्ष श्रीवास्तव, अनुराग शर्मा कॉंग्रेस कार्यकता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस ने मनाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर की 67वीं पुण्यतिथि



**जगदलपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय राजीव भवन में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर की 67 वीं पुण्यतिथि सादगीपूर्ण मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। ततपश्चात संगोष्ठी सभा आयोजित कर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बैरिस्टर छेदीलाल के योगदान को याद करते कहा कि युवाओं में राष्टीयता की भावना जागृत कर स्वतंत्रता आंदोलनों से जोड़ने में बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। छेदीलाल ठाकुर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। महात्मा गांधी के आह्वान पर वे वकालत छोड़कर असहयोग आंदोलन को मजबूत करने में लग गए। छग के बिलासपुर अंचल में जागृति फैलाने के लिए उन्होंने रामलीला के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता के लिए जागृत किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यटन नगरी बारसूर में पूरे साल भर होती है गणेश पूजा



**ऐतिहासिक पाषाण प्रतिमा को दुनिया में मिली है ख्याति**

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर की पर्यटन नगरी बारसूर की ऐतिहासिक गणेश प्रतिमा हमेशा पूजनीय रही है। यहां केवल 11 दिन नहीं बल्कि पूरे साल भर भगवान विघ्नहर्ता पूजे जाते हैं। धार्मिक आस्था के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी देश के अलग-अलग हिस्सों से पर्यटक भगवान गणपति की पूजा और दर्शन के लिए बारसूर पहुंचते हैं। गणेश चतुर्थी पर भी पर्यटक यहां भक्ति भावना के साथ जुट रहे हैं।

आज गणेश चतुर्थी पर एशिया की सबसे ऊंची गणेश जी की प्रतिमा को देखने तथा बारसूर की एतिहासिक जानकारी हासिल करने कई पर्यटक बारसूर आए थे। नवरात्रि और सावन के महीने में अधिकाधिक संख्या में सैलानी बारसूर आते हैं। बारसूर पर्यटन नगरी में छिंदक नागवंशी के शासन काल में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा विश्व विख्यात है। बताया जाता है कि लगभग एक हजार वर्ष 11-12 वीं शताब्दी में गणेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# हिंदू बुजुर्ग से पास्टर द्वारा मारपीट का मामला



**ग्रामीणों ने विहिप बजरंग दल के साथ ली बैठक**

**जगदलपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। नगरनार के सेमरा में हिंदू बुजुर्ग से पास्टर जीतू द्वारा मारपीट के मामले को लेकर ग्रामीणों ने विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के साथ बैठक की जिसमें बैठक के दौरान विहिप पदाधिकारी, पुलिस विभाग, ग्राम के सरपंच पंच सहित ग्राम वासी की उपस्थिति में एक शिकायत नगरनार थाने को रामसाय को मारपीट करने वाले पास्टर जीतू के खिलाफ़ व एस डी एम को ग्राम में शासकीय भूमि मे अवैध रूप से चर्च निर्माण के संबंध मे शिकायत पत्र सौंपा।

सरपंच बुदरी बघेल ने बताया कि पास्टर जीतू द्वारा रामसाय के साथ मारपीट किया गया है और ग्राम में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से चर्च निर्माण भी किया जा रहा है जिसकी शिकायत एस डी एम को कर दी गयी है। पीड़ित रामसाय ने बताया की उसके रिश्तेदार कुरसोनाथ की मृत्यु 3 दिन पूर्व हुई थी जिनका हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार हुआ। जिसके आगामी रीति रिवाज 10 दिनों बाद तय थी, किंतु 3 दिनों में कार्य पूर्ण करने बिना मुझे सूचना देकर पास्टर जीतू द्वारा बैठक लिया गया, जहाँ मुझे जानकारी मिलने पर बैठक स्थल पर गया और प्रश्न करने पर मेरे साथ मारपीट गाली गलौच और जान से मारने की कोशिस पास्टर जीतू द्वारा किया गया, जहाँ मुझे ग्राम के कुछ लोगों ने बचाया, तत् पश्चात मैंने विहिप के पदाधिकारी व पुलिस को सूचना देकर थाने में शिकायत की। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष पवन राजपुत ने मृत कुरसो नाथ की मृत्यु संस्कार में हिंदू रीति रिवाज को परिवर्तित कर अलग दिशा में ले जाकर धर्मांतरण करने का आरोप पास्टर जीतू पर लगाया है। पवन राजपूत ने कहा कि यदि हिंदू समाज को न्याय नहीं मिलता है तो विश्व हिंदू परिषद कठोर कार्यवाही करने बाध्य होगा। बैठक में विहिप के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख शैलेंद्र श्रीवास्तव,विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी,नगर अध्यक्ष पवन राजपूत, जिला गौ रक्षा प्रमुख मुन्ना बजरंगी,नगर सह संयोजक भवानी चौहान,नगर सासाहिक मिलन प्रमुख सन्नी रैली सहित ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# साहित्यकारों की वेशभूषा में राजभाषा का सम्मान




- **हिन्दी दिवस पर आस्था विद्या मंदिर में विविध आयोजन**
- **छात्रों को मिली दैनिक जीवन में हिन्दी के उपयोग की प्रेरणा**

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई के दिशा निर्देशों के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। छात्र-छात्राओं को हिन्दी के प्रति रुचि, सम्मान और दैनिक जीवन में हिन्दी के उपयोग करने की प्रेरणा दी गई।

हिंदी साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह जिन्होंने हिन्दी को भारत की राजभाषा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उनके जन्मदिवस पर समर्थन और स्नेह का इजहार करते हुए भारत के राजभाषा हिन्दी को सम्मान के साथ हिंदी कवियों एवं साहित्यकारों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता पठन, प्रश्नोत्तरी, पहलियाँ, शब्दावली, भाषण प्रतियोगिताएं एवं मिडिल तथा प्राथमिक स्तर बच्चों के लिए निबंध, नारा, कविता लेखन आयोजित की गई। हिन्दी भाषा के विकास और विस्तार हेतु कई सुझाव भी दिये गए। हिंदी भाषा के महान साहित्यकार, कवि व लेखक को याद दिलाते कबीर दास, सूर दास, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा, मीरा बाई, रामधारी सिंह दिनकर के बहुरूपी पोषाक से बच्चों ने उनके वाणी व विचारों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गोपाल पांडे, उप प्राचार्य रवींद्रनाथ पाणिग्रही, प्रमोद गुप्ता ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। विद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक विकास बैन, हरिशंकर वर्मा, हिंदी शिक्षकों अशिमानंद बाईपरी, जय प्रकाश यदु, स्वेता जैन, टिंकी साहू, मिथलीश्वर जैन ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम व पाठ्यक्रमेतर हिंदी भाषा के उद्देश्य, आवश्यकताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ ने आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण के लिए खतरा प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां



- **मिट्टी या गोबर से बनी गणेश और दुर्गा की मूर्ति की हो पूजा**
- **ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया का आह्वान**

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पौराणिक कथा के अनुसार मिट्टी से बनी मूर्ति में भगवान गणेश जी, मां दुर्गा, काली माता, लक्ष्मी माता, सरस्वती माता का वास होता है। मिट्टी के बने हुए गणेश जी से माँ लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं साथ ही मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा की पूजा करने से कई यज्ञों का फल मिलता है।

ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के द्वारा पर्यावरण सरंक्षण अभियान के तहत भगवान गणेश जी की मिट्टी या गोबर से बनी मूर्ति पूजा करने की अपील की गई है। ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने कहा कि मिट्टी की मूर्ति से पूजा करने से सकारात्मक ऊर्जा भी मिलती है। प्लास्टर ऑफ पेरिस पीओपी से बनी मूर्ति पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, जबकि मिट्टी से बनी मूर्ति पर्यावरण को संरक्षण देती है। इसलिए सभी को ईको फ्रेंडली मिट्टी की मूर्ति लेकर ही विराजमान करनी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अभियंता पिता की स्मृति में अभियंताओं का सम्मान



- **गोस्वामी परिवार की अनुकरणीय पहल**
- **अभियंता दिवस पर विगत 8 वर्षो से सम्मान की परम्परा**

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में अभियंता दिवस पर अपने अभियंता पिता की स्मृति में पत्रकार अविनाश गोस्वामी और उनके परिवार ने जिले के अभियंताओं का सम्मान किया। समारोह में कई अभियंता उपस्थित रहे।

स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित इस समारोह की शुरूआत मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैय्या की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन से हुई। समारोह को संबोधित करते गीदम एसडीएम अभिषेक तिवारी ने कहा कि जिले के सृजन में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियंता तकनीकी रूप से सोचकर अपने कार्य को अंजाम देते हैं। पॉलिटेक्निक कॉलेज गीदम के प्राचार्य मुकेश ठाकुर ने कहा कि अनुशासन में रहकर किया गया कार्य हमेशा सफलता की ऊंचाईयों तक पहुंचाता है। जिले के इंजीनियरों का कार्य हमेशा सराहनीय रहा है।

संबोधन के बाद दंतेवाड़ा के पत्रकार अविनाश गोस्वामी और उनके परिवार ने अपने अभियंता पिता आरसी नाथ की स्मृति में अभियंताओं का सम्मान किया। इस दौरान स्व. आरसी नाथ की पुत्रवधु हाई स्कूल आंवराभाटा की प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी, उनकी पोती प्रज्ञा गोस्वामी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि गोस्वामी परिवार की ओर विगत 8 वर्षो से अभियंता दिवस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पदोन्नति संशोधन के मामले में मुख्यमंत्री से मिली राहत



- **बीजापुर प्रवास पर शिक्षकों के प्रतिमंडल की भेंट**
- **सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, बस्तर की पदोन्नति संशोधन आदेश रहेगा यथावत**

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, कमल किशोर रावत, सूर्यकान्त सिन्हा, जिलाध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला, सचिव नोहर साहू, टीकम साहू ने बताया कि आज बीजापुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रवास था।

इस दौरान बस्तर संभाग में आज से 18 माह पूर्व हुए पदोन्नति के मामले में की जा रही निरस्तीकरण की कार्यवाही से परेशान शिक्षकों के मामलों को प्रभारी मंत्री कवासी लखमा व विक्रम मंडावी, देवती कर्मा विधायक के माध्यम से उठाया गया। इस सम्बंध में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की भेट एक दिन पूर्व सुकमा में मंत्री कवासी लखमा से हुई थी। टीचर्स एसोसिएशन ने वर्तमान पदोन्नति संशोधन निरस्त किये जाने से हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था व इस विषय पर पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से भेंट करवाकर चर्चा करवाने की पहल की थी, जिस पर मंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की थी।

श्री लखमा ने अपना वादा निभाते हुए आज मुख्यमंत्री के बीजापुर प्रवास के दौरान इस बात को प्रमुखता से रखा शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव से चर्चा कर तत्काल बस्तर संभाग के पदोन्नति संसोधन आदेश जो निरस्त किया गया है, उस पर रोक लगाने आदेश वापस लेने की बात कही, जिससे बस्तर अंतर्गत आने वाले संवेदनशील जिले सुकमा, दंतेवाड़ा बीजापुर में शिक्षकों की कमी न हो व उत्साह से कार्य करते रहे। ज्ञात हो कि इन जिलों में शिक्षक कार्य नही करना चाहते व ट्रांसफर के माध्यम से अन्य जिलों में शिक्षक चले जाते है ऐसे में पदोन्नति के नाम पर भी अन्य जिलों में शिक्षकों को भेजा जाना समझ से परे है जबकि जिलों में पद रिक्त हैं।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सुकमा जिलाध्यक्ष आशीष राम की इस विषय पर मंत्री श्री लखमा से चर्चा हुई। श्री लखमा ने पदाधिकारियों को बताया कि बस्तर संभाग के पदोन्नति संशोधन शिक्षकों को अब दी गई संशोधन पदस्थापना स्थल पर ही सेवा करने दी जाएगी। 18 माह पूर्व इस संभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी। आज बीजापुर प्रवास के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तहसील स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान



- गीदम में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता
- एसडीईएम ने किया मतदाता जागरूकता का आह्वान

**दंतेवाड़ा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर दंतेवाड़ा विनीत नंदनवार तथा स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गीदम एवं बारसूर में तहसील स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। एजुकेशन सिटी जावंगा के शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के लिए रंगोली, क्विज, भाषण, क्षेत्रीय भाषा में नारा एवं कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताएं स्कूल शिक्षा विभाग गीदम के द्वारा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम अभिषेक तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक ने बताया कि मतदाता जागरूकता करना हम सब का जिम्मेदारी है तथा विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ग्रामीण के साथ साथ शहरी लोगों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक एवं नया वोटर का पंजीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु फॉर्म 6 भर कर नजदीक मतदान केंद्र, पंचायत कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय तथा जिला निर्वाचन विभाग में जमा करने का अपील की। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक योगेश सोनी एवं व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ ने किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कैलाश नीलम, नोडल अधिकारी राकेश मिश्रा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए मतदाता जागरूकता के बारे में जानकारी दी। विजेता बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कार वितरण किया। इस कार्यक्रम में एसआर कड़ती, नारायण साहू, महेंद्र मंडावी, सीता सिंह, सीमा चौहान, सर्व शिक्षक शिक्षिका एवं गीदम तहसील अंतर्गत 17 विद्यालय के 500 बच्चें उपस्थित थे।

# भाजपा ने मोदी के जन्म दिन का कार्यक्रम सुना



**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन की शुभ अवसर पर एवं विश्वकर्मा जयंती की अवसर पर विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करते हुए13000 करोड़ का बजट रखा गया है। 30 लाख कारीगरों का इससे फायदा मिलेगा पांच फीसदी ब्याज दर पर लोन मिलेगा कारीगरों और शिल्पकारों को फायदा मिलेगा पारंपरिक कम करने वालों को फायदा बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग दी जाएगी। योजना में 18 कारोबार स्कीम में शामिल होंगे। भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन के शुभ अवसर पर ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना की और आयोजन कार्यक्रम को सुना और देखा।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री बृजेश सिंह चौहान भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू महामंत्री मंडल डि गेश खापर्डे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक हम प्रकाश पुरी महिला मोर्चा मंडल महामंत्री शकुंतला यादव सुभाष विश्वकर्मा विनीत कुमार यादव श्रीमती बिंदु साहू रेखा लाल विश्वकर्मा घसियाराम विश्वकर्मा निर्मल विश्वकर्मा श्रीकांत विश्वकर्मा लावण्या यादव पुष्पा विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा रमेश कुमार विश्वकर्मा भुनेशवारी कुमार दीपिका विश्वकर्मा पुष्पा विश्वकर्मा विश्वकर्मा पंपा देवी विश्वकर्म कमली विश्वकर्मा इतवारी बाई विश्वकर्मा देवेंद्र विश्वकर्मा सिया विश्वकर्मा लोकेश्वर विश्वकर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल जवानों ने विश्वकर्मा पूजा मनाया गया



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर। 17 सितंबर 2023 को 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल मुल्ला कैंप के परिवहन शाखा के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विश्व कर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास, भा.पु.से. महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश सिन्हा ,कमांडेंट 81 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल , श्री दिव्यांग पटेल , भा. पु. से, एसपी जिला कांकेर व 81 वी वाहिनी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण उपस्थित थे। पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारी गण व जवान उपस्थित थे। श्री पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास, भा.पु.से. महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल, श्री राकेश सिन्हा ,कमांडेंट ने जवानों व उनके परिवार को विश्व कर्मा पूजा कि शुभ कामनाएं दी। इसके साथ ही आरक्षक रोहित कुमार को महानिरीक्षक महोदय व कमांडेंट महोदय द्वारा जन्मदिन कि बधाई दी व उक्त जवान का मनोबल बढ़ाने के लिए गुलदस्ता भेंट किया।

# रामकृष्ण मिशन फुटबॉल टीम बनी अंडर 13 चैंपियन



**नारायणपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर सीपत में 16 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 13 फुटबॉल चैंपियनशिप में नारायणपुर की आरकेएम फुटबॉल अकादेमी टीम चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में कुल छः जिले के टीम भाग लिया है, जिसमें नारायणपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर जिला शामिल है।फाइनल मुकाबले में नारायणपुर ने दुर्ग को 9-0 से हराकर खिताब जीत लिया। इस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिनका बिलासपुर के सीपत में 5 दिन का कोचिंग कैम्प रहेगा और उन्ही में से 22 खिलाड़ियों का चयन कर छत्तीसगढ़ की टीम बनेगी जो आन्ध्रप्रदेश के अनंतपुरम में आयोजित राष्ट्रीय सबजूनियर टूर्नामेंट में भाग लेने 23 सितंबर को रवाना होगी। रामकृष्ण मिशन नारायणपुर टीम से 11 खिलाड़ियों का इसमें चयन हुआ है। डी एफ ए नारायणपुर के अध्यक्ष श्री अशोक उसेण्डी और सचिव श्री अजित मेनन एवं अन्य सदस्यों ने टीम के खिलाड़ियों को और कोच सीताराम कोर्राम एवं रोहित यादव को बधाई दी। आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द ने बच्चो को राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# आकांक्षी जिला विखं कार्यक्रम के तहत विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**कोण्डागांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। माकड़ी विकास खंड को भारत शासन के निर्देशानुसार आकांक्षी विकास खंड के रूप में विकसित करने हेतु चलाए जा रहे आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा विशेष ग्राम सभाओं एवं चिंतन शिविरों का आयोजन 13 से 16 सितंबर के मध्य किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम सभाओं में माकड़ी विकास खंड को निर्धारित मापदंडों के अनुसार विकसित करने के लिए कार्य योजना निर्माण के तहत ग्राम सभा की एजेंट में उसे जोड़ते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों द्वारा विकास हेतु शपथ ली गई एवं कार्यक्रम के अंतर्गत रणनीति निर्माण पर सभी को जानकारी देते हुए ग्रामीणों से सुझाव भी लिए गए। इस संबंध में माकड़ी के जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा ने बताया कि आंकाक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम को तहत प्राप्त निर्देशानुसार विकास खंड स्तरीय विकास रणनीति तैयार किया जाना है। जिसके लिए विकास खण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय चिंतन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल माकड़ी, ग्राम पंचायत एरला, बालोण्ड, जनपद पंचायत सभा कक्ष, लुभा, कावरा, हीरापुर, रांधना, बीजापुर, उमरगांव, बिंजोली में चिंतन शिविर लगाए गए। इन चिंतन शिविरों में प्राप्त विचार एवं सुझाव के आधार पर विकास खण्ड स्तरीय रणनीति तैयार किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### शिल्पकारों व कारीगरों द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत पंजीकरण प्रारंभ

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार द्वारा शिल्पकारों एवं कारीगरों हेतु पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसमें 18 प्रकार के शिल्पकारों एवं कारीगरों जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार, जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू एवं पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि का पंजीयन पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों का किया जा रहा है। पीएम विश्वकर्मा योजना प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु शिल्पकार एवं कारीगर ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल अथवा मोबाईल एप पर आधार आर्थेटिकेशन के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत् पंजीकरण कर आईडी प्राप्त कर सकते है। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मोबाईल नम्बर, राशन कार्ड प्रदान करना होगा। पीएम विश्वकर्मा योजना पंजीयन कर प्रशिक्षण उपरान्त ऋण सहायता हेतु 1 से 2 लाख तक 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण एवं 15 हजार तक टूलकिट प्रदान किया जाएगा।

## निधन

### धर्मिन बाई यदु

**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर।



कन्हार गांव निवासी श्रीमती धर्मिन बाई यदु का निधन हो गया है। उनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। वे सनत, शेखर यदु की माता व जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा यदु की दादी मां थीं।

# नपा कर रहा इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार आवासन शहरी मंत्रालय के अन्तर्गत नगर पालिका कोंडागांव द्वारा इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का अयोजन किया जा रहा है।

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में कोंडागांव नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मोहन मरकाम कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शहर में स्थित बंधा तालाब की सफाई की गई तथा स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। आयोजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, वी.के.ठाकुर एस.डी.एम.कोंडागांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर, सहायक अभियंता विजय मेहरा, उप अभियंता देवेंद्र सिंह सिदार, गिरिजा शंकर परते, जिला समन्वयक रिया तिवारी, स्वच्छता ब्रैंड एंबेसेडर सुब्रत साहा, सुरज कुमार यादव, उमेश साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ उपस्थित रहे। इस आयोजन के अवसर पर केबिनेट मंत्री ने विशेष रूप से अवगत कराते हुए कहा गया कि विगत वर्ष कोंडागांव नगर को इंडियन स्वच्छता लीग हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुआ था। इस वर्ष इंडियन स्वच्छता लीग के सीजन 2.0 में भी हम शहर वासी इस सम्मान को एक बार फिर से कोंडागांव शहर के नाम करने का पूरा प्रयास कर रहे हैं तथा लोगों से अपील है कि वह अपने घर के आस-पास सफाई बनाए रखें तथा सार्वजनिक स्थलों में भी साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। इण्डियन स्वच्छता लीग सीजन में 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 15 से 17 सितंबर तक इंडियन स्वच्छता लीग हेतु विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह स्वच्छता पखवाड़ा समस्त नगरीय निकायों में आने वाले स्वच्छता दिवस 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत स्वच्छता कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं (केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित) का लाभ देते हुए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जैसी विभिन्न गतिविधियां की जाएगी।

## आवर्ती गोठान खड़पड़ी व बड़े कुरुसनार में मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट का शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा गरवा घूरवा बाड़ी अंतर्गत गोठान में उपस्थित पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट का संचालन किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट द्वारा प्रतिदिन 02 गोठनों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत उपसंचालक डॉ.शिशिरकान्त पांडेय के मार्गदर्शन में विकास खंड कोण्डागांव में मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट द्वारा शिविर का प्रारंभ गुरुवार को सुदूर वनांचल स्थित ग्राम बड़ेकुरुशनार और ग्राम खड़पड़ी के आवर्ती गोठान में किया गया।

# विधायक ने डोकरीगुड़ी माता मंदिर का भूमिपूजन व रंगमंच का लोकार्पण किया



**नारायणपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष व नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुरकूची में डोकरीगुड़ी माता मंदिर लागत 5 लाख का भूमिपूजन और बनियागांव में गणेश मंडली रंगमंच लागत 2 लाख का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक कश्यप ने जनता को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ सरकार भूपेश बघेल सरकार आदिवासि क्षेत्र में प्रत्येक गांव को माता मंदिर और घोटूल दे रही है और साथ ही सिरहा गुनिया मांझी पटेल को भी समान राशि प्रदान कर मान बड़ाने की काम कर रही है और पहले की सरकार बीजेपी सरकार सिर्फ और सिर्फ अपने कार्यकताओं और उद्योगपतियों का ही सोचती थी जबसे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से लगातार हर वर्ग के लोगो को फायदा हो रहा है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि श्याम दीवान,विधायक प्रतिनिधि सालिक बघेल,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष धनुर्जय नेताम,ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री जीवन सेठिया, श्याम सुंदर पांडे,महेंद्र पाढ़ी, मुन्ना पांडे नीलधर कश्यप, सुरेश पाढ़ी,गजा जोशी,उमेश जोशी,सुमति कश्यप, पुरन यादव,लेमप्रकाश यादव,अन्य ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पर्यटन नगरी बारसूर...

जी की दो अलग-अलग ग्रेनाइट प्रस्तर से मूर्ति का निर्माण किया गया है।

इस साल बारसूर के गणेश मंदिर परिसर में भी गणेश समिति की ओर से गणेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। परिसर की साफ़-सफाई और सजावट का काम जारी है। नगर के विभिन्न हिस्सों में गणेश चतुर्थी पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित हो रही है।

### पर्यावरण के लिए खतरा...

चाहिए, ताकि पूजा अर्चना के बाद विसर्जन करने पर पर्यावरण सुरक्षित रहे। इसके प्रति सभी लोगों को जागरूक आना चाहिए। ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया के डायरेक्टर तथा सीओओ अमुजुरी विश्वनाथ ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश के तहत पर्यावरण एवं जल संरचनाओं को प्रदूषण से बचाने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को प्रतिबंधित किया है। परंतु पर्यावरण के विरुद्ध बाजार में प्लास्टर ऑफ पेरिस का मूर्तियां उपलब्ध हो रहा है। यह गंभीर मामला है जिससे पर्यावरण, जानवर तथा मानव को भी प्रदूषण के माध्यम से नुकसान पहुंचाता है।

### अभियंता पिता की स्मृति...

अभियंताओं को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया जा रहा है। इस बार अभियंता दिवस पर अभियंता नरेन्द्र चौहान, संतोष नेगी, प्रवीण साव, मनीष साहू, प्रकाश मरकाम, तालिब खान, प्रकाश राठौर और देवकरण मंडावी को गोस्वामी परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजन का संचालन मनोज गुप्ता ने किया। आयोजन में डिप्टी कलेक्टर कमल किशोर, नगर पालिका सीएमओ पवन मेरिया, कार्यपालन अभियंता शंकर ठाकुर, आरके ठाकुर, निखिल कंवर सहित जिले के कई अभियंता उपस्थित थे।

### पदोन्नति संशोधन के मामले...

दौरान मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को आदेशित कर शिक्षकों की वापसी की प्रक्रिया को रोकने का बात कही है।

संगठन पदाधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव, सूर्यकान्त सिन्हा, हेमेंद्र साहसी, आशीष राम, उदयप्रकाश शुक्ला, स्वदेश शुक्ला, राजेश गुप्ता, अलीम रिजवी, ऋषिदेव सिंह, अजय तिवारी ने बस्तर संभाग के प्रभावित शिक्षकों के तरफ से मंत्री कवासी लखमा का धन्यवाद ज्ञापन किया व कहा कि शिक्षकों की समस्याओं पर निरंतर उनसे चर्चा परिणाम में बदलता रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के समक्ष हमारी समस्याओं को रखा, जिससे हमारी समस्याओं का निदान हो सके।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु आवेदन आंमत्रित

**कोण्डागांव** 18 सितम्बर (देषबन्धु)। कार्यालय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। प्रधान मंत्री रोजगार सृजन हेतु विनिर्माण एवं सेवा से संबंधित क्रियाकलाप पात्र होंगे। मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना के विनिर्माण एवं सेवा के अतिरिक्त व्यवसाय क्रियाकलाप के पात्र हैं। सीमित लक्ष्य 2023-24 में होने के कारण पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर ऋण वितरण बैंक द्वारा किए जाएंगे। योजना अंतर्गत अधिकतम राशि प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में सेवा उद्यम हेतु रु.20 लाख, विनिर्माण उद्योग हेतु रु.50 लाख एवं मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना में सेवा उद्यम हेतु रु.10 लाख, विनिर्माण उद्योग हेतु रु.25 लाख, व्यवसाय क्षेत्र के लिए रु.02 लाख का ऋण प्रदान किया जायेगा।

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना हेतु हितग्राही स्वयं ऑन लाईन आवेदन वेबसाइट ॣ.।अपबवदसपदम.हवअ.पद पर चउमहच म-चवतजंस पर ।हमदबल जलचम में क्स्ब्`मसमबज कर आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (परियोजना प्रतिवेदन), अंक सूची, ग्रामीण क्षेत्र हेतु जनसंख्या प्रमाण पत्र, आरक्षित वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार हेतु आवेदन कार्यालय में जमा किए जाएंगे, जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड या वोटर आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट (परियोजना प्रतिवेदन), नगर पालिका या नगर पंचायत या नगर पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आरक्षित वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अधिकतम तीन लाख तक हो), निवास प्रमाण पत्र, न्यूनतम आठवीं उत्तीर्ण, निर्धारित प्रारूप शपथ पत्र की प्रतिलिपि जमा करानी होगी। सामान्य वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिकतम जानकारी हेतु महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सुमति काम्प्लेक्स कोण्डागांव से प्रत्यक्ष संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। सभी को सूचित किया जाता है कि शासन या विभाग की ओर से कोई भी अधिकृत एजेंट नहीं रखा गया है।



**जगदलपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर स्थानीय जामा मस्जिद को आकर्षक विद्युत बल्बों और झालरों से सजाया गया है। इसके साथ ही मुख्य मार्ग के चौक चौराहों को सजाने का कार्य भी चल रहा है।

# 27 तक ऑनलाइन पंजीयन व आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं छात्र-छात्राएं

**जगदलपुर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश की तिथि में वृद्धि किए जाने पश्चात शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीट के विरुद्ध 27 सितंबर, 2023 तक प्रवेश दिए जाने के लिए अधिसूचना जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के पोर्टल में जिन छात्र-छात्राओं के द्वारा पूर्व में ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन किया गया है, परंतु उनका प्रवेश नहीं हुआ है, ऐसे छात्र-छात्राएं संबंधित अध्ययनशाला अथवा महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिन अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सीट रिक्त है। ऐसे अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय द्वारा पोर्टल में पुन: छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए पोर्टल में एडमिशन रिओपन रिक्वेस्ट करने पर छात्र-छात्राएं दिनांक 27 सितंबर 2023 तक ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रोजेक्ट का समापन समारोह व किसान सम्मेलन



**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के पीछेकट्टा मुल्ला में ग्रामवासियों व प्रदान संस्था द्वारा भानुप्रतापपुर व नरहरपुर विकासखंड में संचालित एचडीएफसी बैंक परिवर्तन पहल के तीन साल का प्रोजेक्ट का समापन समारोह एवं किसान सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से लगभग 13 सौ किसानों ने भाग लिया और उन्होंने इस पहल से जुड़कर हुए परिवर्तन के अनुभवों को साझा किया। इसके साथ ही सभी ने पीछेकट्टा गांव के विकास एवं खेतीबाड़ी से प्रेरित होकर अपने-अपने घरों में और गांव में सुधार और खुशहाल जीवन की और बढ़ने का संकल्प लियाद्ध इस समारोह में अतिथि सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, जनपद सीईओ राधेश्याम भास्कर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता प्रसाद, व एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत बर्मन एवं एरिया हेड सुनील एवं प्रदान संस्था के राज्य कार्यालय से आये मसरूर अहमद ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए गाँव स्तर पर हुए इस अभिसरण की सराहना की। 30 गांवों के किसानों उन्नत सब्जी उत्पादन, मडिया खेती व अन्य गतिविधियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यकम के दौरान सभी अतिथियों, अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गाँव से आये किसानों ने खेतों में क्षेत्र भ्रमण भी किया। जिसमे सब्जी नर्सरी शेड, पम्पसेट व लिफ्ट सिंचाई के द्वारा उन्नत विधि से कृषि, सब्ज़ी खेती के विस्तृत मॉडल व परिणामों पर ग्राम वासियों से चर्चा की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र थे जिसमें शासकीय योजनाओं, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के मदद से मिले कृषि टूल व लिफ़्ट सिंचाई आदि के लाभो के बारे में साझा किया गया। इसके अतिरिक्त इस पहल में हुई सफलता की कहानियों को एक पुस्तक में संधारित कर उसका विमोचन भी किया गया। विगत 3 वर्षों से जिला पंचायत, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन व प्रदान संस्था के माध्यम से 30 ग्रामों के 3 हजार से अधिक किसानों की आजीविका संवर्धन कार्य किया जा रहा है। जिसमें बैंक द्वारा कृषि, सिंचाई, उद्यमिता व सोलर लाइट हेतु लक्षित परिवारों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। इसके साथ ही परिवार मूलक योजना निर्माण कर शासन के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अभिसरण कर परिवारों की सतत आजीविका संवर्धन का कार्य हुआ है। किसान सम्मेलन के आयोजन से कृषकों को खेती बाड़ी के अनुभवों को साझा करने व संयुक्त रूप से मंथन करने का एक मंच प्राप्त होता है जिसका आयोजन गत 3 वर्षों से क्षेत्र के किसान व प्रदान संस्था संयुक्त रूप से करते आ रहे हैं।

**जैविक खेती पर जोर दिया, आय बढ़ी**

एनजीओ प्रदान और उद्यान विभाग से किसानों लगातार मार्गदर्शन से किसान धान फसल के आलावा सब्जियों पर जोर दिया गया, जिसमे जैविक तरीके से उत्पादन किया। बिना रसायनिक खाद, कीट नाशक के फसल लगाया, स्थानीय स्तर पर खाद, कीटनाशक बनाकर उपयोग किया। और सब्जी बाजार में विक्रय किया। कोरोना काल मे महिलाओं गांव गांव में सब्जी पहुँचाया जब बाहर से सब्जी नहीं आ रही थी।

# स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर टीम ने मनाया विश्व ओजोन दिवस

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। किबईबालेंगा स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर टीम द्वारा विश्व ओजोन दिवस मनाया जाकर जन जागरूकता रैली निकाली गई, वहीं ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया गया एवं प्राचार्य द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध शा.हायर सेकेंडरी स्कूल किबईबालेंगा में 16 सितम्बर 2023 को प्राचार्य उमेश मांडवी, रेंजर लीडर सुश्री वर्षा तिर्की के नेतृत्व में तथा संस्था के व्याख्याता चंद्रकांत ठाकुर, बी.मिंज एवं भारत स्काउट एंड गाइड, रोवर-रेंजर की उपस्थिति में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम किबई बालेंगा में रेंजर लीडर सुश्री वर्षा तिर्की के नेतृत्व में रैली निकालकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत स्काउट एवं गाइड तथा रोवर रेंजर द्वारा ओजोन दिवस पर ड्राइंग, पेंटिंग एवं निबंध कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया। संस्था के प्राचार्य उमेश मांडवी द्वारा सम्मानित किया गया।



**निकाली जन जागरूकता रैली**

ज्ञात हो कि विश्व ओजोन दिवस हर साल पूरी दुनिया में 16 सितंबर को ओजोन दिवस मनाया जाता है। दरअसल पृथ्वी के संरक्षण एवं पृथ्वी पर जीवन संभव बनाने के लिए ओजोन परत की काफी अहम भूमिका होती है। ओजोन दिवस मनाने का उद्देश्य है लोगों को इसके बचाव के लिए जागरूक किया जाए और महत्व को समझा जा सके। ओजोन डे 2023 जीवन के लिए ऑक्सीजन जितना महत्व रखता है, उतना ही महत्वपूर्ण ओजोन भी है, दरअसल सूर्य की किरणों से आने वाली हानिकारक किरणों से लोगों को बचाती है, हालांकि 1970 में वैज्ञानिकों ने पाया कि इस परत में छेद होने लगा है, जो पृथ्वी के लिए काफी हानिकारक होता है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ओजोन दिवस मनाया जाता है। हर साल ओजोन दिवस एक खास थीम के साथ मनाई जाती है और इस साल विश्व ओजोन दिवस की थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूजिंग द क्लाईमेट चेंज है। इसका मतलब है कि ओजोन परत की मरम्मत और जलवायु परिवर्तन को कम करने पर जोर दिया जाएगा। जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ कोंडागांव ने दी।

# गतकाजों ने हासिल किए एक सिल्वर व 14 कांस्य पदक



**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव के गतकाजों ने बलौदाबाजार कसडोल में 14 से 17 सितंबर को आयोजित 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल में बस्तर संभाग से बच्चे आयु वर्ग 17 डेमो में कु.कामेश्वरी सिल्वर पदक, सिंगल सुटी एकल में कु.अंजली ठाकुर कांस्य पदक, बालक फरी सूटी 19 एकल में रोहित नाग कांस्य पदक, बालिका सिंगल सुटी टीम 17 वर्ष में कु.चीनो बघेल, प्रेमलता, प्रमिला, सुबती की टीम ने कांस्य, बालक 17 वर्ष सिंगल सूटी टीम में लोकेश, खिलेंद्र धनसू रोहित कांस्यपदक, 19 वर्ष फरीसूटी टीम में लकेश्वर, आनंद, विनय, गणेश्वर ने कांस्य पदक प्राप्त किए। वनांचल क्षेत्र मड़ानार के इन बच्चों को यहां के शिक्षक शिवचरण साहू द्वारा सिक्ख मार्शल आर्ट गतका प्रशिक्षण प्रदान कर पहली बार शालेय खेल में शामिल किया गया। जहां बच्चे अपना का बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ी बच्चों के साथ व्यायाम अनुदेशक दीपिका उसारे, रोशन ध्रुव, गणेश लेकन और शिवचरण साहू कोच के रूप में शामिल रहे हैं।

# पेरियार ईवी रामास्वामी नायकर की मनाया 144वीं जयंती



**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। बाबा साहेब संस्था कोण्डागांव के द्वारा पेरियार ई.वी रामास्वामी नायकर की 144 वीं जन्म जयंती मनाया। कोंडागांव गोंडवाना भवन में 18 सितम्बर को संध्या 7 बजे बाबा साहब सेवा संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा पेरियार ई.वी.रामास्वामी नायकर की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर जन्म जयंती मनाया और उनके नेक कार्यों को याद किया। जिसमें संस्था के संरक्षक पंचू सागर, तिलक पांडे, मुख्य सलाहकार बुधसिंह नेताम, प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, झीटकु मरकाम, भुवनलाल मारकंडेय, मंगउ देवांगन, सिद्धार्थ महाजन, समाज के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान पेरियार ई.वी.रामास्वामी नायकर का इतिहास बताया कि रामास्वामी पेरियार (17 सितम्बर 1879-24 दिसम्बर 1973) जिन्हें पेरियार (तमिल में अर्थ सम्मानित व्यक्ति) नाम से भी जाना जाता था, बीसवीं सदी के तमिलनाडु के एक प्रमुख राजनेता थे, जो दलित-शोषित व गरीबों के उत्थान के लिए कार्यरत रहे। इन्होंने जातिवादी व गैर बराबरी वाले हिन्दुत्व का विरोध किया, जो इनके अनुसार दलित समाज के उत्थान का एकमात्र विकल्प था। 1, 2 पेरियार अपनी मान्यता का पालन करते हुए मृत्यु पर्यंत जाति और हिंदू-धर्म से उत्पन्न असमानता और अन्याय का विरोध करते रहे। ऐसा करते हुए उन्होंने लंबा, सार्थक, सक्रिय और सोद्देश्यपूर्ण जीवन जीया था।

# कांग्रेस भवन में दी गई महेश सागर को श्रद्धांजलि



**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। राजीव गांधी युवा मितान क्लब के सदस्यों ने महेश सागर की पुण्यतिथि पर सोमवार को कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्व.महेश सागर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा व अमन सागर राजीव युवा मितान क्लब समन्वयक ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि हम सब एक होकर आगामी विधान सभा चुनाव के लिए कार्य करते हुए पार्टी को जीत दिलाएंगे। कार्यक्रम में रामु सोढ़ी, कमलेश मरकाम, मानकुराम सोढ़ी, कार्तिक पोयाम, भरतलाल मरकाम, मनीष यादव सहित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य शामिल रहे।

# प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के तीन प्रकरण में 12 लाख की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 03 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है, जिसके अनुसार कोण्डागांव तहसील के ग्राम डोंगरीगुड़ा निवासी कुश सोरी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर माता बुधन्तीन सोरी और पिता रामसिंह सोरी, कोण्डागांव तहसील के कोण्डागांव विकास नगर निवासी प्रीति पांडेय की आग में जलने से मृत्यु होने पर पति संकल्प पांडे, धनोरा तहसील के ग्राम बोकराबेड़ा निवासी श्यामसिंह की सर्पदंश के कारण से मृत्यु होने पर पत्नी सुकतीन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी, जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है।

# नगर समेत क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा जयंती

**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भगवान विश्वकर्मा की जयंती रविवार को भानुप्रतापपुर नगर समेत अंचल में मनाई गई। मोटर गैरेज से लेकर विधुत उपकेन्द्र और इंजीनियरिंग के काम से जुड़े प्रत्येक संस्थान में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष औजार रखकर विधि-विधान से उनकी पूजा की गई। पूजा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया। कई जगहों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कई लोगों ने अपने नये दो पहिया व चार पहिया वाहनों की भी पूजा कराई। वहीं विभिन्न मशीनरी, वाहन शो रूम, मोटर पार्टस, इंजीनियरिंग,आरामिल आदि दुकानों में धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई।श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया।



**मशीनों के प्रति कृतज्ञता जताने का खास दिन**

विश्वकर्मा पूजा मशीनों के प्रति कृतज्ञता जताने का खास दिन होता है। यही कारण है कि इस दिन मशीनों की पूजा की जाती है और जीवन को आसान और सरल बनाने वाले मशीनों के प्रति अभार जताया जाता है। मशीन का युग है, भारत देश मशीनों के लिए ही जाना जाता है। मशीनें ही हमारी जिंदगी को आसान बनाती हैं। हमारा हर एक पल मशीनों के साथ ही बीतता है। पूरा समाज और देश सब मशीनों पर निर्भर है। इस कारण से लोग मशीनों के ऋणी हैं। मशीनों को हम निर्माण और सृजन का देवता मानकर उनकी पूजा अर्चना करते हैं। एक दिन पहले से लोग मशीनों की धुलाई करते हैं। घर में गाड़ी-मोटर की धुलाई करते हैं, फिर विश्वकर्मा पूजा के दिन इसकी विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। इसके लिए हर घर में मशीनरी सामानों की पूजा अर्चना होती है, गाड़ियों की भी लोग पूजा करते हैं। ज्योतिष विद्वानों का कहना है कि अगर संभव हो तो एक दिन के लिए गाड़ी नहीं चलाएं, मशीनों को आराम दें। इससे सुख समृद्धि आएगी। वाहनों और मशीनों को आराम मिलने से विश्वकर्मा भी प्रसन्न होंगे।

# टीबी मुक्त पंचायत पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**कोण्डागांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत कोण्डागांव के सभा कक्ष में जिला स्तरीय टीबी मुक्त पंचायत पहल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला स्तर से पंचायत विभाग से जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा एवं जनपद से मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मितानिन समन्वयक एवं महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी एवं स्कूल शिक्षा विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं पीरामल फाउंडेशन टीम, समस्त टी.बी.स्टॉफ उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कोंडागांव जिले की 383 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए राज्य स्तर से डब्लूएचओ कंसल्टेंट्स डॉ.मनीष मसीह के द्वारा टीबी मुक्त पंचायत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाने पर चर्चा किया गया और वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए तमाम विभाग एक साथ जुटेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि टीबी मुक्त भारत की शुरूआत सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत से होगी। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का लक्ष्य हासिल करने के लिए पंचायत विभाग की सालाना कार्य योजना ग्राम प्रधान डेवलपमेंट प्रोग्राम (जीपीडीपी) को अमली जामा पहनाने के लिए पंचायत विभाग की ओर से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाना है। उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अब राज्य शासन की ष्टीबी मुक्त पंचायतष् पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रयासरत हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सशक्त करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त घोषित करने के लिए पंचायत विकास योजना में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को शामिल करना तथा समुदाय को टीबी के लक्षणों जांच एवं उपचार की नि:शुल्क व्यवस्था शासन द्वारा टीबी रोगियों तथा ट्रीटमेंट सपोर्टर को दिए जाने वाले लाभों की जानकारी देना है। जिला रेडकास सोसायटी कोण्डागांव के सहयोग से निक्षय मित्र बनाने की प्रक्रिया की जा रही है, जिसके तहत 3600 रूपये प्रति व्यक्ति द्वारा सहयोग किया जा रहा है। टीबी रोगियों को फूड बास्केट देने के लिए प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में वृद्धि करना है। जिले से कुछ निक्षय मित्रों एवं टी.बी.मितान (चैम्पीनियन) को जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया है।

टीबी मुक्त पंचायत हेतु जिला ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नोडल एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ.दिव्या तिवारी ने बताया कि पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए लक्ष्य निर्धारित है। जिले की टीम द्वारा साल के प्रथम तिमाही में सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लिया जाएगा तथा विश्व टीबी दिवस 24 मार्च को जिला पदाधिकारी द्वारा योग्य ग्राम पंचायतों को एक वर्ष की वैद्यता के साथ टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार दिया जाएगा।

# गुम युवती को केशकाल पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**परिजनों ने खुश होकर केशकाल पुलिस को दिया धन्यवाद**

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तराईबेड़ा निवासी युवती कु.रमशुला पिता सुकदेव मरकाम 28 वर्ष जो कि विगत 28 दिसम्बर 2022 को घर वालों को बिना बताए घर से निकल गई थी। जो बहीगांव बस स्टैंड से धनोरा की तीन अन्य युवतियों के साथ अंडा कम्पनी में काम करने के लिए तमिलनाडु के सेलम गांव चली गई थी। युवती के भाई लक्ष्मण मरकाम ने केशकाल थाना आकर अपनी बहन की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाया था। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर केशकाल पुलिस मामले में गुम इंसान कायम कर गुम युवती की पतासाजी में जुट गई थी। मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए गुम युवती की पतासाजी हेतु एस.पी. वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, एडि.एस.पी. डी.आर पोर्ते के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ.पी.भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी विनोद साहू के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पतासाजी के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गुम युवती की दस्तयाबी हेतु तमिलनाडु के सेलम जिला के नामांकल गांव में स्थित अंडा कम्पनी के मैनेजर से सम्पर्क कर उक्त युवती को यथाशीघ्र वापस छत्तीसगढ़ भेजने के निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप 17 सितम्बर 2023 को पुलिस की टीम ने गुम युवती कु.रमशुला मरकाम को दस्तयाब कर उसके परिजनों की मौजूदगी में युवती के भाई लक्ष्मण मरकाम को सुपुर्द किया गया। अपनी बहन को सकुशल वापस पाकर प्रार्थी लक्ष्मण मरकाम ने केशकाल पुलिस की टीम को धन्यवाद दिया।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू मौजूदगी में राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स से खरीफ वर्ष 2023-24 में धान खरीदी की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेने सहित मुख्य मंत्री की घोषणाओं की क्रियान्वयन और माननीय उच्च न्यायालय के एक प्रकरण में पारित आदेश के अनुपालन के तहत अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों पर की गई कार्यवाही की जिलेवार समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी के लिए महत्वपूर्ण होने के कारण किसानों के खेतों में पहुंचकर गिरदावरी करने, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों के पंजीयन कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर अधिकारियों को एकीकृत किसान पोर्टल पर कृषक केरी फार्वड के कार्य में और प्रगति लाने, किसानों का समितिवार पंजीयन कराने हेतु अभी से समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने, इस विपणन वर्ष में बायोमेट्रिक एथेन्टीकेशन आधारित धान खरीदी व्यवस्था किए जा रहे होने से अधिकारियों को प्रत्येक समिति स्तर पर किसानों के समक्ष इस व्यवस्था के प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। वहीं धान उपार्जन हेतु बारदाने की व्यवस्था के संबंध में मुख्य सचिव ने जिलेवार कलेक्टरों से जानकारी ली। बारदाने की व्यवस्था के संबंध में खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि इस वर्ष पंजीकृत किसानों से 20 चिंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जानी है, जिससे लगभग 130 मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है, जिसके लिए करीब साढे छह लाख गठान बारदाने की आवश्यकता होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राईस मिलर्स द्वारा धान उठाव के विरूद्ध नान में चावल जमा करने की समीक्षा की गई और जिन जिलों का अभी तक चावल जमा करना शेष है, उन्हें तत्काल जमा करने की कार्यवाही करने तथा पीडीएस बचत स्टाक की वसूली के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य मंत्री द्वारा विभिन्न अवसरों पर जिलों में की गई घोषणाओं के अनुसार निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण के लिए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करें। जिला अधिकारियों को 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा अभियान के तहत सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एक प्रकरण पर पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में राज्य शासन द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी.सिंह, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ.अयाज तम्बोली, खनिज विभाग के विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य, संचालक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण जितेन्द्र शुक्ला, संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा और सभी संभागायुक्त, कलेक्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। वहीं कोण्डागांव में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला खाद्य अधिकारी दिनेश्वर प्रसाद, सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक के.एल.उईके, जिला विपणन अधिकारी रविकांत नेताम, केन्द्र सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी एस.के.कन्नौजे, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक डी.पी.तिवारी, भू अभिलेख के अधीक्षक विजय सिंह, खनिज निरीक्षक गोपाल दास टंडन उपस्थित थे।

**कमिश्नर्स व कलेक्टर्स से धान खरीदी व महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ली**

# बीजापुर हैलिपेड में मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



**बीजापुर,** 18 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बीजापुर आगमन के दौरान हैलिपेड मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रभारी मंत्री कवासी लखमा का आत्मीय स्वागत क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, बीज निगम के सदस्य इम्तियाज खान नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जनप्रतिनिधि गण ,एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णैर्य ने की।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं।

## संपादकीय

### चावल और चुनाव

*छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि उत्पाद धान है। धान पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तो निर्भर है ही, लगता है कि कुछ ही महीनों के बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव का भी यही मुद्दा होगा। दोनों प्रमुख दल यानी सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी चावल के मसले पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।*

*इसी माह की 9 तारीख को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने ध्यान में लाया था कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 225.3 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रु. चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। उसके कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र को एक पत्र भेजकर सेंट्रल पूल में चावल न घटाने का अनुरोध किया है। इस मद में 86.5 लाख टन उठाव का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा था जिसे केन्द्र ने घटाकर 61 लाख टन कर दिया है। चावल पैकिंग के बारदानों को न घटाने का भी आग्रह सीएम ने किया था।*

*इन मांगों और छग की ज़रूरतों पर केन्द्र सरकार क्या करने जा रही है, यह तो ज्ञात न हो सका परन्तु केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल अचानक शुक्रवार को रायपुर पहुंच गये और उन्होंने कथित चावल घोटाले की जांच शुरु कर दी। भारतीय खाद्य निगम का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बड़ा चावल घोटाला हुआ है। उनके अनुसार बघेल ने 86 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने को लेकर केन्द्र को जो पत्र लिखा है उसका उद्देश्य चुनावी वर्ष में राज्य के किसानों में भ्रम फैलाना है। गोयल का कहना था कि जब राज्य ने पिछले वर्ष का 61 लाख मीट्रिक टन ही नहीं दिया है तो 86.5 लाख मी. ट. कहां से दिया जा सकता है। खासकर, जब राज्य में इसका इतना उत्पादन ही नहीं हो रहा है। इसलिये इसमें घोटाला होने की पूरी आशंका है। केन्द्रीय मंत्री का यह भी दावा था कि अगर राज्य पूरी ईमानदारी बरते तो केन्द्र ` लाख मी.ट. चावल लेने के लिये भी तैयार है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में भी गोयल का कहना था कि सारा पैसा केन्द्र दे रही है-एमएसपी एवं सम्मान राशि के रूप में। उनका कहना था कि केन्द्र को कई शिकायतें इस बाबत मिली हैं इसलिये वे जांच के लिये आये हैं। साथ ही, 24 से 27 जुलाई तक यहां उनके विभाग की ओर से जांच के लिये अधिकारियों की टीम भेजी गयी थी।*

*मुख्यमंत्री का इन आरोपों पर दावा है कि यह चुनावी वर्ष है इसलिये मुद्दाविहीन भाजपा का यह चुनावी प्रलाप है। बघेल के अनुसार पहले भी जांच हुई पर कुछ नहीं निकला। जो भी हो, केन्द्र एवं सरकार इसे चुनावी मुद्दा न बनाये क्योंकि यह छग के लिये महत्वपूर्ण मुद्दा है।*

# प्रदेश की 30 सीटों पर खत्म हो जाएगी पुरुषों की राजनीति ?

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। कैबिनेट की बैठक में आज महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिल गई, इसे अब लोकसभा में रखाा जाएगा। आप सब जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। इनमें 19 सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 10 सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। बाकी सभी सीटें सामान्य हैं। यानी बाकी बची 61 सीटों से कोई भी चुनाव लड़ सकता है। आरक्षित या अनारक्षित लगभग अधिकांश सीटों पर पार्टियां पुरुष उम्मीदवारों को ही टिकट देती हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या बहुत ही कम होती है। राष्ट्रीय राजनीतिक दल भी बमुश्किल पांच से 10 ही महिलाओं को टिकट देती हैं, लेकिन जल्द ही इसमें बदलाव हो सकता है। इस बदलाव का असर राज्य की 90 में से 30 सीटों पर पड़ेगा। राज्य की 30 सीटें इन में कुछ आरक्षित सीटें भी आएंगी, ऐसी हो जाएगी कि उन पर केवल महिलाएं ही चुनाव लड़ पाएंगी।



दरअसल, मामला महिला आरक्षण से जुड़ा हुआ है। संसद के विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस महिला आरक्षण बिल की मांग जोरशोर से कर रही है। इस मांग को लेकर कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सक्रिय हो गई है। सरकार अगर महिला आरक्षण बिल संसद पास हो जाता है तो विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में करीब 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगे। इस हिसाब से छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में से कम से कम 30 सीटों पर केवल महिलाएं ही चुनाव लड़ पाएंगी।

महिला आरक्षण विधेयक लंबे समय से संसद में लंबित है। मार्च 2010 में महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा से पारित हो चुकी है और अब यह लोकसभा में लंबित है। बताया जा रहा है कि इस विधेयक पर कोई भी दल एकमत नहीं दिख रहा है। मौजूदा लोकसभा में केवल 14 प्रतिशत महिला संसद हैं।

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। बताया जा रहा है केंद्र सरकार नगरीय निकायों में महिला आरक्षण का दायरा 33 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की तैयारी में है। इसकी प्रक्रिया करीब दो वर्ष से भी अधिक समय से चल रही है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर राज्यों से राय मांगी थी।

छत्तीसगढ़ सरकार नगरीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव पर सहमति दे चुकी है। राज्य में 14 नगर निगम, 43 नगर पालिका और 112 नगर पंचायत मिलाकर 169 निकायों में 3260 वार्ड हैं। निकायों में अभी महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण है। इस लिहाज से महिला पार्षदों की संख्या 1076 है। यह भी बताते चले कि राज्य में नगरीय निकायों में महिला आरक्षण की व्यवस्था 2007-08 में लागू की गई। तत्कालीन भाजपा सरकार महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था।

## भिलाई की घटना को धार्मिक रंग दिया जा रहा : भूपेश

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर दौरे के लिए हुए रवाना होने से पहले हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आज बीजापुर में बहुत सारे कार्यक्रम हैं। जिसमें शामिल होने जा रहा हूं।इस दौरान ए आई सी सी की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे की नारजगी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे भी मीडिया के माध्यम से पता चला है।क्योंकि कल ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम सम्मेलन था तो मैं वापस आ गया था। पूरे कार्यक्रम में मैं नहीं था। इसलिए छुट्टी लेकर मैं निकल आया था। दो एकड़ जमीन दिया गया ब्राह्मण समाज को, बड़ा सम्मेलन किया गया उसमें मुझे आना पड़ा।





संसद के विशेष सत्र शुरू होने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन और पता नहीं क्या-क्या बताए थे, लेकिन एजेंडा में ऐसा कुछ है ही नहीं। परिवर्तन यात्रा में उतर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सारे नेता आ रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री आ रहे हैं. कल और कोई आएंगे, लगातार दौरा रहेगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीजापुर रवाना होने से पहले हेलीपैड में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।उन्होंने कहा कि आज बीजापुर में बहुत सारे कार्यक्रम हैं। जिसमें शामिल होने जा रहा हूं।इस दौरान ए आई सी सी की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे की नारजगी पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुझे भी मीडिया के माध्यम से पता चला है।क्योंकि कल ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम सम्मेलन था तो मैं वापस आ गया था। पूरे कार्यक्रम में मैं नहीं था। इसलिए छुट्टी लेकर मैं निकल आया था। दो एकड़ जमीन दिया गया ब्राह्मण समाज को, बड़ा सम्मेलन किया गया उसमें मुझे आना पड़ा। खुर्सीपार में हुई घटना पर भाजपा के बयान कर पलटवार करतें हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको जबरदस्ती धार्मिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। उसमें एक युवक की हत्या हुई दुर्भाग्यजनक है। जो आरोपी हैं वह सब पकड़े गए हैं। उसके बाद भी राजनीति करने भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, इस प्रकार के मुद्दों को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा उनको कुछ और नहीं आता। भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यात्रा प्रदेश के अलग-अलग प्रकार नेता पहुंचे रहे हैं।स्वार्थ के लिए सब इकट्ठा हो रहे हैं। कभी एक दूसरे का चेहरा नहीं पसंद करते थे। राहुल गांधी के दौरे को लेकर भूपेश ने कहा कि 28 तारीख को मल्लिकार्जुन खड़गे आ रहे हैं, 21 तारीख को प्रियंका गांधी आएंगी, राहुल गांधी का 25 तारीख को संभावित दौरा था। वह कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला तीज व्रत



**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)।आज अंचल में हरतालिका पर्व मनाया जा रहा है, इस पर्व को लेकर आंचल में महिलाओं में काफी उत्साह उमंग बना हुआ है। हरतालिका तीज सौभाग्यवती महिलाओं का पौराणिक और पारंपरिक व्रत है। इस दिन भोलेनाथ और माता पार्वती का मिलन हुआ था।हरतालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक है। इस व्रत में अन्न और जल का त्याग किया जाता है। सुहागिन स्त्रियां व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना करते हुए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं।हरतालिका तीज का व्रत जीवन में ऊर्जा और नकारात्मक विचारों का नाश करता है। शहर के मंदिर परिसर में स्थित भगवान शिव पार्वती की प्रतिमा पर महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र के लिए कामना की।

**रवि और इंद्र के योग का अद्भुत संयोग**

हरतालिका तीज का व्रत भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को रखा जाता हैं। हरतालिका तीज पर इस बार अद्भुत संयोग बना है। रवि और इंद्र योग में तीज की पूजा है। साथ ही चित्रा और स्वाती नक्षत्र भी बन रहा है। हरतालिका तीज के दिन स्वाति नक्षत्र है और इस शुभ मुहूर्त में पूजा करना अखंड सौभाग्य को देने वाला साबित होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल हरतालिका तीज की भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि 17 सितंबर को सुबह 11 बजकर 8 मिनट से 18 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट तक है। व्रत के लिए उदयातिथि की मान्यता है। इसलिए इस साल हरतालिका तीज 18 सितंबर सोमवार को मनाई जा रही है।

## कौन सी ताकत है,जो छग में भड़काना चाहती है सांप्रदायिकता : रमन

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)।दंतेवाड़ा से निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा सातवां दिन सुबह डोंगरगढ़ माता बम्लेश्वरी का दर्शन कर यात्रा की शुरुवात की गई।दोपहर में यात्रा खैरागढ़ जिले में पहुंची, जहां पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा, अब छत्तीसगढ़ में हिंदुस्तान जिंदाबाद बोलने पर हत्या कर दी जा रही है, आखिर कौन सी ताकत है, जिसके बल पर अपराधी इतने बेखौफ हो गये हैं? चाहे कवर्धा हो, बीरनपुर हो या खुर्सीपार की यह घटना हो, अब इस सबको बढ़ावा देने वाली सरकार को सत्ता से हटाने का वक्त आ गया है।



■ भगवा को कूचलने वाले सत्ता में बैठे हैं, इनको सत्ता से उतारने का समय आ गया

रमन सिंह ने कहा, हम लोग कवर्धा की घटना भूले नहीं हैं। भगवा ध्वज को पेड़ के नीचे कुचलने वाला कौन है। कौन सा ताकत है, जो छत्तीसगढ़ में सांप्रदायकिता को भड़काना चाहता है। सरेआम भगवा को चुलने वाले सत्ता में बैठे हैं, इनको सत्ता से उतारने का समय आ गया है।

अब छत्तीसगढ़ में च्हिंदुस्तान जिंदाबादज्ज बोलने पर हत्या कर दी जा रही है, आखिर कौन सी ताक़त है जिसके बल पर अपराधी इतने बेख़ौफ़ हो गये हैं ?चाहे कवर्धा हो, बीरनपुर हो या खुर्सीपार की यह घटना हो अब इस सबको बढ़ावा देने वाली सरकार को सत्ता से हटाने का वक़्त आ गया है।

## गरीबों का चावल खा गए कांग्रेसी : चंद्राकर

### जवाब न देना पड़े इसलिए एक दिन पहले विधानसभा का सत्र खत्म करवा दिया

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)।पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने सोमवार को कहा कि, छत्तीसगढ़ में खाद्यान्न की डकैती हुई है। कांग्रेस सरकार के संरक्षण में डकैती हो रही चावल की। यदि नहीं हो रही है तो किस दुकान से कितना शॉर्टेज चावल मिला, किस पर क्या कार्रवाई किए इसकी जानकारी दें। प्रदेश में कुल मिलाकर गरीबों का शोषण, गरीबों के अनाज की लूट हो रही है।



एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में अजय चंद्राकर ने कहा कि, कोविड काल में राज्य केंद्र का हिस्सा मिलाकर गरीबों को 15 किलो चावल दिया जाना था। मगर लोगों को 10-10 किलो चावल दिया गया। बाकी कांग्रेस के लोग खा गए। क्या कांग्रेस इसकी जांच का ऐलान करेगी। चंद्राकर ने कहा चावल गड़बड़ी का मामला विधानसभा में भी उठा। 24 मार्च को विधानसभा में जांच रिपोर्ट पटल पर रखी जानी थी। षडयंत्रपूर्वक 23 तारीख को सत्रावसान कर दिया गया।

## 290 में से एजेंसी ने 200 स्मार्ट पोल ही लगाए

### रख रखाव नहीं होने से 112 खंभों की लाइट बंद

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)स्मार्ट सिटी रायपुर द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर 290 स्मार्ट पोल लगाने का कार्य किया जाना था जिसमे से लगभग 200 स्मार्ट पोल लगाए गए हैं, लेकिन आधे से ज्यादा पोल बंद पड़े हुए हैं जिनकी अबतक मरम्मत भी नहीं की गई है। वहीँ इन खंभों को लगाने के समय वेंडर ने लापरवाही बरतते हुए खंभों के बीच डार्क स्पॉट में भी काफी अंतर रखा है, जिसके चलते सड़क दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। स्मार्ट पोल लगाने के लिए लगभग 5 करोड़ रूपए का टेंडर निकला गया था जिसमे 35 त्न राशि का भुगतान भी वेंडर को किया जा चूका है लेकिन वेंडर द्वारा न तो खंभों को मेन्टेन किया जा रहा है और न ही गड़बड़ियों में सुधार किया जा रहा है।

बंद पड़े स्मार्ट पोल की मरम्मत तो दूर बल्कि लगाने के बाद से वेंडर ही नदारद है। स्मार्ट सिटी में वेंडर के विरुद्ध इसकी शिकायत भी की गई है लेकिन वेंडर ने शिकायतों का जवाब न देते हुए स्मार्ट सिटी रायपुर के अधिकारीयों को ही रिस्पॉन्ड करना बंद कर दिया है।





**इन चौराहों के खंभे बंद**

भगत सिंह चौक से लेकर मुख्यमंत्री निवास तक लगे आधे से ज्यादा खंभे बंद पड़े हैं। वहीँ सर्किट हाउस चौक से जाने वाले चारों मार्गों में लगे स्मार्ट पोल ठप्प हैं। इतना ही नहीं बल्कि निगम मुख्यालय के सामने लगे स्मार्ट पोलों का हाल बेहाल है साथ ही शास्त्री चौक में लगे खंभों का भी यही हाल है।

स्मार्ट सिटी के लिए चुने गए शहर के एबीडी क्षेत्र में यह पोल लगाए जाने थे, ताकि सड़कों के साथ-साथ स्ट्रीट लाइट भी स्मार्ट हो, लेकिन सभी जगहों पर एजेंसी ने पोल नहीं लगाए। इससे कई जगहों पर अब भी अंधेरा है। वहां पुरानी स्ट्रीट लाइट के भरोसे ही रात में रोशनी करने की कोशिश है, लेकिन ये लाइट भी नहीं जल रहे हैं।

वेंडर द्वारा लगाए गए स्मार्ट पोलों के बीच में काफी अंतर है जिसके चलते सामने से आने वाली गाड़ी की रौशनी सीधे आँख में पड़ती है और खंभों में ज्यादा अंतर होने की वजह से डिवाइडर दिखाई नहीं देता और अक्सर सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

> स्मार्ट सिटी के पैसों की बर्बादी की जा रही है स्मार्ट पोल की खरीदी में भ्रष्टाचार किया गया है। जिम्मेदारों ने मिलकर जनता के पैसों को बर्बाद किया है।
>
> -मीनल चौबे, नेता प्रतिपक्ष

> शहर में लगे स्मार्ट पोल में गड़बड़ियों की शिकायत मिली है साथ ही डार्क स्पॉट में भी काफी अंतर है। वेंडर को नोटिस जारी कर जवाब मांगेंगे।
>
> -मयंक चतुर्वेदी, एमडी, स्मार्ट सिटी लिमिटेड,

## पीएम मोदी की तारीफ कर बुरे फंसे उप मुख्यमंत्री सिंहदेव, मांगनी पड़ी माफी!

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। इस साल के अंत में मिजोरम, राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलांगना और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने है। जिसे लेकर राजनैतिक पार्टियों में हलचल तेज़ हो गई है। सभी राजनैतिक पार्टिया अपने अपने स्तर पर वोट साधने का प्रयास कर रही है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता टीएस सिंहदेव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करना भारी पड़ गया। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में यह मुद्दा उठा और सिंहदेव को इस पर माफी मांगनी पड़ी। सिंहदेव ने रायगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि केंद्र से सहयोग मिलता है और प्रधानमंत्री राज्यों के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। सिंहदेव का यह बयान कार्यसमिति की बैठक में इसलिए उठा क्योंकि भाजपा ने इसे हाथोंहाथ लपकते हुए विपक्ष के इस आरोप की हवा निकालने की कोशिश की कि मोदी सरकार गैर भाजपा राज्य सरकारों के साथ भेदभाव करती है।



मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश से उठा मुद्दा दिल्ली तक पंहुचा तो सिंहदेव को कांग्रेस वर्किंग कमेटी से माफी मांगनी पड़ी. सूत्रों की मानें तो हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में सिंहदेव ने अपनी गलती मानीं और आगे से ऐसा नहीं करने का वचन दिया। बैठक में मौजूद एक सदस्य के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे माफी के बाद भी नाराज दिखे. खड़गे ने कहा माफी तो ठीक है, लेकिन डैमेज तो हो ही गया है. उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता होने के नाते आपकी बात को लोगों ने गंभीरता से लेंगे. इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने अन्य नेताओं को सिंहदेव का उदाहरण देते हुए चेतावनी भी दी. उन्होंने कहा अन्य नेता भी इस बात का ध्यान रखें. गौरतलब है कि इससे पहले छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा से माफी मांग चुके थे, लेकिन उन्होंने आलाकमान की नाराजगी के बारे में बताया तो उन्होंने दोबारा माफी मांगने का प्रस्ताव रखा।

## राजधानी के पंडालों में हनुमान लीला, चंद्रयान, अयोध्या और तिरुपति मंदिर की दिखेगी झलक

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश पर्व को मात्र एक दिन शेष रहने से विविध पंडालों में स्थल झांकी की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इस वर्ष पंडालों में जहां हनुमानजी के बालपन से लेकर लंका दहन के तक प्रसंग को प्रस्तुत किया जा रहा है।

वहीं विश्वभर में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने वाले चंद्रयान अभियान की झांकी श्रद्धालुओं को लुभाएगी। इसके अलावा अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर, तिरुपति के प्रसिद्ध भगवान बालाजी मंदिर, कृष्ण लीला की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

कालीबाड़ी भोलेनाथ गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि पिछले दिनों भारत की सबसे बड़ी कामयाबी का जश्न देशभर में मनाया गया। जिस अभियान ने भारत को विश्वपटल पर प्रसिद्धि दिलाई, उस चंद्रयान की झांकी लगभग बनकर तैयार हो चुकी है। आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा सेंटर से जिस तरह चंद्रयान की लांचिंग की गई थी।उसी तर्ज पर चंद्रयान आकार का पंडाल बनाया गया है। चंद्रयान पंडाल के भीतर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। लगभग 120 फीट ऊंचे चंद्रयान रूपी पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगरों ने किया है।

राठौर चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर गंजपारा में तिरुमाला की पहाड़ी पर स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। श्री विनायक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष राहुल राय ने बताया कि बालाजी मंदिर पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा भी बालाजी के स्वरूप में विराजित की जाएगी।30 फीट ऊंचे पंडाल में पहाड़ी का नजारा और दीवारों पर चित्रों के माध्यम से चंद्रयान अभियान को प्रस्तुत किया गया है।







राजधानी के सबसे पुरानी और प्रसिद्ध गुढ़ियारी पड़ाव इलाके में हनुमानजी की विविध लीलाओं को प्रस्तुत किया गया है। गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति के प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि झांकी में हनुमानजी के जन्म के पश्चात सूर्य को निगलने, माता सीता की खोज के लिए जाते समय समुद्र के ऊपर उड़ने और सुरसा के मुख से निकलने, सीना चीरकर श्रीराम-सीता की छवि को प्रस्तुत करती झांकी का निर्माण किया गया है। पंडाल में मिशन मून की सफलता को भी दिखाया गया है। 10 हजार फीट में झांकी का निर्माण दुर्ग के कलाकारों ने किया है। विशाल झांकी को देखने के लिए 20 मिनट का समय लगेगा।

गंजपारा में अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की झांकी श्रद्धालुओं को लुभाएगी। श्रीश्री विनायक गणेश उत्सव समिति के संस्थापक सोनू राजपूत ने बताया कि झांकी में श्रीराम द्वारा रावण वध के पश्चात अयोध्या लौटने के दृश्य को पेश किया गया है। पंडाल में श्रीराम धुन की गूंज सुनाई देगी। आने वाले वर्ष में अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण होने की पूरी संभावना है, इसे देखते हुए श्रीराम मंदिर की थीम को महत्व दिया गया है।

राठौर चौक, गोलबाजार, सुंदर नगर, कुशालपुर, डंगनिया में किसानों के महत्व को दर्शाती झांकियां, श्रीकृष्ण लीला, समुद्र मंथन की झांकी तथा पर्यावरण को बचाने का संदेश देने के लिए इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं विराजित की जाएंगी।

**राजभाषा आयोग का प्रांतीय सम्मेलन 23 व 24 को होटल बॉबीलान में**

**राजिम,** 18 सितंबर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 23 एवं 24 सितम्बर को बेबीलोन हांटल रायपुर में आयोजित है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों पर चर्चा गोष्ठी एवं प्रथम दिवस रात्रि 09 बजे से अनवरत कवि सम्मेलन सम्पन्न होगा। जिसमें गरियाबंद जिले के कवि गण भी भाग लेंगे।



# भूपेश का छग मॉडल फेल : कौशिक

## किसान और मजदूरों के जीवन में बदलाव भाजपा की देन

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस छत्तीसगढ़ मॉडल को लेकर मैदान में उतरेगी इसे लेकर भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि इनके गठबंधन के लगातार विवादित बोल सामने आ रहे हैं. सनातन संस्कृति को खंडित करने का काम किया जा रहा है. भूपेश बघेल का छत्तीसगढ़ मॉडल फेल हो चुका है. इनको वन नेशन वन इलेक्शन पर सहमति देना चाहिए. फिर छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए. भूपेश बघेल जहां-जहां छत्तीसगढ़ मॉडल लेकर गए वहां की जनता ने नकारा है. नवंबर के चुनाव में पता चल जायगा छत्तीसगढ़ मॉडल कितना सफल हैं



अखिलेश यादव के छत्तीसगढ़ दौरे पर कौशिक ने कहा कि क्कमें बसपा और सपा, दोनों को चुनाव में हार मिली है. क्क की जनता ने उन्हें खारिज कर दिया. अखिलेश के छत्तीसगढ़ आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा. चाहे वह गठबंधन कर लें. प्रियंका गांधी 21 सितंबर को भिलाई दौरे पर आने वाली हैं, इसे लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का भूपेश बघेल पर से भरोसा खत्म हो गया है. उनको पता चल गया है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में वे चुनाव हारेंगे. इसलिए अब राष्ट्रीय नेताओं को आना पड़ रहा है.

धरमलाल ने सीएम भूपेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि किसान और मजदूरों के जीवन में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने का काम बीजेपी ने 15 सालों तक किया है. किसान और मजदूर के जीवन में जो परिवर्तन आया वह बीजेपी की देन है. भूपेश सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे लाभ मिला हो. बता दें कि सीएम भूपेश ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि बीजेपी को चुनाव के समय किसान और मजदूर याद आते हैं.

**विधायक रामकुमार यादव को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना**

वहीं कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव के मामले में कौशिक ने कहा कि इस मामले में मौन रहने से काम नहीं चलेगा. बीजेपी ने आरोप लगाया है तो सरकार को जांच करानी चाहिए. विधायक किसके घर में बैठे हैं, पैसा किसका है ये जांच होनी चाहिए. जो खुद को गरीब बताते हैं उनके सामने रखा पैसा किसका है ये सबको पता चलना चाहिए.ज्ज

# विधायक रामपुकर के वायरल वीडियो पर बोले कौशिक, किसका पैसा है? खुलासा हो?



**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दिग्गज नेत्री प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। दोनो नेताओं के दौरे को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक ने तीखा हमला किया है।

कौशिक ने कहा कि च्प्रियंका गांधी 21 सितंबर को भिलाई दौरे पर आने वाली हैं, इसे लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का भूपेश बघेल पर से भरोसा खत्म हो गया है। उनको पता चल गया है कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में वे चुनाव हारेंगे। इसलिए अब राष्ट्रीय नेताओं को आना पड़ रहा है।ज्ज

इधर कौशिक ने कहा कि च्उत्तरप्रदेश में बसपा और सपा, दोनों को चुनाव में हार मिली है। क्क की जनता ने उन्हें खारिज कर दिया।अखिलेश के छत्तीसगढ़ आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा,चाहे वह गठबंधन कर लें।ज्ज

इधर धरमलाल कौशिक ने सीएम भूपेश बघेल के बयान पर भी पलटवार किया है। कौशिक ने कहा कि किसान और मजदूरों के जीवन में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने का काम बीजेपी ने 15 सालों तक किया है।किसान और मजदूर के जीवन में जो परिवर्तन आया वह बीजेपी की देन है।

भूपेश सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिसे लाभ मिला हो। बता दें कि सीएम भूपेश ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि बीजेपी को चुनाव के समय किसान और मजदूर याद आते हैं।

**विधायक रामकुमार यादव के वायरल वीडियो में साधा निशाना**

वहीं कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव के मामले में कौशिक ने कहा कि इस मामले में मौन रहने से काम नहीं चलेगा। बीजेपी ने आरोप लगाया है तो सरकार को जांच करानी चाहिए।विधायक किसके घर में बैठे हैं, पैसा किसका है ये जांच होनी चाहिए। जो खुद को गरीब बताते हैं उनके सामने रखा पैसा किसका है ये सबको पता चलना चाहिए।

### सनसिटी में भजन सम्राट सुशील बजाज का कार्यक्रम कल

**राजनांदगांव** 18 सितंबर। देश के प्रसिद्ध भजन सम्राट एवं बाबा के भजन गायक स्वर्गीय गोपाल बजाज के चिरंजीव सुशील गोपाल बजाज द्वारा जम्मा जागरण का कार्यक्रम 20 सितंबर को सनसिटी में प्रस्तुत किया जाएगा।

# प्रदेश की अस्मिता, स्वाभिमान व सम्मान की प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी : भूपेश



**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतिमा अनावरण के उपरांत कहा कि, छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि, सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है ताकि लोगों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत की जा सके। अपने तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि , छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। बोरे-बासी को आज पूरा देश जानने लगा है। आदिवासी नृत्य महोत्सव, देवगुड़ी का कायाकल्प, आदिवासी परब सम्मान निधि जैसी पहल के माध्यम से जनजातीय संस्कृति को सम्मान दिलाने का काम किया गया है।ज्ज

# यूपी से मिला मुआवजा तक खा गए छग के भ्रष्टाचारी : मौर्य

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार पर अमवार डैम में विस्थापितो के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए 61 करोड़ रुपये में आधे से ज्यादा राशि डकारने का आरोप लगाया है। राजपुर में परिवर्तन यात्रा के दौरान आज विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बोध के पैसों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने वालों को बख्शेगी नहीं और उन पर लखनऊ में मुकदमा चलाया जाएगा।

**करप्शन, कमीशन, क्राइम की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंके, कमल खिलाए, खुशहाली लाएं**

श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भूपेश बघेल की सरकार को बलरामपुर जिले में मुआवजे और क्षेत्र के विकास के लिए 70 करोड़ रुपए दिए है। 9 करोड रुपए मुआवजे के लिए और 61 करोड रुपए क्षेत्र के विकास के लिए, स्कूल बनाने, सड़क बनाने, अस्पताल बनाने के लिए दिए थे पता चला है कि उसमें भी आधा पैसा खा गए। हमने जो पैसा भेजा है जिस काम के लिए भेजा है, अगर वह पैसा उस मद में खर्च नहीं किया गया होगा तो उसका मुकदमा लखनऊ में होगा और बेईमानी करने वालों को गिरफ्तार करके ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी खत्म हो सकती है तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं हो सकती। उत्तर प्रदेश में अपराध के खिलाफ कार्रवाई हो सकती तो छत्तीसगढ़ में भी होनी चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में व्याप्त भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था, न खाऊंगा न खाने दूंगा। अगर किसी ने मेरे गरीब का पैसा खाने की कोशिश की तो उसका भी पता करके निकाल कर गरीब कल्याण में समर्पण कर दूंगा। यहां भ्रष्टाचारियों के यहां छापे पड़े तो कांग्रेसी बिलबिला रहे हैं। यदि कोयले की खदान से एक-एक दिन में 40-40 करोड़ कमीशन लेंगे। गरीबों का शोषण करेंगे तो छापे पड़ने ही चाहिए। गोबर खरीदी में बड़े घपले का आरोप लगते हुए श्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेसियों की कमेटी बनाकर उन्हीं के खाते में पैसा डालने का काम किया गया। कांग्रेसियों की कमेटी बनाकर कांग्रेसियों के खाते में ही गोबर का पैसा जा रहा है। कांग्रेस के इसी चरित्र के कारण हमारा देश पीछे रहा लेकिन जब आपने मोदी जी को भारत का प्रधानमंत्री बना दिया तो आज भारत सबसे आगे है। सारी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के पीछे खड़ी है। अभी जी-20 में दुनिया भारत के पीछे खड़ी थी । यह ताकत किसकी है? यह अकेले मोदी जी का सम्मान नहीं है। यह देश के एक-एक गरीब का सम्मान है, किसान का सम्मान है, एक-एक आदिवासी भाई बहन का सम्मान है, एक-एक नौजवान का सम्मान है, महिला शक्ति का सम्मान है। श्री मौर्य ने कांग्रेस की कमीशन संस्कृति कि तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधे किसान को न भेजी जाए तो ये लोग उसमें भी कमीशन खा लेंगे। कांग्रेस का चरित्र ही कमीशन वाला रहा है। कांग्रेस का चरित्र करप्शन वाला रहा है। कांग्रेस का चरित्र क्राइम वाला रहा है। ये ट्रिपल सी वाले हैं इनको उखाड़ फेंक देना चाहिए ।

## निधन

### धर्मिन बाई यदु

**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर। कन्हार गांव निवासी श्रीमती धर्मिन बाई यदु का निधन हो गया है। उनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। वे सनत, शेखर यदु की माता व जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा यदु की दादी मां थीं।



### अमरनाथ दुबे

**बलौदाबाजार,** 18 सितम्बर। समीपस्थ ग्राम रिसदा निवासी अमरनाथ दुबे 26 वर्ष का अस्वस्थ के चलते बिलासपुर एम्स में विगत दिनों निधन हो गया। वे विकास दुबे के पुत्र थे। जिसका अंत्येष्टि गृह ग्राम रिसदा में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग व गांव वाले शामिल हुए।



### दुवास राम कैवर्त

**बिलाईगढ़,** 18 सितंबर। ग्राम पंचायत दवरहा निवासी दुवास राम कैवर्त उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत छपोरा के पंचायत सचिव चितरंजन कैवर्त के पिता थे। आज सुबह गांव के मुक्तिबोध में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### कृष्ण कुमार सिंह चौहान

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अधिकारी, ब्लॉक 17 प्लांट 8 नेहरू नगर पूर्व निवासी कृष्ण कुमार सिंह चौहान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 84 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 18 सितंबर को दोपहर 1 बजे दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, वे अनिरुद्ध सिंह चौहान, रुद्र प्रताप सिंह चौहान के पिता, अभिमन्यु सिंह चौहान, विदुषी चौहान के दादा, डॉ. वी.एस.बघेल, डॉ.जय सिंह बघेल के मामा, डॉ.सुमन सिंह चौहान के देवर थे।



### श्रीमति तारामति लोहबरे

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर। सड़क 15, प्रगति नगर, रिसाली निवासी तारामति लोहबरे, पत्नी लक्ष्मीकांत लोहबारे का 47 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार सितंबर 18 सोमवार को दोपहर 3 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय लोहबरे की भाभी और प्रखर लोहबरे एवं सजल लोहबरे की माता थीं।



### दीप्ति सिंह राजपूत

**राजनांदगांव,** 19 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत के लघु भ्राता टार्जन सिंह राजपूत की धर्मपत्नी दीप्ति सिंह का आज आकस्मिक निधन हो गया। 44 वर्षीय दीप्ति राजपूत को स्वास्थ्यगत कारण से एम्स रायपुर में भर्ती किया गया था। जहां उन्होंने देर रात्रि को अंतिम सांस ली, आज दोपहर 12.00 बजे स्थानीय लखोली स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। दीप्ति राजपूत अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।



# जीएसटी में बदलाव, 50 हजार से अधिक का माल भेजने पर ई-वे बिल जरूरी

**रायपुर,** 18 सितंबर। जीएसटी के तहत कुछ नए नियम आए हैं और अब 50 हजार रुपये से अधिक का माल भेजने पर ई-वे बिल जरूरी है। इसके साथ ही दो लाख रुपये से अधिक का सोना या कीमती नगों के साथ भी ई-वे बिल होना अनिवार्य है।

माल भेजने वाला व्यापारी भी इस बिल को जारी कर सकता है और माल मंगाने वाला व्यावसायी भी इसे जारी कर सकता है। अगर दोनों में से किसी ने जारी नहीं किया है तो उस माल को भेजने वाला ट्रांसपोर्टर भी ई-वे बिल जारी कर सकता है।

**दो लाख से अधिक के सोना या कीमती नगों के लिए भी अनिवार्य**

ई-वे बिल एक प्रकार की डिजिटल रसीद है, जो कि जीएसटी के ई-वे बिल पोर्टल की मदद से बनाई जाती है। इसमें भेजे जा रहे माल संबंधी विवरण दर्ज होते है। साथ ही माल भेजने वाले का जीएसटी नंबर और सौदे संबंधी डिटेल्स, माल को मंगाने वाले के डिटेल्स व वाहन से ले जाने वाले का भी डिटेल्स आवश्यक होता है। ई-वे बिल 12 अंकों का विशिष्ट नंबर होता है, इसे ईबीएन भी कहते हैं।

**50 हजार से अधिक की सप्लाई पर जरूरी**

अगर ट्रांसपोर्ट किए जाने वाले माल की कुल कीमत 50 हजार से अधिक है तो उसके लिए ई-वे बिल अनिवार्य है। इसके साथ ही राज्य की सीमाओं के अंदर माल भेजने पर भी और राज्य की सीमा के बाहर भी माल भेजने पर नियम लागू होता है।

**इस स्थिति में भी लागू होगा नियम**

बताया जा रहा है कि किसी एक कारोबारी की ओर से चाहे पूरे माल के लिए अकेली रसीद 50 हजार की हो तब भी यह नियम लागू होगा। या फिर कई रसीदें होने पर 50 हजार से अधिक हो ,तब भी यह नियम लागू होगा।

**जीएसटी वाली वस्तुओं की कीमत की गणना**

नियम के अनुसार इसमें मूल्य की सीमा तय करने में सिर्फ उन वस्तुओं को शामिल किया जाएगा जिन पर जीएसटी लगा है। इससे पहले यह नियम था कि 50 हजार तक की लिमिट में सभी प्रकार की वस्तुएं शामिल थीं।

**वापसी माल के साथ भी ई-वे बिल जरूरी**

माल अगर वापस भेजा जा रहा है तो उसके साथ भी ई-वे बिल जरूरी है। बिना भुगतान के भी अगर माल भेजा जा रहा है तो ई-वे बिल जरूरी है।बताया जा रहा है कि जिस राज्य से माल खरीदा गया है,अगर उसी राज्य के भीतर 50 किमी के अंदर उसे भेजा जा रहा है तो उसके लिए ई-वे बिल अनिवार्य नहीं है। पहले यह छूट राज्य के भीतर केवल 10 किमी दूरी तक थी। ई-वे बिल संबंधी प्रक्रियाओं के निपटाने के लिए पोर्टल की मदद ले सकते है। ई-वे बिल एसएमएस, एनड्रायड एप और एपीआइ सिस्टम से कहीं भी जारी किया जा सकता है। नए नियम के अनुसार अगर आप राज्य के भीतर दो लाख रुपये से अधिक का सोना या कीमती धातु भी ले जाते है तो ई-वे बिल जरूरी है।

# रविवि में 8 वर्ष बाद 49 शैक्षणिक पदों पर भर्ती

**रायपुर,** 18 सितंबर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) में आठ वर्षों बाद 49 नियमित पदों पर भर्ती हो रही है। इनमें 44 पद आरक्षित रखे गए हैं। महज पांच पद अनारक्षित हैं। विश्वविद्यालय के अलग-अलग 24 विभागों में नियमित प्राध्यापकों की भर्ती के लिए आवेदन मंगवाए जा रहे हैं। इन पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार 11 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। चार विभागों में ही सिर्फ अनारक्षित कोटे के पद रखे गए हैं। इनमें कंप्यूटर साइंस में एक असिस्टेंट प्रोफेसर, फिलासफी एंड योगा में एक प्रोफेसर, इनोवेटिव प्रोग्राम एमटेक इन आप्टोइलेक्ट्रानिक्स एंड लेजर टेक्नोलाजी एक असिस्टेंट प्रोफेसर और हिंदी विभाग में दो असिस्टेंट प्रोफेसर के पद हैं। 49 पदों में प्रोफेसर के आठ, एसोसिएट प्रोफेसर के 22 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 19 पद हैं।




पिछली बार पीआरएसयू में शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए 2015 में विज्ञापन जारी हुआ था। आवेदन भी मंगाए गए थे, लेकिन बाद में भर्ती रद हो गई थी। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 223 स्वीकृत शैक्षणिक पद हैं। इनमें से 104 पद भरे और 119 खाली हैं। विश्वविद्यालय में लगातार हर वर्ष प्रोफेसर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। नई भर्ती नहीं होने के कारण अध्ययन-अध्यापन पर भी इसका असर पड़ रहा है। बहुत सारे विभाग ऐसे हैं जिनमें आधे से ज्यादा सीटें खाली हैं। साइंस और मैथ्स को छोड़कर आर्ट्स के बहुत सारे विषयों में सीटें नहीं भरी हैं। भर्ती से संबंधित दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

**इन विभागों में होगी भर्ती**

भूगोल, समाज शास्त्र, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति और पुरातत्व, कंप्यूटर साइंस, साहित्य और भाषा अर्थशास्त्र, फिजिक्स एंड एस्ट्रोफिजिक्स, फिलासिफी एंड योगा, इलेक्ट्रानिक्स एंड फोटोनिक्स, आप्टोइलेक्ट्रानिक्स एंड लेजर टेक्नोलाजी, बायो साइंस, एमबीए, बायो टेक्नोलाजी, मैथ्स, फार्मेसी, एंथ्रोपोलाजी, ला, रीजनल स्टडीज, जिओलाजी, सेंटर फार बेसिक साइंस, हिंदी, साइंस, लाइब्रेरी इंफार्मेशन और स्टेटिस्टिक्स विषय के लिए भर्ती की जाएगी।

# युवा उत्सव का आयोजन 22 को

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। सीआईआई छत्तीसगढ़ और वाय आई रायपुर चैप्टर के द्वारा उत्सव 2.0 का आयोजन 22 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से शाम को 5 बजे तक किया गया है।जिसमें युवा यह जान सकेंगे कि वे ड्रीम को कैसे पूरा कर सकते हैं और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकते हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्वेता सोनगेन, अनुजा भादुरी, सिद्धार्थ अग्रवाल, अलोक अग्रवाल व संतोष गढ़ेचा ने बताया कि शिक्षा और कौशल पैनल पर युवा उत्सव 2.0 का आयोजन 22 को किया गया है।जिसका विषय सपने हकीकत की ओरः भारत का वैश्विक उत्थान रखा गया है। जिसमें रायपुर शहर के 13 से अधिक कॉलेजों,विश्वविद्यालयों के 1500 से अधिक छात्रों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी राज्य का युवा उसकी जीवंत क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रगति और समृद्धि के भावी वास्तुकारों का प्रतीक है। उनकी जीवटता, रचनात्मकता और अनुकूलनशीलता किसी भी समाज के लिए अमूल्य संपत्ति हैं।



**युवा जानेंगे अपने ड्रीम को कैसे पूरा करें**

हालाँकि, इस क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, उन्हें सही कौशल के साथ सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। युवाओं को कौशल प्रदान करना न केवल उन्हें आधुनिक नौकरी बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करता है बल्कि नवाचार, उद्यमिता और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है। युवा उत्सव 2.0 में युवा अपने ड्रीम को कैसा पूरा करें इस बारे में विशेषज्ञों के द्वारा बारीकी से जानकारी दी जाएगी। जिसमें प्रमुख वक्ता के रुप में आईआईएम ए विजिटिंग फैकल्टी के प्रशिक्षक व लेखक स्नेहल देसाई, रूबंस एक्सेसरीज़ के संस्थापक चीनू काला, टीवीएफ के कार्यकारी क्रिएटिव डायरेक्टर पलाश वासवानी, एटिपिकल एडवांटेज के संस्थापक विनीत सरायवाला, यूट्यूबर और फिनोलॉजी वेंचर्स के निवेशक सीईओ व लेखक प्रांजल कामरा, ओलाको के संस्थापक श्रेयान डागा, कवि और स्टैंडअप कॉमेडियन रजत सूद तथा सिर्फ एक बंदा काफी है और स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स 1.5 के लेखक दीपक किंगरानी अपने अनुभव साझा करेंगे।

# कांग्रेस सरकार में किसानों को धान की कीमत 2800 से 3600 रु तक मिलेगा

## भूपेश सरकार में वायदे से ज्यादा मिल रहे हैं फ़सल के दाम : दीपक बैज

**रायपुर** 18 सितंबर । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में किसानों को 2800 से 3600 रु. प्रति चिंटल धान की क़ीमत मिलेगा। इसी को रोकने भाजपा के छत्तीसगढ़ के नेता केंद्र सरकार के माध्यम से राज्य की धान खरीदी बंद करवाना चाहते हैं। केंद्र ने राज्य से चावल लेने के कोटे में कटौती करती हैं, 86 लाख टन को घटा कर 61 लाख कर दिया। बारदाना में भी कटौती कर दिया, राज्य के भाजपा नेता इस पर राज्य की बजाय केंद्र का पक्ष ले रहे हैं। राज्य के खिलाफ झूठ बोल रहे हैं। छत्तीसगढ़ का किसान भारतीय जनता पार्टी के झूठ, भ्रम और छलावे में नहीं आने वाला है, भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत वायदे से ज्यादा मिल रहा है, आगे और ज्यादा की उम्मीद भी किसानों को भूपेश सरकार से है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की इनपुट सब्सिडी की राशि को मिलाकर पिछले खरीफ सीजन में धान का प्रतिफल छत्तीसगढ़ के किसानों को 2640 और 2660 रूपए प्रति चिंटल मिला है जो देशभर में सर्वाधिक है। कोदो 3000 रूपए प्रति चिंटल, कुटकी 3100 और रागी की खरीदी 3578 रूपए प्रति चिंटल की दर पर केवल छत्तीसगढ़ में ही हुई है। आने वाले समय में धान की कीमत 2800 रु. से, 3600 रू. प्रति चिंटल तक मिलेगा। भाजपा के 2183 पर भी छत्तीसगढ़ के किसानों को भरोसा नहीं है। छग के किसान यह समझ चुके हैं कि कैसे चुनाव करीब आते ही भाजपाई किसान हितैषी होने का ढोंग करने लगते हैं। रमन राज के कुशासन और वादाखिलाफी के साथ ही मोदी सरकार के झूठे वादे और जुमले भी किसानों को याद है। 2014 में वादा किया था भाजपा ने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सी-2 फार्मूले पर 50 प्रतिशत लाभ के साथ एमएसपी देने का, 9 साल हो गए क्या हुआ उस वादे का? 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने का वादा मोदी सरकार ने किया था लेकिन किए उल्टा, कृषि की लागत 3 गुना बढ़ा दी। पोटाश की कीमत 800 से बढ़कर 1700, कीटनाशक के दाम 4 गुना तक बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए के दौरान केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार ने 2004-05 से 2013-14 के बीच धान की एमएसपी में कुल 134 प्रतिशत की वृद्धि किया था।लेकिन मोदी सरकार ने 2003-04 से लेकर खरीफ सीजन 2023-24 के लिए घोषित समर्थन मूल्य अर्थात 10वीं बार में धान के समर्थन मूल्य में कुल वृद्धि मात्र 66.64 प्रतिशत बढाया है।इसका अर्थ साफ है कि मनमोहन सरकार की तुलना में मोदी सरकार में धान की एमएसपी वृद्धि दर आधे से भी कम है। भूपेश सरकार ने तो भाजपाइयों के तमाम अड़ंगेबाजी के बावजूद, बिना किसी भेदभाव के छत्तीसगढ़ के किसानों को अपने संसाधनों से इनपुट सब्सिडी दे रही है और आगे भी देगी।



# भगवान परशुराम की मूर्ति का नवनिर्माण कर विकास ने बुजुर्गों से कराया लोकार्पण

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पश्चिम विधान सभा स्थित कोटा स्टेडियम के सामने नवनिर्मित भगवान श्री परशुराम की भव्य प्रतिमा का क्षेत्र के सम्मानित बुजुर्गों द्वारा विधायक विकास उपाध्याय ने कराया लोकार्पण। विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर कोटा क्षेत्र में भगवान की मूर्ति के पास मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन कीर्तन का विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की जनता ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भजन का आनंद उठाया तत्पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन रहा।



विकास उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि भगवान परशुराम सर्व ब्राम्हण समाज के आराध्य है, हमारी सरकार बनने के बाद रायपुर पश्चिम में लगभग सभी जाति के आराध्य भगवान को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। भगवान परशुराम को विष्णु भगवान का छठवां अवतार माना जाता है।उन्हें 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम आज भी इस धरती पर मौजूद हैं।भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना से रायपुर पश्चिम के सर्व ब्राह्मण समाज मे उत्साह का माहौल है। समाज के लोगो ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।उक्त निर्माण कार्य में अंजू चंद्रशेखर तिवारी, अमृत लाल बिल्थरे, शारदा महराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीजे की धुन पर नाचने से रोकने पर पिटाई

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। डीजे की धुन पर डांस करने के दौरान दो जगहों पर युवकों के बीच जमकर विवाद हो गया। मामले में शोभा यात्रा के दौरान रास्ता देने को लेकर कुछ लड़कों ने एक युवक की पिटाई कर दी। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के डाण्डे मोहल्ले के कुछ युवक भगवान गणेश जी की मूर्ति लेकर आ रहे थे। वहां से गुजर रहे डेविड डहरिया ने उन्हें रास्ता देने को कहा। इस बात से नाराज होकर आकाश बारले और अन्य साथियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पिटाई से पीड़ित के सिर और हाथ में चोटें आई हैं।

# अग्रसेन जयंती पर दौड़ व साइकिलिंग का आयोजन

**रायपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा रायपुर की युवा इकाई अग्रवाल युवा मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सामाजिक दायित्व और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए मतदान का सामाजिक संदेश देने के लिए सर्व समाज के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 5.5 किलो मीटर दौड़ और 13 किलो मीटर साइकिलिंग किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 6ः30 बजे मरीन ड्राइव में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आयोजकों ने लिंक और क्यू आर कोड जारी किया है, जिसमें इच्छुक लोग फ्री ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं।

यह चुनावी वर्ष है और मतदान प्रजातांत्रिक व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने और मतदान को बढ़ावा देने का संदेश देने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा दौड़ और साइकिलिंग का आयोजन अग्रसेन जयंती महोत्सव पर किया जा रहा है।

**दौड़ और साइकिलिंग कार्यक्रम के रूट:** दौड़ मरीन ड्राइव से शुरू होकर करीब कैनाल रोड में शंकर नगर , रानी सती मंदिर, राजा तालाब होते हुए पंडरी से वापस मरीन ड्राइव पर समाप्त होगी।

**साइकिलिंग:** साइकिलिंग मरीन ड्राइव से शुरू होकर नियत मार्गो से होकर विधानसभा के पास स्थित अंजनेय यूनिवर्सिटी में समाप्त होगी।

समाज ने लोगों से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा लें और एक सामाजिक संदेश देने के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में निम्न वर्गों में लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा. जिसमें पुरुष (खुली श्रेणी), महिला (खुली श्रेणी),अग्रवाल पुरुष, अग्रवाल महिला, सीनियर सिटीजन और साइकिलिंग शामिल है।

गणेशोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...


वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभा
निर्विघ्नं कुरू में देव, सर्वकार्येषु सर्वदा












## भगवान गणेश जी की आरती

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी ।
माथे सिंदूर सोहे मूसे की सवारी ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

पान चढ़े फल चढ़े, और चढ़े मेवा ।
लड्डुअन का भोग लगे संत करें सेवा ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

अंधन को आंख देत,कोढ़िन को काया ।
बांझन को पुत्र देत निर्धन को माया ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

'सूर' श्याम शरण आए, सफल कीजे सेवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥


दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी ।
कामना को पूर्ण करो जाऊं बलिहारी ॥

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती पिता महादेवा ॥









संपादकीय

# चावल और चुनाव

*छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि उत्पाद धान है। धान पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था तो निर्भर है ही, लगता है कि कुछ ही महीनों के बाद होने जा रहे विधानसभा चुनाव का भी यही मुद्दा होगा। दोनों प्रमुख दल यानी सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी चावल के मसले पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।*

*इसी माह की 9 तारीख को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने ध्यान में लाया था कि राज्य को भारतीय खाद्य निगम से 2205.30 करोड़ रुपये तथा नागरिक आपूर्ति निगम से 3.43 लाख रु. चावल उपार्जन के लेने हैं। केन्द्र सरकार को चाहिये कि यह राशि तत्काल जारी करे। उसके कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र को एक पत्र भेजकर सेंट्रल पूल में चावल न घटाने का अनुरोध किया है। इस मद में 86.5 लाख टन उठाव का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा था जिसे केन्द्र ने घटाकर 61 लाख टन कर दिया है। चावल पैकिंग के बारदानों को न घटाने का भी आग्रह सीएम ने किया था।*

*इन मांगों और छग की ज़रूरतों पर केन्द्र सरकार क्या करने जा रही है, यह तो ज्ञात न हो सका परन्तु केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल अचानक शुक्रवार को रायपुर पहुंच गये और उन्होंने कथित चावल घोटाले की जांच शुरू कर दी। भारतीय खाद्य निगम का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में बड़ा चावल घोटाला हुआ है। उनके अनुसार बघेल ने 86 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने को लेकर केन्द्र को जो पत्र लिखा है उसका उद्देश्य चुनावी वर्ष में राज्य के किसानों में भ्रम फैलाना है। गोयल का कहना था कि जब राज्य ने पिछले वर्ष का 61 लाख मीट्रिक टन ही नहीं दिया है तो 86.5 लाख मी. ट. कहां से दिया जा सकता है। खासकर, जब राज्य में इसका इतना उत्पादन ही नहीं हो रहा है। इसलिये इसमें घोटाला होने की पूरी आशंका है। केन्द्रीय मंत्री का यह भी दावा था कि अगर राज्य पूरी ईमानदारी बरते तो केन्द्र 100 लाख मी.ट. चावल लेने के लिये भी तैयार है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में भी गोयल का कहना था कि सारा पैसा केन्द्र दे रही है-एमएसपी एवं सम्मान राशि के रूप में। उनका कहना था कि केन्द्र को कई शिकायतें इस बाबत मिली हैं इसलिये वे जांच के लिये आये हैं। साथ ही, 24 से 27 जुलाई तक यहां उनके विभाग की ओर से जांच के लिये अधिकारियों की टीम भेजी गयी थी।*

*मुख्यमंत्री का इन आरोपों पर दावा है कि यह चुनावी वर्ष है इसलिये मुद्दाविहीन भाजपा का यह चुनावी प्रलाप है। बघेल के अनुसार पहले भी जांच हुई पर कुछ नहीं निकला। जो भी हो, केन्द्र एवं सरकार इसे चुनावी मुद्दा न बनाये क्योंकि यह छग के लिये महत्वपूर्ण मुद्दा है।*

उल्टा पुल्टा

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं।

# महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीजा

## बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन पर रही तिजाहरिनों की भीड़



**दुर्ग,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर आज महिलाओं ने तीजा का उपवास पूरे विधि विधान से रखा। रात्रि में पूजा अर्चना की। आज सुबह से ही शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं स्त्री पुरूषों की काफी भीड़ देखी गई। बाजारों में भी आज मजबूत ग्राहकी रही। यहीं नहीं तीजा पर महिलाओं के मायके आने के रिवाज के चलते आज बस स्टैंड, टेम्पो स्टैंड टेक्सी स्टैंड, रेल्वे स्टेशनों में भी तिजहारिनों की अच्छी खासी भीड़ रही। निजी वाहनों से भी आवागमन चलते रहा। ट्रेने निरस्त होने का भी असर तीजा त्यौहार पर पड़ा।

आज महिलाओं का प्रसिद्ध पर्व तीजा मनाया गया। इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत कर शाम को शिव पार्वती की पूजा कर ली है। छत्तीसगढ़ का एक काफी पुराना व पारम्परिक रिवाज लड़कियों का ससुराल से मायके आना है। इस रिवाज के चलते विगत दो तीन दिनों से प्रत्येक रूट की बसें ठसाठस चल रही है। आज भी बस स्टैंड में यात्रियों से भरी बस दिनभर आती जाती रही। महिलाएं दुर्ग से अन्यंत्र जाती रही। इसी तरह टेम्पो, टेक्सी व निजी कार से भी मायके जाती व आती रहीं। जो लोग निजी तौर पर यात्रा व्यय वहन कर सकते थे वे निजी साधनों से आते जाते रहे मगर मध्यमवर्गी लोग ट्रेनों के रद्द होने से मन मसोस कर रह गई। रात्रि में कहीं पर निजी तौर पर कहीं सामूहिक तौर पर तीजा का फुलहरा लगाकर पूजन किया गया। आज तीजा पर बाजारों में भी अच्छी खासी भीड़ रही। साड़ी कपड़ों की दूकान से लेकर टेलरिंग शाप, पीकू फाल लगाने वालों के यहां तक काफी भीड़ रही। आज जो महिलाएं तीजा मनाने मायके आई है इनकी भीड़ बाजार में ज्यादा देखी गई। शासन द्वारा तीजा व गणेश पर्व पर दिये गये शासकीय अवकाश का भी आज बाजार पर पूरा प्रभाव देखा गया।

# विश्वकर्मा विसर्जन के लिये जाती पिकअप पलटी, 35 लोग चोटग्रस्त हुए

■ 6 अस्पताल में भर्ती, 2 आईसीयू में

**दुर्ग**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम मार्ग पर ग्राम सिर्री के मोड़ के पास अनियंत्रित होकर एक मालवाहक वाहन के पलट जाने से उसमें सवार लगभग 35 लोगों में से सभी को चोट पहुंची है मगर 6 लोग गंभीर घायल बताये जा रहे है।

ये सभी लोग भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन के लिये राजिम जा रहे थे कि यह हादसा हो गया। इस हादसे में घायल ज्यादातर लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया है। 6 लोगों को अभी भी अस्पताल में भर्ती रखा गया है। इनमें से दो लोग आईसीयू में है। ये सभी चोटग्रस्त लोग पोटिया कुंदरापारा के रहने वाले है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह सभी कामगार मजदूर परिवार विश्वकर्मा विजर्सन के लिये एक माल वाहक वाहन पिक्अप से राजीम जा रहे थे। लोगों की आमराय विश्वकर्मा विसर्जन के उपरांत राजीम मंदिर में दर्शन की थी। इस वाहन में सभी उम्र के स्त्री पुरूष बच्चें थे। रास्ते में ग्राम सिर्री के पास पलट गई। इन सभी को आसपास के लोगों की सहायता से दुर्ग जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद राहत मिलने पर अधिकांश लोगों को छोड़ दिया गया। 6 लोगों को अभी भी अस्पताल में रखा गया है।

# मलकीत सिंह हत्याकांड के विरोध में शहर बंद का आव्हान असर आंशिक

**दुर्ग**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। गुरूद्वारा बेबे नानकी जी प्रबंध कमेटी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह के पुत्र मलकीत सिंह उर्फ वीरू की हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत द्वारा किये गये दुर्ग-भिलाई बंद का आज शहर में आंशिक असर ही रहा। बंद समर्थक सुबह से ही बाजारों को बंद कराने घूमते रहे। बाजार का मौसम के कारण बंद अपना खासा प्रभाव नहीं छोड़ा।

उक्त हत्याकांड के विरोध में छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे बंद का आव्हान किया गया था। बंद को चेम्बर ऑफ कामर्स व भाजपा का भी समर्थन प्राप्त था। सिक्ख समाज के साथ ही विभिन्न परिचितों में भारी रोष है। खुर्सीपार थाना परिसर के साथ में थाना में प्रदर्शन लगातार जारी है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी फरार बताया जाता है। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजन 50 लाख के मुआवजे व सरकारी नौकरी की मांग कर रहे है। दूसरी तरफ शासन द्वारा 5 लाख नकद व डेली विजेस में परिवार के एक व्यक्ति की नौकरी की मांग की है।

उक्त धरना प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, सांसद विजय बघेल सहित अनेक लोग बैठें।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर गठित की गई कमेटियां






**दुर्ग,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के 21 सितंबर को दुर्ग पहुंचने पर भव्य स्वागत के लिये अलग अलग कमेटियां बनाई गई।

इस कमेटियों की भाजपा कार्यालय में अलग अलग बैठकें लेकर उनकी जवाबदारियों से अवगत कराया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने सभी यात्रा प्रभारियों से आग्रह किया है कि वे अपनी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

परिवर्तन यात्रा के दौरान जनसभा प्रबंधन समिति में जिला प्रभारी चतुर्भुज राठी, देवनारायण चंद्राकर, राहूल गुलाटी, बाईक रैली की जिम्मेदारी जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव को सौंपी गई। उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर के नेतृत्व में पार्षद दल की बैठक हुई।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, परिवर्तन यात्रा दुर्ग जिला प्रभारी चतुर्भुज राठी, शहर विधानसभा प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, सह प्रभारी डॉ राहुल गुलाटी के साथ जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, मंत्री दीपक चोपड़ा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, सह प्रभारी नारायण दत्त तिवारी, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढ़ई, डॉ सुनील साहू, सुनील अग्रवाल, विजय ताम्रकार, मंडल महामंत्री कृष्णा निर्मलकर, सैयद आसिफ अली, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली सचदेव, उपाध्यक्ष सानिध्य चंद्राकर, अबीर गोयल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्कल समाज ने निकाली नुआखाई की पूर्व संध्या पर विशाल शोभायात्रा




**दुर्ग**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। उत्कल समाज द्वारा नुआखाई पर्व के पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बहाने उत्कल समाज द्वारा अपनी सामाजिक एकता का प्रदर्शन किया गया। हाथी घोड़े के साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी की झांकी आज की शोभायात्रा का महत्वपूर्ण आकर्षक रहा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में उत्कल समाज के स्त्री-पुरूष, बच्चें बुजुर्ग सभी लोग शामिल रहें।

नुआखाई का जुलूस सर्किट हाऊस के सामने स्थापित मधुसूदन दास स्मारक के सामने से निकलकर ग्रीन चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड होते हुए गंजपारा पहुंची। यहां पर आयोजित सभा को उत्कल समाज दुर्ग के जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार सोनी उड़िया समाज के जिला अध्यक्ष नामदेव चक्रधारी, उत्कल क्रीड़ा मंडल संयोजक अभिषेक टंडन, उड़िया समाज के महामंत्री अर्जुन कुंभार ने नुआखाई पर्व के महत्व व उत्कल समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा, भाजपा के जितेन्द्र वर्मा, चतुर्भुज राठी, उत्कल समाज के जिला प्रमुख वकील ताडी, जानू टंडन, विभीषण दीप, सुंदर तांडी, चांद सोनी, अर्जुन तांडी, मुकेश कुमार, जितेन्द्र सागर, सुशील दीप, हलदीप नायक, कविता तांडी, देवनारायण तांडी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने में शासन के निर्देश को न मानने के विरोध में कल धरना प्रदर्शन

**दुर्ग,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने के नियमों को शिथिल कर देने की घोषणा के बावजूद दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा सन् 1950 से दस्तावेज मांगे जा रहे है। प्रशासन के इस रवैये के विरूद्ध समता सुरक्षा सेवा छत्तीसगढ़ की दुर्ग इकाई के तत्वावधान में 20 सितंबर को ग्रीन चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना के बाद एसडीएम कार्यालय दुर्ग का घेराव किया जायेगा।

समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में जनजाति, अनुसूचित जनजाति बनाने के नियमों का शिथिलीकरण कर दिया गया है। नये नियम के तहत नगर निगम व तहसीलदार द्वारा नियुक्त कर्मचारी आवेदक द्वारा दिये गये आवेदनों का अध्ययन कर पंचनामा कर उन्हें संबंधित जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाना चाहिए। अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति समाज के अनुसार शासन के निर्देशों के बावजूद अधिकारीगण आवश्यक प्रमाण पत्र जारी करने के बाद उन्हें परेशान कर रहे है।

डॉ. चौधरी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शासन के आदेशों की अवहेलना करने के विरोध में कल 20 सितंबर को ग्रीन चौक के पास धरना दिया जायेगा। जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति के लोग शामिल होगें। इसके बाद धरना स्थल से उठकर अग्रसेन चौक, पोलसाय पारा चौक, फरिश्ता काम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड होकर जिला कार्यालय पहुंचकर एसडीएम का घेराव करेगें और कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# कांग्रेसजनों ने मनाई बैरिस्टर छेदीलाल की पुण्यतिथि



**दुर्ग,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा आज राजीव भवन में छत्तीसगढ़ के प्रथम बैरिस्टर, स्वतंत्रता सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्यतिथि पर विधायक अरूण वोरा सहित सभी प्रमुख नेताओं ने उनके दायित्व एवं व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के जीवन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय उद्घाटित

इसी अवसर पर आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने राजीव भवन स्थित कार्यालय का उद्घाटन विधायक वोरा ने फीता काटकर किया। श्री पटेल ने बताया कि कार्यालय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 5 बजे तक खुला रहेगा। वे स्वयं 11 से 2 बजे तक उपस्थित रहेगें।

उक्त दोनों कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, आनंद ताम्रकार, पाशी अली, कन्या ढीमर, बृजलाल पटेल, दीपक जैन, विकास यादव, बृजमोहन तिवारी व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कन्या महाविद्यालय में मनाया तीज उत्सव



**दुर्ग**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। शास डॉ वा वा पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज उत्सव का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए तीज त्यौहार के महत्व बताया और कहा की युवा पीढ़ी में अपने छत्तीसगढ़ी रीत रिवाजों एवं परंपराओं के विस्तार के लिये ये आयोजन किए जाते है ।

प्राचार्य डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने सभी महिला प्राध्यापकों को शुभकामनाएँ दी । डॉ सुषमा यादव ने तीज पौराणिक कथा की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ ऋचा ठाकुर, डॉ मंजुलता साव एवं छात्राओं का सुंदर नृत्य, शिल्पी शर्मा के गीत एवं प्राध्यापिकाओं का सुआ नृत्य विशेष आकर्षण था । पीले नारंगी भारतीय परिधानों में सजीएउत्सव में उपस्थित महिलाओं ने नृत्य ए गीत खेलों एवं पकवानों का आनंद लिया । कार्यक्रम का संचालन डॉ मंजुलता साव ने किया, धन्यवाद ज्ञापन ज्योति भरणे ने किया ।

# पर्यूषण पर्व का सातवां दिन ध्यान पर रहा केन्द्रीत





**दुर्ग,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। आत्माराधना का पवित्र पावन पर्व महापर्व पर्यूषण में आध्यात्म की गंगा बहाने ............युग प्रधान आचार्य महाश्रमण जी की महती कृपा से उपासिका डॉ. वीरबाला छाजेड़ एवं साधना कोठारी का सानिध्य दुर्ग वासियों को प्राप्त हुआ है। जैन भवन, महावीर कालोनी दुर्ग में आयोजित सम्यक आराधना श्रृंखला का सातवां दिवस ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया ।

इस अवसर पर स्वावलंबन और पुरूषार्थ से परिपूर्ण भगवान महावीर ने अपने कर्मो का क्षय किया था। इन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए धर्मसभा को सम्यक भावों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देते हुए वरिष्ठ उपासिका डॉ. वीरबाला छाजेड़ ने सम्यक दृष्टि कैसे बने ...की श्रृंखला बद्ध प्रवचन माला से लाभान्वित किया। आपने भावपूर्ण गीतिका ...अरे धार्मिकों इस प्रवाह में अब भी बहते जाते हो....सत संगत में जो पाते हो क्या वहीं छोड़ जाते हो ....के गायन से सबके मानस को सोचनें के लिये विवश किया।

उपासिका साधना कोठारी ने आज ध्यान दिवस पर अपनी अभिव्यक्ति देते हुए कहा....अतिंद्रीय चेतना के विकास का माध्यम है ....ध्यान, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्य मार्ग में पेड़ गिरने से आवागमन बाधित



**गुरुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र गुरुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम हितेकसा से करियाटोला मार्ग पर कुसुम पेड़ गिर जाने से दो दिन से आवागमन बंद हो गया है। पढ़ने वाले बच्चे भी हितेकसा स्कूल नहीं जा पा रहे है। हितेकसा के लोग अपने खेत भी नही जा पा रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों को 8 किमी घूम कर गांव पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करियाटोला मार्ग पक्का नहीं बना है, यह मार्ग फारेस्ट विभाग के अंतर्गत आता है, इसका कुछ भाग राजस्व विभाग में आता है। पंचायत द्वारा बीच बीच मे मुरुम डालकर चलने लायक बना देती है, लेकिन अब बारिश में गड्ढा हो जाने से परेशानी हो रही है। कई बार बारिश में करियाटोला के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने बताया कि मजदूर लगाकर कुसुम पेड़ को काटने का काम किया जा रहा है, जल्द ही आवागमन खुल जाएगा।

# दिगम्बर जैन मंदिर में आज से दशलक्षण पर्व



**दुर्ग**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। श्री 1008 महावीर दिगंबर मंदिर पद्मनाभपुर की कार्यकारिणी प्रबंधन की बैठक अध्यक्ष दिगंबर जैन मंदिर विजय बोहरा की उपस्थिति में संपन्न हुई । बैठक में इस वर्ष 10 दिवसीय पर्व मनाने का निर्णय सदस्यों के द्वारा लिया गया।

दस लक्षण पर्व आज मंगलवार से 10 दिन 28 सितंबर तक प्रतिदिन धूमधाम से धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा मनाया जाना है। बैठक एजेंडा पर मंत्री आशीष जैन ने बताया इस अवसर पर मंदिर की साज सज्जा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा शास्त्र चर्चा और जयपुर से पधारे ब्रह्मचारी भैया अनुज भैया का होगा। कार्यकारिणी सदस्य संजय बोहरा ने बताया प्रतिदिन संध्या को सामूहिक भक्ति के साथ संगीत से आरती तथा रात्रि में कार्यक्रम संपन्न होना है इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम में दशलक्षण विधान विधि पूर्वक प्रतिष्ठाचार्य अनुज भैया के सानिध्य और निर्देशन में संपन्न होना है।

# ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज सोमबार सुबह 9. 30 बजे के करीब जामुल बस्ती दुर्गा मंदिर के पास 14 चक्का ट्रक को ओवरटेक करते हुए दुपहिया वाहन सवार युवक चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के घंटे बाद भी आक्रोशित भीड़ सड़क पर जमी हुई है स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जामुल पुलिस मौका स्थल पर तैनात है। जामुल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह 9. 30 बजे के करीब जमुल बस्ती दुर्गा मंदिर के पास ग्राम जामुल से बोगदा पुलिया की तरफ14 चक्का टिप्पर भारी वाहन आ रहा था। दौरान ओवरटेक को दौरान युवक मनीष टंडन नवतारिया के समीप ग्राम खेरधा निवासी ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक छिटक कर दूर जा गिरा। इस हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की उम्र 17 से 18 वर्ष के मध्य बताई गई है पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम खेरथा का रहने वाला है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों की स्थल पर भीड़ जमा हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन सहित स्टाफ स्थल पर पहुंच गया। पिछले 2 घंटे से आक्रोशित लोग सड़क पर जमे हुए हैं। ट्रक भी स्थल पर ही खड़ा हुआ है। प्रर्दशनकारियों की मांग है कि मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा व सरकारी नौकरी दिया जाये। सूचना मिलते ही छावनी परिक्षेत्र के नगर पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार बंछोर जामुल थाना प्रभारी निरीक्षक याकूब मेनन, पुरानी भिलाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर चक्का जामकर रहे लोगों को समझने का प्रयास किया।

# हत्या बाद छत्तीसगढ़ बंद का भिलाई में व्यापक असर

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। खुर्सीपार में युवक मलकीत सिंह की विगत दिनों हुई हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत द्वारा छत्तीसगढ़ बंद के ऐलान का आज खुर्सीपार, सुपेला, पावर हाऊस, रामनगर, कैम्प क्षेत्र, वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, छावनी, नेहरू नगर में व्यापक असर देखा गया है। बंद को भारतीय जनता पार्टी और चैम्बर आफ कामर्स व स्टील सिटी चेंबर आंफ कामर्स का भरपूर समर्थन रहा। सुबह से ही सभी बाजार में दुकानें स्वत: ही बंद रहीं और बंद के समर्थन में सैंकड़ों महिलाएं और सिक्ख समाज के लोगों ने पैदल मार्च करते हुए लचर कानून व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की है। गौरतलब हो कि मृतक के परिजनों को 50 लाख मुआवजा और उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी देने के आलावा हत्या के सभी आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा की मांग की जा रही है। परिजनों की इस मांग का समर्थन करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय 16 सितंबर से ही खुर्सीपार थाना के सामने टैंट लगा धरना पर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि जब तक मृतक के परिजनों की मांग पूरी कर उन्हें संतुष्ट नहीं किया जाता धरना जारी रहेगा। आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भिलाई का बंद में व्यापक असर देखने को मिला। आज व्यापारियों ने अपनी दुकानों को दोपहर 2 बजे तक स्वत: ही बंद रखा। आज सुबह से ही भारी पुलिस बल खुर्सीपार में तैनात कर दिया गया था। शान्तिपूर्वक हुए बंद में पदयात्रा निकाल कर अपना विरोध व्याक्त किया। पीड़ित परिवार पहले दिन से ही 50 लाख रुपए मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़ा है। हालांकि इस बीच सरकार की ओर पांच लाख रुपए की सहायता व स्थाई सविंदा नियुक्ति देने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में पीडित परिवार को बैठाकर बताया गया लेकिन सरकार के ऑफर को पीड़ित परिवार ने मानने से इंकार कर दिया है।



### मुख्यमंत्री ने 5 लाख व संविदा नौकरी का दिया आदेश

**भिलाईनगर।** उक्त मामले में मुखमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिए गए निर्देश पर 5 लाख रुपये का तत्कालिक सहायता राशि पीडित परिवार को प्रदाय किये जाने का निर्देश दुर्ग जिलाधीश को दिया गया है। पीड़ित परिवार को तत्काल एक स्थाई संविदा नियुक्ति नौकरी दिये जाने का निर्देश। मामले में समस्त आरोपीयो की गिरफ्तारी के निर्देश, जिसके तारतम्य मे 5 आरोपियों की गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस ने कर लिया है।

खुर्सीपार थाने से शुरू हुई पदयात्रा न्यू खुर्सीपार, जोन-3, जोन-2, श्रीराम चौक होते हुए केनाल रोड से खुसीपार थाने पहुंचकर खत्म हुआ। इस दौरान पदयात्रा में शामिल लोगों ने दुर्ग से रायपुर मार्ग पर संकेतिक चक्काजाम भी कर दिया। लगभग आधे घंटे तक सड़क पर अपना विरोध प्रगट किया। इस दौरान पुलिस की समझाइश के बाद जाम हटाया। फिलहाल सभी खुर्सीपार थाने में डटे हुए हैं।

# नपा अध्यक्ष ताम्रकार ने शहर को स्वस्छ रखने लगाया झाडू



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात अहिवारा में की गई। स्वच्छता लीग 2 अंतर्गत टीम अहिवारा एवेंजर्स द्वारा शहर के सभी स्कूलों से बच्चों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। अटल चौक पर श्रमदान कर सफाई की गई। इसके बाद स्वच्छता रैली नगर पालिका कार्यालय से मुख्य मार्गए बाजार होते हुए, उड़िया मोहल्ले तक साफ-सफाई करती हुई चली। नपा अध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने नागरिकों से अहिवारा को साफ और स्वच्छ रखने की अपील की। कहा कि टीम अहिवारा एवेंजर्स को स्वच्छता के मामले में विजयी बनाएं। उन्होनें लोगों से आव्हान किया कि वे अपने घर व आस-पास में सफाई रखे जिससे हमारा शहर सुन्दर होगा तथा शुद्ध वातावरण रहेगा। इस अवसर पर सभापति शिवनारायण अग्रवाल, अनुज साहू, भगवान सिंह, कुशल साह, सीएमओ सीमा बक्शी, उपअभियंता डीआर साहू, ईश्वरी साहू, बसंत यादव, आकाश गोश्वामी, मिली सिंह आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि अहिवारा नगर पालिका परिषद में स्वच्छता को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व उनकी टीम लगातार प्रयास करती आ रही है। जिसका असर भी नगर में देखने को मिल रहा है।

### शिवपुरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम 23 को

**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जामुल. शिवपुरी जामुल में जागृति युवा मंच के तत्वाधान में 23 सितंबर रात्रि 8 बजे से जागृति युवा मंच प्रांगण शिवपुरी जामुल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। गीत कोनो गाहूँ फेम स्टार सिंगर अनुराग शर्मा, गायिका चम्पा निषाद इस आयोजन में अपनी प्रस्तुति देंगी। फिल्म स्टार अमलेश नागेश, कामेडियन ओ.मी. स्टाइलो अपनी प्रस्तुति देगे। आयोजन के अध्यक्ष गिरधर निषाद ने बताया कि कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्र तैयार किये गए है, जिसे घर.घर पहुँचाकर ससम्मान सभी को कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक हेतु आठ हज़ार कुर्सीयों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि लंबे अंतराल के पश्चात जागृति युवा मंच शिवपुरी जामुल के तत्वाधान में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए स्टेज व पंडाल की व्यवस्था की जा रही है। जिससे बरसात में भी कार्यक्रम में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

# तिरुमाला तेलुगु महिला समाज ने मनाई जयंती



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। तिरुमाला तेलुगु महिला समाज की 18वीं जयंती पर शुक्रवार को सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर के भवन में फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की युवतियों और महिलाओं ने कैटवॉक कर खूब रंग जमाया। इस दौर में गायन, नृत्य, संवाद अदायगी और अभिनय का प्रदर्शन पूरा उतरना था। फैशन शो में जज के रूप में एम विजया लक्ष्मी के रूप में यशस्विनी रेड्डी और बी उषा उपस्थित थीं। इस कंपनी के अध्यक्ष टी. जयारेड्डी ने समाज के गठन की शुरुआत पर प्रकाश डाला और सबसे अधिक सदस्यों को जोड़ने वाली महिलाओं को चांदी के आधार पर भी नामित किया। फैशन शो को मिस जूनियर और सीनियर की तीन कैटगरीज़ में रखा गया था। मिस कैटगरी में बी दिशा, जूनियर में के उमा और सीनियर में ईशा सुब्रमण्यम के फैशन क्वीन के ताज सजाए गए। जबकि मिस कैटगरी में एन मोनिका फर्स्ट रनरैप, टी नंदिनी सेकेंड रनरैप, जूनियर में लाइन राव फर्स्ट रनरैप और श्वेता अपवल्ली सेकेंड रनरैप और सीनियर में एल फर्स्ट मीनाक्षी रनरैप और बी सुशीला सेकेंड रनरैप। शो में कलाकारों ने अपने नृत्य से दर्शकों को इतना रोमांचित किया कि कार्यक्रम के संचालक राम गोर्ती ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ईशा, गुना राव और मीनाक्षी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। उसके बाद फ्रेंचाइजी ने मंच पर कैटवॉक कर अपना जलवा दिखाया। रायपुर में युवाओं और महिलाओं ने फिल्मों में नए और पुराने तरानों पर ऐसा नृत्य पेश किया कि दर्शक जुमने को मजबूत हो गए। यह अवसर समूह और एकल नृत्य पर भी हुआ। ग्रुप डांस में सेक्टर दो ग्रुप की लाइन, पूजा, सागर, पी लक्ष्मी, गायत्री, मानस, सेक्टर एक की पद्मा, सौरा, मंगा, उषा, सेक्टर एक की सारदा, अनिता और तालपुरी ग्रुप की बी सुशीला, बी तुलसी, टी वीणा, उमा महेश्वरी, दीपिका पादुकोण और रानी राव ने वीर योद्धा दिए। ग्रुप परफॉर्मेंस में एम श्रुति, एम् इंदु और पी नंदिनी ने भी भाग लिया। ग्रुप डांस सेक्टर 2 ग्रुप को पहला स्थान हासिल हुआ। एकल नृत्य में जहां बी दिशा ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी, तो वहीं दूसरी ओर एन मोनिका और नंदिनी ने नृत्यकला का प्रदर्शन करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंगिंग में राधा आनंद, पी लक्ष्मी और पूजा की भव्य शोभा बढ़ी। त्रिमाला समाज के जूनियर में 20 लोगों ने भाग लिया और सीनियर में 32 लोगों ने भाग लिया मिस में 9 ने भाग लिया। तिरुमाला तेलुगु महिला समाजसभी को टैग मिला पूजा को गोरजियस लुक, गाय को बेस्ट आउट बी वी बासवामा मिसेज एवरग्रीन, सरिता बेस्ट पर्सनैलिटी, प्रिया बेस्ट लुक, के शारदा नटफुल स्माइल, पी अनिता बेस्ट डांसर, कलावती बेस्ट पर्सनैलिटी, आशा बेस्ट कैट वॉक, भवानी बेस्ट ड्रेसअप ए के ज्योति, डेसिंग पर्सनैलिटी, वीना बेस्ट गेटअप, शैलेजा मिसेसे इफेक्ट, मनसा मिसेज ब्यूटीफुल फेस, सागरस बेस्ट पर्सनैलिटी, कैटरीना बेस्ट आउट फिट, के अनुपूर्ण सिंपल सिटी, उमा माहेश्वरी बेस्ट एक्सप्रेशन लेडी, लक्ष्मी बेस्ट स्माइल, एम अनिता बेस्ट ड्रेसअप, के लक्ष्मी बेस्ट ड्रेसअप, के मिसेज क्यूट, के शोभा बेस्ट हेयर, मिसेज सीता बेस्ट लुक, एसेस मिसेज वेल ब्लूमिंग, बी नाग कुमारी डेसिंग पर्सनैलिटी, ए अरुणा बेस्ट फीचस, दीपिका एस्कॉर्ट, जे शोभा कुमार एसएच एटलीजेंट, राजेश्वरी बेस्ट बॉडी, एम बी शैलेजा मिसेज परफेक्ट, ललिता राजम मिसेज कॉन्फिडेन्स, पार्वती क्यूट सामेल, माधुरी मिसेज साइबेरिया, टी सारदा मिसेज देवता, उमा बेस्ट हेयर, के लक्ष्मी मिसेज स्वीट, एस राजमणि मिसेज सिंपल सिटी, शिरिजा मिसेज सिंपल सिटी, पद्मा बेस्ट हेयर स्टाइलएओ चामुंडेश्वरी राव गुड लुकिग,मिस पूजा बेस्ट कॉन्फिडेंस, इम्टी बेस्ट स्माइल टैग निर्धारित किया गया है।

### एनवायर्नमेंटल साइंसेज पर कार्यक्रम

**भिलाईनगर।** सेंट थांमस कालेज रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एसोसिएशन ऑफ केमिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज का उद्घाटन एवं अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चंदा वर्मा ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का परिचय प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू ने कराया। रिसोर्स पर्सन, डॉ. नरेश चंद्र देशमुख, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, कल्याण पी.जी. महाविद्यालय भिलाई द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। रिसोर्स पर्सन ने कई उदाहरण और नए विचार लेकर ग्रुप योरी पर व्याख्यान दिया। एसीईएस के नये पदाधिकारी में एम. चैतनिया को अध्यक्ष, परिधि यादव को उपाध्यक्ष, रिया दत्ता शर्मा को सचिव और सुरभि भेंडिया को संयुक्त सचिव के लिए नामांकित किया गया। व्याख्यान से 58 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। व्याख्यान का समापन प्रश्नोत्तर सत्र से हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अरविंद कुमार साहू ने किया।

# लोकबाबू-सुप्रिया एवं मुरली को भिलाई वाणी सम्मान



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई वाणी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाली 'भिलाई वाणी सम्मान' इस वर्ष भिलाई के सुप्रसिद्ध कथाकार लोकबाबू एवं कलाकार सुप्रिया सेन को दिया जा रहा है। समाज सेवा के लिए इस सम्मान आर.मुरली रायपुर को प्रदान किए जायेंगे। कथाकार लोकबाबू की अबतक दो कहानी संग्रह तथा तीन उपन्यास प्रकाशित हुए हैं। उन्हें वागेश्वरी पुरस्कार, सृजनश्री सम्मान, गुरु घासीदास सम्मान के साथ उनकी कहानी मेमना को केरल राज्य के शासकीय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। उनकी कुछ कहानियों का अनेक भारतीय भाषाओं के अलावा रूसी और जापानी भाषा में भी अनुवाद हुआ। उन्होंने प्रगतिशील लेखक संघ एवं हिंदी साहित्य सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रलेस का प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके है। रंगमंच के सुप्रसिद्ध निर्देशक सुप्रियासेन के द्वारा भारत के सांसद नई दिल्ली में 250 कलाकारों द्वारा मेघा लाईट एंड साउंड शो का प्रस्तुति दी। इसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ संपूर्ण केबिनेट ने देखी। सुप्रिया ने स्कूली बच्चों के लिए 70 लाईट एंड साउंड कार्यशाला का आयोजन किया। उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति, निर्देशक कलाकार आदि पुरस्कार प्राप्त किए। रायपुर दूरदर्शन के लिए कई स्क्रिप्ट तैयार कर निर्देशन किया। भिलाई इस्पात संयंत्र, एसीसी एवं शासकीय निजी संस्थाओं के लिए अनेक डैक्यूमेंटरी तैयार किया। वर्तमान में सुप्रियासेन ने संयंत्र के सीएसआर विभाग में सेवाएं दे रहे है।

# ठेका श्रमिकों के लिए बनाई गई कार्य योजना



**भिलाईनर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)।इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवाए रेड्डी एवं राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सिंह के निर्देशन में इंडस्ट्रियल आल ग्लोबल यूनियन के साउथ एशिया के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण राव द्वारा जमशेदपुर में दो दिन का कार्य योजना वर्कशॉप किया गया,जिसमें मेटल सेक्टर में नियमित कर्मचारी के जगह बढ़ रही ठेका पद्धति के माध्यम से स्थाई प्रकृति के कार्य भी ठेका श्रमिकों से कराया जा रहा है उनके भविष्य के विषय पर चर्चा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुनाथ पांडे, राकेशेश्वर पांडे, देविका सिंह, इंटक और एचएमएस के प्रतिनिधि उपस्थित थे बैठक में ठेका श्रमिकों के वेतन एवं सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के विषय पर सेल एआर आई एन एल, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू, बाल्को वेदांता, प्रकाश स्टील के सभी प्रतिनिधियों ने अपने संयंत्र में ठेका श्रमिकों द्वारा किए जा रहे कार्य एवं उनकी सुविधाओं को प्रस्तुत किया। ठेका श्रमिकों का वेतन का भुगतान कंपनी द्वारा किया जाता है! टाटा स्टील एवं बाल्को वेदांता में ठेका श्रमिकों का वेतन कंपनी द्वारा किया जाता है और ठेका कंपनी के बिल से काट लिया जाता है यह प्रणाली प्रकाश स्टील में भी प्रोजेक्ट के तौर पर चालू की गई है भविष्य में सेल में लागू करने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है।

टाटा स्टील एवं बाल्को वेदांता और प्रकाश स्टील में सभी ठेका श्रमिकों को नियमित कर्मचारियों की भांति सुरक्षा उपकरण कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाती है वह राशि ठेका कंपनी से काट ली जाती है जिससे कि ठेका श्रमिकों को सही गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा के उपकरण उपलब्ध होते हैं। सेल केए आईएसपी बुर्नपुर में, यह प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्च प्रबंधन से इस विषय पर कई बार चर्चा किया गया है। सेल के दुर्गापुर, राउरकेला, बर्नपुर, बोकारो, स्टील प्लांट एवं टाटा स्टील बालको वेदांता एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम विशाखापट्टनम, प्रकाश स्टील एवं जेएसडब्ल्यू में ठेका श्रमिकों की कार्य की गारंटी है वहां पर ठेका कंपनियों बदलता है लेकिन कार्य करने वाले ठेका श्रमिक नहीं बदलते। एवं हर 5 साल में ठेका श्रमिकों के पद में बढ़ोतरी होती है अकुशल से अर्ध कुशलए अर्ध कुशल से कुशल एवं कुशल से अती कुशलए में किया जाता है। बालको एवं प्रकाश स्टील में 15 वर्ष पश्चात एलटीएस कैटिगरी 1 और आगे कैटिगरी 2 में पदोन्नति किया जाता है।

# कार्यक्रम में शामिल बच्चे हुए सम्मानित



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु) गगनराज फाउण्डेशन के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि विजय बघेल बैकुंठ धाम केम्प 2 कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेश बिचपुरिया, जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई, इंद्रजीत सिंह छोट उपस्थित थे। सांसद विजय बघेल के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि हमारा आधा क्षेत्र पिछड़ा क्षेत्र है सिर्फ उन बच्चों के लिए परिवार का समर्थन करना चाहता था जो आर्थिक रूप से कमजोर हो जिन्हें अच्छा ट्यूशन और अच्छी कोचिंग क्लास नहीं मिलता है उन्हे भविष्य में सफल होने के लिए मुफ्त शिक्षा देना के साथ हमने वर्षों बाद इन बच्चों का स्तर उन बच्चों के स्तर के बाराबर लाना चाहता हूं जो आर्थिक रूप से सक्षम है गगनराज फाउण्डेशन की स्थापना 17 सितंबर 2017 में की गई प्रारंभ में 9 लोगो के साथ इस फाउण्डेशन की नींव रखी गई। जिसमें 30 बच्चों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई थी आज की स्थिति में 400 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। जिनमें कक्षा 4 से 12 वी तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की ज रही है। आने वाले समय में पुरे छत्तीसगढ़ में गरीब बच्चों तथा पिछड़े वर्ग के समाज के उत्थान के लिए यह फाउण्डेशन कार्य करेंगी और गरीब से गरीब बच्चों का सपना पूरा करेगी। फाउण्डेशन का उद्देश्य है कि ऐसे बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ उनके सपनों को भी पूरा करने के काबिल बनाना बच्चों का व्यक्तित्व विकास, स्वस्थ्य परिक्षण, स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षण, बच्चों का बौद्धिक विकास, शैक्षणिक पर्यटन, पर विशेष ध्यान दिया जाता है। एक और हमारी शाखा श्रमिक क्षेत्र बाम्बे आवास में प्रारंभ की गई जहां मजदूर वर्ग जिसमें श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाया जा सकें। इस अवसर पर राकेश शर्मा, हेमंत, सपन सुराल, रमाकांत ठाकुर, श्रीमती ज्योति शर्मा, जे सुरेश बाबू, संतोष सोनी, मनोज कुर्रे, अशोक गोस्वामी, अमित कुमार, शेषनाग गुप्ता, विनय भगत, देवाशिप, विनोद शर्मा, विंदेश्वरी प्रसाद शर्मा, रोहन गोटेकर, राजा घृतलहर, विजय कुमार गुप्ता, अनिता गुप्ता, प्रियंका पटेल, शैलेष प्रकाश, पूजा साहू, सुरज शर्मा, लता साव, हेमलता साहू, आरती साव आदि शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी घायल, ईलाज जारी



भिलाईनगर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को जवाहर उद्यान के पास सड़क हादसे में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी की गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे ईलाज के लिये सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सिर में चोट लगी है। सीटी स्कैन रिपोर्ट आने के बाद ईलाज शुरु हो पायेगा। चिकित्सकों की टीम मरीज पर नजर बनाए हुए है। बीएसपी के सीएचएम के चार्जमैन कम सीनियर टेक्निशियन मोहम्मद सिद्दीक रविवार दोपहर जवाहर उद्यान के समीप सड़क हादसे में जख्मी हो गए। किसी वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से ठोकर मार दिया था। ठोकर लगने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गई। इसकी वजह से काफी चोट लगी। सिर में चोट लगी। कंधा व हाथ में चोट पहुंची है। घायल कर्मी को तत्काल ईलाज हेतु सेक्टर-9 मुख्य चिकित्सालय में भर्ती कराया था। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक मोहम्मद सिद्दीक की हालत पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार घालय संयंत्र कर्मी श्री सिद्दकी का कंधा टूट गया है। दर्द की वजह से मरीज को आइसीयू में शिफ्ट किया गया है। इन दिनों टाउनशिप मे सड़क दुर्घटना में काफी ईजाफा हुआ है। तेज रफ्तार वाहन चालकों का वाहन पर नियंत्रण नही हो पाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना हो जाती है।

# शहर से गांव तक लगाए गए 52 हजार 950 पौधे



**भिलाईनगर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इस प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। इस वाक्यांश को साकार करने के लिए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर नगर निगमों द्वारा शहर व गांवों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। वृक्षारोपण के साथ ही साथ पौधों की नियमित देखरेख भी की जा रही है और लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहरभर में 90729 से भी अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस वृक्षारोपण अभियान के तहत 52950 पौधे लगाए गए हैं। निगम भिलाई द्वारा 16671 पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 6447 पौधे लगाये गए हैं। मेन रोड में 4698 पौधे गुलमोहर, कचनार, पेट्राफार्म के लगाए गए हैं और मार्केट में टिकोमा, मधुकामिनी, गुढ़हर पाम, चांदनी एवं बादाम के 4154 पौधे लगाए गए हैं। 4 कॉलोनी में 880 पौधे गुलमोहर, कचनार, पेट्रापार्म के लगाए गए हैं। 150 पार्को में 2035 पौधे गुलमोहर, बादाम, टिकोमा, अमलतास पाम के लगाए गए हैं। सौंदर्यीकरण के लिए डिवाईडरों में कोनोकारपस, बोगेनविलिया के 2669 पौधे लगाए गए हैं। नगर निगम दुर्ग द्वारा 23595 पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसमें 16550 पौधे लगाये गए हैं। मेन रोड में 2350 पौधे कदम, बादाम, बोगनविलिया, कनेर, यूफोरबिया, मौलश्री, कोनोकारपस, टिकोमा, जामून आंवला, नीम, गुलमोहर लगाए जा रहे हैं। कॉलोनियों में 250 पौधे मौलश्री, कोनोकारपस, नीम, बोगनविलिया, आंवला, कनेर के लगाए जा रहे हैं। 9 पार्को में 100 पौधे मौलश्री, कोनोकारपस, यूफोरबिया, कनेर, बोगनविलिया, टिकोमा लगाए जा रहे हैं। सौंदर्यीकरण के लिए डिवाईडरों में कोनोकारपस, चम्पा, कनेर, पाम, बोगेनविलिया, निकोडिया, लीली, जेटरोफा के 9150 पौधे लगाए गए हैं। निगम रिसाली द्वारा 10050 पौधे लगाने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 5320 पौधे लगाये गए हैं। मेन रोड में 1055 पौधे गुलमोहर, अमलतास, जामून, कटहल, बादाम, नीम, आंवला, अमरूद, करंज, अर्जुन, कोनोकारपस, टिकोमा, यूफोरबिया इत्यादि। उसी प्रकार मार्केट में 60 पौधे जामून, बादाम, गुलमोहर, आंवला, अमरूद, कोनोकारपस, टिकोमा के लगाए गए हैं। कॉलोनी में 2145 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है, जिसमें 650 पौधे लगाए जा चुके हैं। 29 पार्को मं 2675 पौधे का लक्ष्य है, जिसमें 1350 पौधे कटहल, जामून, बादाम, गुलमोहर, नीम, आंवला, अमरूद, करंज, अर्जुन, कोनोकारपस, टिकोमा, यूफोरबिया लगाए गए हैं। सौंदर्यीकरण के लिए डिवाईडरों में कोनोकारपस के 3100 पौधे लगाए गए हैं। निगम चरौदा द्वारा 16005 पौधे लगने हैं, जिसमें 2670 पौधे लगाए जा चुके हैं। मेन रोड में 1345 पौधे, मार्केट में 340 पौधे एवं सौंदर्यीकरण के लिए डिवाईडरों में 2280 पौधे बोगनविलिया, कनेर और चम्पा के लगाए गए हैं। धमधा, अहिवारा और जामुल में टारगेट के मुकाबले अधिक पौधारोपण शहर के साथ ही गांवों में पौधारोपण का कार्य तेजी से किया गया है। नगर पालिका धमधा में 1400 पौधे का लक्ष्य रखा गया था, लक्ष्य से अधिक 3910 पौधे रोपे गए हैं। अहिवारा में 2500 का लक्ष्य था जिसमें लक्ष्य से अधिक 2750 पौधे रोपे, जामुल में 1370 पौधे का लक्ष्य जिसमें लक्ष्य से अधिक 2070 पौधे रोपे, जिले के नगर पालिका पाटन में 1860 का लक्ष्य जिसमें 1535 पौधे रोपे गए हैं। इसी प्रकार अमलेश्वर में 1870 पौधे और उतई में 1800 पौधे, कुम्हारी में 10000 का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 8028 पौधे लगाए गए।

# भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर मांगा भिलाई के प्रगति का आशीष



**भिलाईनगर,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई के कर्मशाला कोसानगर मे भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर भिलाई की उन्नति एवं प्रगति की कामना की गई। निगम के वाहन शाखा कोसानगर मे महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, परिषद के सदस्य पार्षद संदीप निरंकारी, भिलाई काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, भगवान विश्वकर्मा की पूजा, यज्ञ मे आहुत तथा आरती कर भिलाई उन्नति एवं प्रगति की कामना किय। वाहन शाखा मे पूजा पश्चात भोग प्रसाद का वितरण किया जिसमे निगम के अधिकारी कर्मचारी तथा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।

**कुरुद विद्युत मंडल कार्यालय में विराजे भगवान विश्वकर्मा**

भिलाई। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी संबंधित सहायक अभियंता कार्यालय कुरूद में 17 प्रात: भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। प. मनोज शर्मा द्वारा सम्पन्न कराये गये हवन पूजन में विशेष रूप से सहायक अभियंता श्रीमती सीमा बघेल एवं कनिष्ठ यंत्री गिरवर सिंह साहू ने शिरकत किये। इस अवसर पर विभागीय कार्यालय सहायक, तकनीशियन, अन्य कर्मियों के अलावा जन विकास संगठन अभियान के संस्थापक एवं संरक्षक एम.चन्द्रशेखर रेड्डी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

CMYK

## राजभाषा आयोग का प्रांतीय सम्मेलन 23 व 24 को होटल बॉबीलान में

**राजिम,** 18 सितंबर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वाधान में दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 23 एवं 24 सितम्बर को बेबीलोन हांटल रायपुर में आयोजित है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों पर चर्चा गोष्ठी एवं प्रथम दिवस रात्रि 09 बजे से अनवरत कवि सम्मेलन सम्पन्न होगा। जिसमें गरियाबंद जिले के कवि गण भी भाग लेंगे।

# कलेक्टर ने बाढ़ के बाद संक्रमण बीमारियों के खतरे को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल शिविर लगाने के दिए निर्देश

**बेमेतरा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछली 14-15 तारीख़ को पूरे बेमेतरा ज़िले और आसपास के ज़िलों में भारी बारिश के कारण नदियों का जल स्तर बढ़ गया। जिससे नदी किनारे बसे कई ग्रामों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, यातायात पर बाधा आई है और बिजली सेवा में भी प्रभावित हुई हैं। अब स्थित धीरे.धीरे सामान्य हो रही है।बाढ़ के पानी से राहत शिविरों में सुरक्षित पहुँचाए गए लोग अपने ठिकानों पर पहुँचाने लगे हैं।तहसीलदार,सीईओ जनपद,पीएचई,खाद्य,पशु चिकित्सा विभाग के विकासखंड के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर स्थिति का आकलन कर रहे है।केशला ग्राम में अधिकारियों ने ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली।




ज़िले के कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा अधिकारियों और लोगों से सतत संपर्क बनाये हुए है। प्रभावित ग्रामों का खुद निरीक्षण कर राहत पहुँचाने के अधिकारियों को निर्देश भी थे रहे है। प्रशासनिक दल भी राहत काम काम में जुटा हुआ है। ज़िले भारी बारिश के चलते प्रशासन को संक्रमण व बीमारियां को लेकर कलेक्टर श्री एल्मा ने उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डाक्टरों की टीम व स्वास्थ्य अमला सहित ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों, गांव में मेडिकल शिविर लगाने के निर्देश पहले ही दे दिए है। सीएमएचओ डॉ.जी.एल टंडन ने बताया कि मितानिन भी घर-घर जाकर ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ले रही हैं। पशु चिकित्सा की टीम भी मवेशियों का उपचार कर रही है।राशन सामग्री वितरण और पेयजल की ज़रूरत अनुसार मुहैया कराया जा रहा है।अधिकारी ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ले रहे है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया है कि जहां-जहां बाढ़ का पानी आया था वहां विशेष सावधानी बरते। क्योंकि इन जगहों पर बीमारियां फैलने की आशंका ज्यादा होती है। एहतियातन इन गांवों में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल शिविर लगे है। ऐसे हालात में सामान्य तौर पर लोगों को एलर्जी बच्चों को उल्टीए दस्त की समस्या बुजुर्गों में और महिलाओं में पैरो में दर्द की समस्या देखने को मिलती है। मेडिकल शिविर में मरीज़ों की जांच कर दवाइयां दी जा रही हैं। ज़िला प्रशासन के अधिकारी बाढ़ प्रभावित गांव में जाकर क्षति का आंकलन कर रहे है। प्रभावित इलाक़ों से बाढ़ का पानी अब उतरने लगा है हालांकि इससे पहले बाढ़ के पानी ने कई जगह फसलें खराब होने की संभावना हो सकती है। पूर्व अनुभवों को देखते हुए प्रशासन की सतर्कता के चलते नदी.नालों के किनारेए नज़दीक ग्रामीणों को समय रहते सुरक्षित शिविरों में शिफ्ट कर दिया था।इस कारण जनहानि की शिकायत नहीं आयी। निवासियों ने पहले से ही मवेशियों को भी सुरक्षित जगह पहुँचा दिया था या उन्हें खुला छोड़ दिया था।। आंशिक कच्चे मकानों को नुकसान हुआ पर अब राहत की खबर है कि बाढ़ का पानी सूख रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन



**कुम्हारी,** 18 सितंबर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कुम्हारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सह नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा के निर्देशानुसार आज नगर पालिका परिसर में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का निरीक्षण स्वयं नगर पालिका अधिकारी ने किया. उन्होंने सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया. उन्होंने कहा कि हमारे सफाई मित्र नगर पालिका परिवार के महत्वपूर्ण कड़ी हैं. उनकी सुविधा, सुरक्षा व स्वास्थ्य की चिंता करना हम सभी का कर्तव्य है. स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं टीम के कप्तान राजेश्वर सोनकर जी ,यूनिसेफ वाश ऑफिसर श्रीमति बिराजा सत्यपथि , जिला समन्वयक श्री गौरव केशरवानी, लखन साहू सहायक राजस्व एवं पालिका के समस्त कर्मचारी आदि शामिल हुए. स्वास्थ्य शिविर में डॉ शाहीन सिद्दीकी, ने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित सलाह दी. शिविर में डाक्टर की सलाह कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया. शिविर को सफल बनाने में नगरपालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं यूनिसेफ सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सनसिटी में भजन सम्राट सुशील बजाज का कार्यक्रम कल

**राजनांदगांव** 18 सितंबर। देश के प्रसिद्ध भजन सम्राट एवं बाबा के भजन गायक स्वर्गीय गोपाल बजाज के चिरंजीव सुशील गोपाल बजाज द्वारा जम्मा जागरण का कार्यक्रम 20 सितंबर को सनसिटी में प्रस्तुत किया जाएगा।

## निधन

### धर्मिन बाई यदु

**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर।



कन्हार गांव निवासी श्रीमती धर्मिन बाई यदु का निधन हो गया है। उनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। वे सनत, शेखर यदु की माता व जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा यदु की दादी मां थीं।

### अमरनाथ दुबे

**बलौदाबाजार,** 18 सितम्बर।



समीपस्थ ग्राम रिसदा निवासी अमरनाथ दुबे 26 वर्ष का अस्वस्थ के चलते बिलासपुर एम्स में विगत दिनों निधन हो गया। वे विकास दुबे के पुत्र थे। जिसका अंत्येष्टि गृह ग्राम रिसदा में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग व गांव वाले शामिल हुए।

### दुवास राम कैवर्त

**बिलाईगढ़,** 18 सितंबर।



ग्राम पंचायत देवरहा निवासी दुवास राम कैवर्त उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत छपोरा के पंचायत सचिव चितरंजन कैवर्त के पिता थे। आज सुबह गांव के मुक्तिबोध में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### कृष्ण कुमार सिंह चौहान

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर।



भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अधिकारी, ब्लॉक 17 प्लांट 8 नेहरू नगर पूर्व निवासी कृष्ण कुमार सिंह चौहान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 84 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 18 सितंबर को दोपहर 1 बजे दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, वे अनिरुद्ध सिंह चौहान, रुद्र प्रताप सिंह चौहान के पिता, अभिमन्यु सिंह चौहान, विदुषी चौहान के दादा, डॉ. वी.एस.बघेल, डॉ.जय सिंह बघेल के मामा, डॉ.सुमन सिंह चौहान के देवर थे।

### श्रीमति तारामति लोहबरे

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर।



सड़क 15, प्रगति नगर, रिसाली निवासी तारामति लोहबरे, पत्नी लक्ष्मीकांत लोहबारे का 47 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार सितंबर 18 सोमवार को दोपहर 3 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय लोहबरे की भाभी और प्रखर लोहबरे एवं सजल लोहबरे की माता थीं।

### दीप्ति सिंह राजपूत

**राजनांदगांव,** 19 सितंबर।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत के लघु भ्राता टार्जन सिंह राजपूत की धर्मपत्नी दीप्ति सिंह का आज आकस्मिक निधन हो गया। 44 वर्षीय दीप्ति राजपूत को स्वास्थ्यगत कारण से एम्स रायपुर में भर्ती किया गया था। जहां उन्होंने देर रात्रि को अंतिम सांस ली, आज दोपहर 12.00 बजे स्थानीय लखोली स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। दीप्ति राजपूत अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## हसदा में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित



**गुरुर,** 18 सितंबर। ग्राम हसदा में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई। मुख्य अतिथी असंगठित काग्रेस मजदूर समास्य निवारण क्षेत्र के जिलाध्यक्ष जीवराखन साहू थे, जिन्होंने कहा कि आवश्कता ही अविष्कार की जननी है, नशा नाश की जड़ है, इसलिए नशापान से हम सभी को दूर रहना है, क्योकि नशा परिवार को समाज को टूटकर बिखर जाती है। इस दौरान अध्यक्षता दीनाराम चेलक जिलाध्यक्ष अनुसूचित काग्रेस, विशेष अतिथी नरेन्द्र साहू, सरपंच रिखीराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य टीकेन्द्र साहू सहित आयोजक नकूल राम, संतराम मोहनलाल, तामेशवर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा नारों के माध्यम से रैली निकाल जनसामान्य को संदेश देने का किया कार्य

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत चिखलाकसा में भारत सरकार द्वारा आयोजित 15 सितंबर से 22सितम्बर तक स्वछता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत क्षेत्र में स्वच्छता का शुभारंभ किया गया है।इस अवसर पर रैली निकली गयी व पालिका के स्वच्छता दीदी सफाई कर्मचारी एवं नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा चिखलाकसा नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु रैली निकाल कर श्रमदान कर स्वच्छता संदेश का प्रसारण किया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों में सफाई किया गया, लोगो को पुष्प भेट कर स्वछता में सहयोग करने की अपील की गयी,,और.लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया है। रैली में उपस्थित शासकिय हाई स्कूल चिखलाकसा के शिक्षक बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा एवं अन्य नारों से जनसामान्य को संदेश देने का कार्य किये है।




इस कर्यक्रम में, शासकीय हाई स्कूल चिखला कसा के शिक्षक, व स्कूली बच्चो सहित,नगर पंचायत के सी. एम. ओ. अरविन्द नाथ योगी, इंजीनियर राकेश कुमार पाठक अध्यक्ष भिखी मासिया ,उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम,पार्षद गण जनप्रतिनिधि, निकाय सफाई स्वच्छता दीदी कर्मचारी,महिला समूह के सदस्य व नागरिकगण शामिल रह कर इस अभियान में अपनी सहभागिता दी है।

## धनेली में विविध कार्यक्रम संपन्न



**गुरुर,** 18 सितंबर। ब्लाक के ग्राम धनेली में विश्वकर्मा पूजा, करू करेला भात एवं रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए मोर भंवरा छत्तीसगढ़ी रिकार्डिंग कार्यक्रम आयोजित था जंहा मुख्य अतिथि के रूप में केदार देवांगन सभापति जिला पंचायत बालोद, अध्यक्षता जीवराखन साहू पूर्व ब्लॉक कांग्रेस सेक्टर प्रभारी गुरुर एवं जिलाध्यक्ष असंगठित मजदूर समस्या निवारण प्रकोष्ट जिला बालोद, विशेष अतिथि दीनाराम चेलक जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग बालोद, रिखीराम सोनबरसा उपाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस बालोद, मोनू ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक युवा कांग्रेस गुरुर, युवा कार्यकर्ता टिकेन्द्र गंजीर, भोजराम सोनबेर, गिरधारी निषाद, आयोजक समिति युवा राजमिस्त्री संघ के अध्यक्ष दिनकर लाल कलिहारी, खोमन लाल साहू, संतोष लाल साहढा, किसुन ठाकुर, कामता कलिहारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर नगर में विश्वकर्मा भवन का हुआ लोकार्पण

**कुम्हारी,** 18 सितंबर। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 में विश्वकर्मा पूजा के साथ विश्वकर्म भवन का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। जिसमे समाज के प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे विशेषकर जिला अध्यक्ष मुकरूराम विश्वकर्मा, जिला संरक्षक रामा विश्वकर्मा एवं जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदु विश्वकर्मा उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने पूजा अर्चना की इसके पश्चात बच्चों ने संगरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जिसकी अतिथियों ने बेहद सरहना की। इस मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष ने कहा की प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा पूजा पर इसी तरह समाज के लोगों को मिलकर सांस्कृतिक आयोजन करना चाहिए जिससे हमारा समाज और मजबूत होगा। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं वार्ड पार्षद थनेश पटेल द्वारा भवन का फीता काटकर पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव हरिशंकर विश्वकर्मा ने किया एवं कार्यक्रम का आभार श्रीमती सरोज विश्वकर्मा ने किया।



उक्त कार्यक्रम में परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामस्वरूप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा, साथ ही पंचगण भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत मे सभी को प्रसाद स्वरूप मिठाइयां बांटी गई।

**उरला में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया**

प्रीतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री विश्वकर्मा पूजा समिति द्वारा देव शिल्पी बाबा विश्वकर्मा का पूजा अर्चना बड़े ही धूम धाम से मनाया गया जिसमे ग्राम उरला वाहन चालक परिचालक संघ द्वारा वाहनों की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में महाभोग भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश साहू अश्वनी साहू कुन्दन साहू प्रेम शंकर उमेश कुणाल प्रशांत करन मिथलेश राजा तोरण संतानु प्रकाश लोकेश रितीक देवेंद्र उमेंद मुन्ना राघवेन्द्र साजन टिकम बिट्टू ओमप्रकाश नितेश उमेश नवीन भूपेश चंद्रशेखर निरज छगन चंदन रोहित कौशल एवम संतोष राज सहित वाहन चालक परिचालक के सदस्य उपस्थित रहे।

## दुर्ग संभाग रस्साकशी खेल में प्रथम स्थान वालों का विधायक बघेल ने किया सम्मान



**डोगरगढ़,** 18 सितंबर। विधानसभा डोंगरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम छिपा पंचायत अंतर्गत छत्तीसगढ़ी रस्सा कशी ओलंपिक खेल गांव से लेकर दुर्ग संभाग तक जीत हासिल करने की सूचना पाते ही विधायक व अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल ने सभी खिलाडियो का मेडल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। साथी विधायक बघेल ने सभी खिलाड़ियों से बड़ी-बड़ी से मिल खेल संबंधी उनकी मांगों को जाना तब खिलाड़ियों ने विधायक से टी-शर्ट नेकर जर्सी की मांग की जिससे तुरंत देने की बात हुई है सम्मान पाने वाली खिलाड़ी, डिगेश्वरी लिल्हारे, विद्यांचल लिल्हारे ,दिव्या वर्मा, रेणुका पटेल, उर्वशी वर्मा, पूजा वर्मा, दुर्गा वर्मा, नेहा पटेल, योगिता वर्मा, दिलेश्वरी लिल्हारे , लक्ष्मण विश्वकर्मा कोच, नरेंद्र कुमार लिल्हारे कोच जिसमें उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, महामंत्री राजू सिंह राजपूत, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री चुंम्मन साहू, फत्तू वर्मा, फिरंगी पटेल, आरती वर्मा, ज्योति मेश्राम, सेक्टर प्रभारी श्यामसाय टांडेकर, दिनेतू जांगड़े, योधन दास साहू ,राजू लाल वर्मा, पंचराम चंदेल, सोहेल खान, कीर्तन मंडावी, सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे, रोहित वर्मा, प्रीतम साहू, जयकरण साहू ,बिपल साहू , श्रीराम सोने, शिव कुमार सोने गोकुल वर्मा, रुपेश वर्मा ,गौतम वर्मा, पुखराज साहू , शिवकुमार वर्मा, संतोष हिले पोमेश कुमार लोधी, दूर सिंह ,वीर सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा भगवान की पूजा कर बांटी मिठाई प्रसाद



**कुम्हारी,** 18 सितंबर। विश्वकर्मा जयंती पर पूरे कुम्हारी क्षेत्र के फैक्ट्री, कारखानों एवं नगरपालिका कार्यालय सहित बिश्वकर्मा समाज के लोगो द्वारा विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद बितरण किया गया इसी अवसर पर के. एस. के इंजी. इन्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कुम्हारी में कम्पनी के सभी कर्मचारीयो एवं स्टाफ की उपस्थिती मे चंबिधिवत पूजा आरती कर मिष्ठान बितरण किया गया जिसमे कम्पनी के डायरेक्टर प्रतीक सराओगी के साथ मैनेजर बजरंग अग्रवाल, डी.के. अग्रवाल मील इन्चार्ज सुरेश पाण्डे ठेके. वीरूसिंह आनंद पाण्डे, सापदेव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित थे।

## कुसुमकसा में हजारों बहन एक साथ बैठ कर करूभात का प्रसाद ग्रहण किए

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कुसुमकसा में तीज पर्व के एक दिन पहले तीज उपवास रखने वाली बहने करू भात खाना होता है करूभात में करेले की सब्जी बनाया जाता है इस आयोजन में हजारों बहने मिलकर साक्षी बनते है आयोजन की शुरुआत भगवान शंकर जी की आरती कर किया गया।उपस्थित बहनों को शिव मंदिर पुजारी लखन गिरी गोस्वामी जी ने शिव पार्वती की महिमा और तीज पर्व पर करूभात के महत्व पर प्रकाश डाला करूभात के आयोजन में आए सभी बहनों को जनपद सदस्य संजय बैंस ने उपहार स्वरूप सुहाग सामग्री भेट किए साथ ही जनपद सदस्य संजय बैस ने सभी उपस्थित सभी बहनों को कहा की आने वाले दो माह बाद विधान सभा चुनाव प्रदेश में होना है इसके बाद अप्रेल मई में लोकसभा चुनाव है।आप सभी मतदान अवश्य करे व लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करे।उपस्थित समस्त बहनों ने देशबन्धु को बताया की हर तीज पर्व पर सुहाग सामग्री हमें हमारे भैया जनपद सदस्य संजय बैंस से हर वर्ष प्राप्त होता जिसमे कुमकुम बिंदिया मेंहदी आलता रहता है जिसे हम शिव जी का प्रसाद स्वरूप हम सभी बहनों को मिलता है। इस आयोजन के बारे में कुंती साहू केसरी सिन्हा ने बताया की हर वर्ष हम सभी शिव मंदिर प्रांगण पर शिव जी के पूजा अर्चना कर हम करूभात प्रसाद पाते है इस आयोजन से हम सभी बहने से मिलना जुलना और पुरानी यादें सब ताजा हो जाती है हम आयोजन सीमित के साथ साथ भैया संजय बैंस का आभार मनाते है हर वर्ग और धार्मिक संस्कृति और शैक्षणिक आयोजनों में उनका बेहतर योगदान रहता है। इस आयोजन को सफल बनाने में सरपंच शिवराम सिंद्रामे उप सरपंच दीपक यादव शंकर पिस्दा गोविंद सिन्हा राय सिंग लेडिया राजू सिन्हा मंजू धनकर सुरेश कोठारी पुनम सिन्हा मनीष जेठवानी होमन कौशिक पतिराम चुरेंद्र सोमनाथ रावटे शंकर चुरेंद्र रजनु धनकर का सहयोग के साथ पूरे भोजन व्यवस्था रवि यादव का योगदान रहा।



## रक्तदान के लिए 108 एंबुलेंस के ड्राइवर ने बढ़ाया कदम



**खरोरा,** 18 सितंबर। भाई खेम सिंग वर्मा ग्राम बुडेनी (खरोरा) निवासी जो कि खरोरा स्वास्थ्य केंद्र मे 108 एम्बुलेंस मैं ड्राइवर है। जो पंडरी जिला अस्पताल में दिन ड्यूटी के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर मे एक्सीडेंट के मरीज चंद्र प्रकाश सिन्हा को आपातकालीन बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर दिनांक 16 सितंबर 2023 को मेकाहारा मैं ब्लड डोनेट किया। साथ ही संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता जोड़ो महा अभियान के तहत सदस्यता भी ग्रहण किया एवं मानवता का परिचय दिया जिसका खरोरा क्षेत्र के आसपास गांव में खूब चर्चा हो रही है। भाई खेम सिंग वर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 108 में ड्राइवर के पोस्ट पर कार्यरत है एवं खरोरा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। उन्हें किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वयं आगे आकर मानवता का परिचय दिया और ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान किया। उनके इस नेक कार्य के लिए हमारे नए सदस्य खेम सिंग वर्मा जी को संस्था के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव मीडिया प्रभारी प्रमुख सलाहकार कोषाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सदैव स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पर्यूषण पर्व का सातवां दिन ...

बाहर से भीतर की ओर लौटना है ....ध्यान, आपने जन जन से निर्विचार अंतर्यात्रा, प्रत्येक क्षण जागरूक रह कर जीवन को पवित्र बनाने का आव्हान किया।

प्रवचन के प्रारंभ में प्रेक्षा ध्यान का प्रयोग हुआ। आओ आओ भिक्षु स्वामी अब म्हारें आगण्यों .....श्रद्धा पूर्ण गीतिका का सामूहिक गायन हुआ। विनीता बरडिया एवं सुरभि बरमेचा ने ध्यान दिवस की गीतिका .....आत्म साक्षात्कार प्रेक्षा ध्यान के द्वारा .....स्वप्न हो साकार इस अभियान के द्वारा .....के मधुर संगान किया। सभा में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने कु. प्रज्ञा बरमेचा के 7 उपवास सहित अनेकों के तप-त्याग की अनुमोदना की।

# वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया का महत्व नहीं हुआ है कम ,सुबह की शुरुआत ही अखबारों से: चौबे

■ 65 लाख रुपए की लागत से जिला मुख्यालय में बनेगा प्रेस क्लब भवन मंत्री चौबे ने किया भूमि पूजन

**बेमेतरा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक चैनल उपलब्धता बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के होने के बावजूद प्रिंट मीडिया का महत्व कम नहीं हुआ है ,यही कारण है कि सुबह की शुरुआत अखबारों से शुरू होता है उक्त विचार कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे ने सोमवार यहां टाउन हाल में 65 लाख रुपए से निर्मित होने वाले प्रेस क्लब भवन के भूमि पूजन के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा किया गया ।

श्री चौबे ने आगे यह कहा कि मीडिया देश का चौथा स्तंभ है और चौथे स्तंभ की एक शाख है जिसे पूरी शिद्दत से हमें उसे बनाकर रखना होगा। मीडिया जनता के हित और उनकी मूलभूत समस्याओं पर केंद्रित होकर समाचार का प्रकाशन होता है तब उसकी ताकत और क्षमता सत्ता को भी परिवर्तित कर देती है ।पर वर्तमान समय में कुछ कलम ऐसी भी है जो खबरें प्रकाशित करती है पर असर सिर्फ एक या दो दिनों के लिए सीमित हो जाती है । श्री चौबे ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि बेमेतरा के पत्रकारों के लिए 65 लाख रुपये की लागत से प्रेस भवन का भूमिपूजन किया गया पत्रकार पहले की अपेक्षा अब कलम को पैनी करके जनहित का मुद्दा को उठाएंगे । मंत्री चौबे ने प्रेस क्लब



के संरक्षक महेश दुबे,अध्यक्ष दिनेश दुबे का नाम उल्लेखित करते हुए कहा मेरे राजनीतिक दिनों की शुरुआत के समय से यहां के कुछ लोग पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे हैं । उन्होंने बीते दिनों जिले में आए बारिश के बाद की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति के समय पत्रकारों को अपनी कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए जिससे शासन प्रशासन तक वस्तु स्थिति सामने आ जाए ।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात के दौरान पत्रकारों के द्वारा पत्रकार भवन के लिए बात रखी गई थी इस पर मुख्यमंत्री ने इसके लिए 65 लख रुपए स्वीकृत किया गया जिसके लिए भूमि पूजन का आज किया गया पुनर क्या पत्रकारों ने सदैव जनहित का मामले को सामने लाते रहे हैं और भविष्य में भी लाते रहेंगे उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा निश्चित समय पर पत्रकारों का भवन बनकर तैयार हो जाएगा और उसका उद्घाटन भी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी करेंगे

इसके पूर्व कैबिनेट मंत्री चौबे जी टाउन हॉल पहुंचे जहां पर पत्रकारों ने गुलदस्ता देकर भेंट की स्वागत किया तदुपरांत भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ

सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि यह पत्रकारों के लिए गौरव का दिन है जहां क्योंकि आज पत्रकार उसका स्वयं का भवन के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ अब पत्रकारों को पत्रकार वार्ता अपने ही भवन में करेंगे पहले पत्रकार वार्ता के लिए समय स्थिति के अनुसार स्थान का चयन करना पड़ता था इसके लिए दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति पत्रकारों के तरफ से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया

इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश दुबे संरक्षक महेश दुबे सलाहकार किशोर तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, महासचिव अमीन पप्पू रवानी कोषाध्यक्ष दिनेश दत्त दुबे ,सचिव आनंद साहू विधि सलाहकार प्रसून शुक्ला कार्यालय मंत्री अनीश मेनन सह कार्यालय मंत्री आशीष कांठले सहसचिव मैडी धीवर अजय शुक्ला योगेश राजपूत , संजय दुबे ,सुनील खिल्याणी, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचु साहू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणीश चौबे नगर पालिका के सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय सहित अविनाश तिवारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा पार्षद गण तथा अधिकारी उपस्थित थे ।

## भाजपा ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लिया

**बेमेतरा, 18 सितम्बर ( देशबन्धु )।**



**भारतीय** जनता पार्टी छत्तीसगढ़ पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकाल कर भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है ।इस परिवर्तन यात्रा से कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और भाजपा कांग्रेस के काले कारनामो और वादाखिलाफी का आरोप लगाकर जनता के बीच ज रही है ।इसी कड़ी में बेमेतरा में आम सभा 19 सितम्बर शाम 5 बजे बेसिक स्कूल मैदान में रखा गया है ।जिसमे मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ,पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर,विधायक भाठापारा यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,पूर्व मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे।

## नवोदय विद्यालय बेमेतरा में पूर्व छात्रों का भावपूर्ण स्नेह सम्मेलन

**बेमेतरा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा जिला बेमेतरा में बोरई, डोंगरगढ़,माना, मल्हार के पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह बीते रविवार को आयोजित किया गया। जिसमे इन विद्यालयों से पधारे 68 पूर्व विद्यार्थी उस्पस्थित थे। जवाहर नवोदय विद्यालय की पूरे देश में अलग नाम व पहचान है। यहां से पढ़कर निकलें विद्यार्थी आज पूरे देश में विभिन्न प्रशानिक सेवाओं, सामाजिक, राजनीतिक , औधोगिक वा अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहें है। भले ही कोई किसी पद पर हो पर जहां नवोदय या नवोदयन नाम आता है सब फिर से नवोदय के विद्यार्थी नजर आते हैं। विद्यालय में पहुंचते ही विद्यालय की प्रचार्या लक्ष्मी सिंह स्टाफ वा छात्र, छात्राओ ने अपने भईया , दीदीयों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में 1993 के प्रथम बैच से लेकर 2020 तक के पूर्व विद्यार्थियों ने अपना पूर्ण परिचय दिया अपने विद्यार्थी जीवन के किस्से सुनाए। भूपेंद्र कुलदीप,



रजिस्टार हेमचंद विश्वविद्यालय ने कैसे नवोदय जीवन में एक अच्छा माहौल, पढ़ाई और परवरिश मिलती है फिर नवोदय से निकलते ही बहुत सारी आर्थिक वा अन्य बाधाएं आती है। तरुण बंजारे कमांडर इंडो तिब्बत बॉर्डर फोर्स ने बच्चो को सेना की तरह ही हर मुश्किलों का डटकर सामना करने की सलाह दिया। सुधीर गोलछा, व्यापारी व समाजसेवी राजनांदगांव ने बताया की पूरे भारत वर्ष में नवोदय पूर्व विद्यार्थियों का बहुत बड़ा संगठन है जहां हर नवोदयन किसी भी नवोदयन के मुसीबत में अन्य सहायता के लिए तत्पर रहता है।

बहन स्वेता साहू प्रोफेसर पीजी कॉलेज बेमेतरा ने बताया की नवोदय में पैर रखते ही उन्हें अपना पूरा विद्यार्थी जीवन आंखों के सामने नजर आता है। आज वो खुद कॉलेज की प्रोफ़ेसर है और नवोदय की छात्रा उनकी स्टूडेंट है और उन्होंने अन्य विद्यालयों की तुलना में नवोदय के विद्यार्थियों में अधिक अनुशासन होना महसूस किया। इसी मंच पर गुनाराम चंदेल शिक्षक सुरुजपुरा और शिक्षक डोगेन्द्र वर्मा साजा ब्लॉक का श्रीफल व शाल से सम्मान किया गया। ये वो दोनो शिक्षक है जो नवोदय के विद्यार्थी तो नही रहें पर आज इनके द्वारा निशुल्क नवोदय प्रवेश की कोचिंग पढ़ाए 200 से भी अधिक विद्यार्थी अलग अलग नवोदयों में अध्ययनरत हैं।

वर्तमान विद्यार्थियों को अच्छी लगन से पढ़ाई करने नवोदय की अनुशासित जीवन का पालन कर भविष्य में कुछ अच्छा बड़ा बनने के लिए प्रेरित सभी पूर्व विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नवोदय विद्यार्थी जीवन पर प्रस्तुतीकरण से समा बांधा वहीं पूर्व विद्यार्थियों के कुर्सी दौड़ का खूब मजा लिया।

विद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल के लिए 25 पंखे व ट्यूबलाइट उपस्थित एलुमिनी सदस्यों के सहयोग से भेंट किए जाने का घोषणा किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू शिक्षक परसबोड ने किया वही पूरा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अवधेश पटेल पूर्व छात्र बोरई नवोदय व संचालक समाधान कॉलेज ने किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में पूर्व विद्यार्थियों के हाथो पौधारोपण के साथ किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू, आरुग ने किया।

## भाजपा परिवर्तिन यात्रा आज बेमेतास पहुंचेगी



**बेमेतरा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा 19 सितंबर को बेमेतरा पंहुचेगी । बेसिक स्कूल मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन किया गया है । जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ,जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ,विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र तिकहरीय ,जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी ,मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू , निखिल साहू,तारण राजपूत,हर्ष तिवारी ,राकेश मोहन शर्मा ,परस वैष्णव ने तैयारी का जायजा लिया जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी ने बताया की यात्रा 19 सितंबर को शाम 5 बजे बेसिक स्कूल मैदान में सभा का आयोजन किया गया है । पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह जी ,पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ,भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ,महेश गागड़ा,केदार कश्यप मुख्य वक्ता रहेंगे । सभा में 10 हजार लोग रहेंगे । भाजपा के मंडल अध्यक्ष ,जिला पदाधिकारी , महामंत्री तैयारी में लगे हुवे है ।

## कैबिनेट मंत्री ने माता और बहनों को दी पवित्र तीजा तिहार की बधाई और शुभकामनाएं

**कवर्धा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक अकबर भाई ने प्रदेश सहित कबीरधाम जिले की माताओं-बहनों को पवित्र तीजा-पोला तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है।



कैबिनेट मंत्री श्री अकबर भाई ने अपने बधाई संदेश में इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की है। अकबर भाई ने सभी तीज हारिन माताओं और बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में तीजा पर्व का अपना विशेष महत्व है। महिलाओं द्वारा हरतालिका तीजा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। माताएं-बहनें तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करूभात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं।

अकबर भाई ने कहा की मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार,छत्तीसगढ़ में तीज, त्यौहारों की एक समृद्ध परम्परा, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण और संर्वधन के लिए प्रदेश में हरेली, तीजा, भक्त माता कर्मा जयंती, छठ पूजा और विश्व आदिवासी दिवस के दिन न केवल सार्वजनिक अवकाश की शुरूआत की है, बल्कि इन लोक पर्वों के महत्व से आने वाली पीढ़ी को जोडने के लिए जन सहभागिता से पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

## आप नेता जसवंत सिन्हा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की



**गुण्डरदेही,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनावी रैलियां करने के लिए 16 सितंबर को जगदलपुर पहुंचे थे इस दौरान गुण्डरदेही विधानसभा के आप नेता जसवंत सिन्हा भी रैली मे शामिल हुए जहा उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर चुनावी मुद्दो पर चर्चा की श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को बताया कि गुण्डरदेही विधानसभा मे आप पार्टी के 9 गारंटी योजना को घर-घर तक पहुंचा रहे है जिससे प्रभावित होकर लोग पार्टी मे जुड़ रहे है और आने वाले समय मे पार्टी को निश्चित ही लाभ मिलेगा श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को गुण्डरदेही आने का आग्रह भी किया जिस पर दोनो नेताओ ने जल्द ही गुण्डरदेही आने पर हामी भरी

## पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को कांग्रेसियों ने बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया

**खैरागढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर रविवार को जिला युवा कांग्रेस खैरागढ़ छुईखदान गंडई के तत्वाधान में बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया जन्मदिन के अवसर पर चाय बनाकर युवाओं को चाय पिलाकर बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया गया जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि 2014 में जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रति वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कह कर सत्ता में आई थी। 9 सालों में 18 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना था। परंतु 18 करोड़ युवाओं को रोजगार न देकर उतने ही युवाओं का रोजगार छीनने का काम केंद्र सरकार ने किया है। केंद्र में जब से मोदी की सरकार आई है तब से बेरोजगारी चरम सीमा पर है। 45 साल के बेरोजगारी का रिकॉर्ड भारत देश ने तोड़ा है। और यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि



देश की युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। जिससे युवाओं में आक्रोश प्राप्त है बेरोजगारी दिवस खैरागढ़ व गंडई के मेन चौक में मनाया गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, सुमित जैन, जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान, नदीम मेमन,हरजीत सिंह, राजा सोलंकी,भृग्येश यादव,रणजीत सिंह चंदेल, दिलीप ओगरे,साकेत दुबे,आशीष देवांगन,रोहित यादव, वासु सिंह,ओम श्रीवास्तव, अशरफ सिद्दीकी, वेदांत यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी शामिल हुए।

## जिला भाजपा उपाध्यक्ष के निवास पहुंचे पूर्व मंत्री केदार कश्यप

**गुण्डरदेही,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में लगातार भाजपा व कांग्रेस के बड़े नेताओं का दौरा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हो रहा है इसी क्रम में रविवार को छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप का आगमन अर्जुनी टिकरी में आयोजित पीहर उत्सव में हुआ जिसके पश्चात पूर्व कैबिनेट मंत्री अपने डोंगरगढ़ प्रवास पर जाते समय अर्जुन्दा नगर में जिला भाजपा उपाध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश यदु के निज निवास पहुंचे जहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भेंट की प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा के राजनीतिक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रदेश में होने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में समस्त नेताओं को मोदी की योजना और राज्य में विकास विरोधी कांग्रेस सरकार के द्वारा किए गए झूठे वादों को लेकर मैदान में पूरी ताकत के साथ लड़ाई के लिए तैयार रहने की बात



कही भाजपा नेता नरेश यदु के घर पहुंचने के कारण को जानने की कोशिश करने पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कहां कि यह एक सौजन्य भेट थी वनांचल क्षेत्र के बड़े नेता केदार कश्यप हमारे क्षेत्र में आए थे इसके बाद हमने निवेदन किया कि कार्यकर्ता उनसे मिलने के लिए उत्सुक है कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान कर प्रदेश के महामंत्री का आगमन मेरे निवास में हुआ उनका आगमन ही हम सबके लिए ऊर्जा का स्रोत है मुलाकात के दौरान पूर्व प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश पधाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी के साथ साथ नगर के पार्षद ने भेंट की

## पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

**खैरागढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। खैरागढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 16 दाऊचौरा में विवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना 18 सितंबर सोमवार की सुबह की बताई जा रही है। पति पत्नी व एक बच्ची के साथ किराया के मकान में निवास करते थे। मृत महिला का नाम पुन्नी वर्मा पति मुनेश वर्मा उम्र 23 वर्ष बताई जा रही है। महिला सुबह लगभग 11 बजे अपनी डेढ़ साल की बच्ची के साथ घर में थी। उसका पति मुनेश वर्मा भी कमरे में मौजूद था। तभी महिला ने घर के बरामदे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया जिसके चलते मौके पर ही महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मृतिका के पति मुनेश के द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद महिला पुलिस के द्वारा शव को फंदे से उतारकर अस्पताल लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया और पोस्टमार्टम के लिए राजनंदगांव मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। बता दे की जिला केसीजी बनने के बाद भी अस्पताल में महिला डॉक्टर की कमी के चलते मृतिका का पोस्टमार्टम खैरागढ़ अस्पताल में नही हो पाया और शव हो पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मृत महिला के परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की गई है। लेकिन सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। फिलहाल खैरागढ़ पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## रैली के दौरान हुई चाकूबाजी में युवक घायल

**खैरागढ़,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में बालकदास जयंती के अवसर पर



निकली रैली के दौरान चाकूबाजी की घटना होने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 17 सितंबर रविवार की रात्रि तकरीबन 8 बजे रैली तुरकारी पारा पहुंची थी। तभी न्यू बिरयानी सेंटर के पास चाकूबाजी की घटना कारित हुई। चाकूबाजी के दौरान अमलीडीह वार्ड के रहने वाले विकास डहरिया पिता सूरज डहरिया उम्र 17 साल के पेट में चाकू से हमला हुआ है। घटना के बाद युवक को सिविल अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद विकास को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इधर प्रार्थी की रिपोर्ट पर खैरागढ़ पुलिस ने घटना के आरोपी राहुल लहरे उम्र लगभग 18 साल, बाबा उम्र 20 साल, अमित उम्र 22 साल तथा गोल्डी लहरे उम्र 20 साल के विरूद्ध आईपीसी की धारा 307, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के बाद से चारों आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी पुलिस के द्वारा की जा रही है।

# अब घोटाले वाली कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने का समय आ गया: रमन सिंह

■ वनवासी के हित में रमन सिंह की सरकार ने लगातार कार्य किया : केदार कश्यप

■ कवर्धा की भूमि धर्म सम्राट करपात्री जी को बहुत प्रिय थी: शिवरतन शर्मा

■ कांग्रेस की सरकार को उसी की भाषा में जवाब देना है: अभिषेक सिंह

**कवर्धा,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के पहुंचने पर विशाल जनसभा आयोजित हुई जिसमे प्रमुख रूप से डॉक्टर रमन सिंह, शिवरतन शर्मा, केदार कश्यप, विजय शर्मा, महेश गागड़ा, अभिषेक सिंह, भूपेंद्र सवन्नी, कांतिलाल बोथरा, सचिन बघेल उपस्थित हुए ।

सभा को संबोधित करते हुए रमन सिंह ने कहा कि हमें वादे पूरे करने वाली सरकार चाहिए वादाखिलाफी करने वाली नही अब कांग्रेस को विदा करने और भाजपा की सरकार बनाने का समय आ गया है ।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने घोटाला करने में गाय को भी नहीं छोड़ा है तरह तरह के घोटाले किए जा रहे हैं इतने अन्य किसी राज्य में नही हुआ है यह सरकार घोटाले की सरकार है ।

जिस सरकार में विधायक पर हमला होता है वह सरकार भरोसे का सम्मेलन कर रहे है, कांग्रेस विधायक चन्नी साहू के मुख्यमंत्री पर , बृहस्पति सिंह को उप मुख्यमंत्री पर, जयसिंह अग्रवाल , शैलेष पांडेय को मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं है और कांग्रेस भरोसे का सम्मेलन कर रही है ।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार घोटालों की सरकार है 2140 करोड रुपए का शराब घोटाला 500 करोड रुपए का कोयला घोटाला 600 करोड रुपए का खाद्यान्न घोटाला उनकी सरकार करती है इनके सरकार के सचिव डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी आज जेल में है और तो और यह सरकार महादेव एप्प के माध्यम से सट्टे में भी हजारों करोड़ का घोटाला कर रही है ।

सभा को संबोधित करते हुए केदार कश्यप जी ने कहा कि डॉ रमन सिंह ने जो वनवासी भाइयों के लिए कार्य किया है वह कोई भी नहीं कर सकता डॉक्टर रमन सिंह जी की सरकार में चार लाख 70 हजार वन



अधिकार पत्र वनवासी भाइयों को प्राप्त हुआ है और वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने गंगाजल के कसम के बाद भी आज तक एक भी वनवासी भाइ को वन अधिकार पत्र नहीं दिया है मैं आप सभी से एक ही वादा चाहता हूं कि कवर्धा से भाजपा का विधायक बनाना है छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार पुन: लाना है और छत्तीसगढ़ के विकास की गति को आगे बढ़ाना है ।

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का यह पड़ाव आज कवर्धा पहुंची और जितनी बड़ी संख्या में युवाओं के द्वारा मोटरसाइकिल रैली एवं जनसभा में जो जनसमूह उपस्थित हुआ है वह इस बात का संकेत है कि कवर्धा की जनता निश्चित रूप से परिवर्तन चाहती कवर्धा की पीड़ा बढ़ गई है कवर्धा में डर का माहौल है । कवर्धा के दुख और दर्द दूर करने वाले माननीय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह हम सब के बीच में उपस्थित हैं जिन्होंने लगातार कवर्धा में विकास के कार्य संपन्न कारण भगवा के अपमान को कवर्धा की जनता कभी भूल नहीं सकती है और इस अपमान का बदला जनता आगामी विधानसभा में जरूर लेगी ।

जनसभा को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का सातवां दिन की अंतिम सभा में उपस्थित जनों को मेरा प्रणाम, कवर्धा की भूमि करपात्री जी को बहुत प्रिय थी आज भी समस्त शंकराचार्य का प्रवास पूरे भारत में सबसे अधिक कवर्धा में होता है ।

लेकिन इसी कवर्धा में हमारे सनातन धर्म के पवित्र प्रतीक भगवा ध्वज का अपमान होता है और अपमान करने वालों को यह सरकार और उनके मंत्री संरक्षण देते हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह सनातन धर्म विरोधी है भूपेश बघेल कालनेमी की तरह स्वरूप धारण केवल दिखावे के लिए अपने आप को राम भक्त कहता है परंतु उन्हें के पिता मोहला में विगत दिनों दशहरा के उत्सव में राम के पुतला दहन का आयोजन करते हैं पिता राम दोही पुत्र अपने आप को राम का भक्त कहलाता है ।

इन 5 वर्षों में एक वर्ग विशेष के मतदाता कवर्धा के क्षेत्र में सबसे अधिक बड़े हैं सुनियोजित ढंग से लेकिन हम सबको आने वाले विधानसभा चुनाव में इस कालनेमी सरकार को सबक सिखाना है और छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार बनाना है ।

आगे जनसभा को राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह संबोधित किया उन्होंने कहा यह वही गांधी मैदान है जहां हमारे पूर्व मुख्यमंत्री के निरंतर विकास कार्यों का साक्षी बना है मैं आज सभा के माध्यम से मोहम्मद अकबर को बताना चाहता हूं कि कवर्धा को जितना है तो प्रेम से जीता जा सकता है कवर्धा की जनता को आंख दिखा कर डरा कर जीता नहीं जा सकता है मैं आज देख रहा हूं कि कवर्धा के कोने-कोने से कार्यकर्ता यहां पहुंचे हैं निश्चित रूप से यह इस बात का संकेत है की संपूर्ण जनता पूरे प्रदेश में परिवर्तन चाहती है । मैं आपको बताऊं कि इसी कवर्धा के चौक पर पुलिस पर प्रहार होता है इसी कवर्धा के चौक पर हवाई फायरिंग होती है और उसके बाद भी यह कांग्रेस सरकार और उनके मंत्री अपनी चुप्पी साधे बैठे रहते हैं किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं करते हैं जैसी यह सरकार है वैसी ही भाषा में हम सबको जवाब देना है और छत्तीसगढ़ में परिवर्तन अवश्य रूप से करना है ।

डॉ रमन सिंह, शिवरतन शर्मा,केदार कश्यप,भूपेंद्र सवन्नी, सचिन बघेल,अभिषेक सिंह, विजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक साहू, रामकुमार भट्ट, खम्मन ताम्रकार, कांति लाल बोथरा, बिसेसर पटेल, डा सियाराम साहू एवम भाजपा के समस्त प्रमुख पदाधिकारी एवम् बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परिवर्तन यात्रा की अगुवानी में जिला भाजयुमो ने किया शक्ति प्रदर्शन

## सैकड़ों बाइक की रैली अतिथियों को लेकर सभा स्थल पहुंची

**राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को राजनांदगांव पहुंची परिवर्तन यात्रा का जिला भाजयुमो सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ फरहद चौक पर भव्य स्वागत किया। सैकड़ों बाईक में सवार भाजयुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अगुवानी करते हुए यात्रा को रोड शो के साथ सभा स्थल तक पहुंचाया। राजनांदगांव विधानसभा के युवा पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल की मौजूदगी में जिला भाजयुमो ने बाइक रैली के साथ परिवर्तन यात्रा का राजनांदगांव में भव्य स्वागत किया। फरहद चौक पर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावा शहर के दक्षिण ङ्क उत्तर व ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों-कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। विधानसभा के अलग ङ्क अलग हिस्से से आए युवाओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ अपने नेताओं को शक्ति प्रदर्शन किया।



उन्होंने कहा कि ङ्क परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को जोश देखकर ये तय हो चुका है कि एक बार फिर भाजपा की सरकार वापस आ रही है। उन्होंने बाईक रैली में शामिल सभी कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा के कार्यक्रम तक डटे रहे। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का भाजयुमो ने मंच पर पुष्पमाला भेंटकर स्वागत किया।

मोनू ने परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के तहत बाइक रैली और सभा में शामिल युवाओं को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, उपाध्यक्षगण देवा झा, पिंटू वर्मा, शशिकांत गंजीर, मंत्रीगण ज्ञानेश गुप्ता, उज्जवल कसेर, शिवम यादव, संयम शर्मा, चिंटू सोनकर, हेमदीप साहू, आशुतोष सिंह, साहिल गोलछा, कमलेश प्रजापति, अंकित गरेवाल साकेत वैष्णव (चिखली), उत्तर - दक्षिण ग्रामीण तीनो मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, जितेंद्र साहू सहित विधानसभा के तीनों मंडल से आशीष जैन, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, कोमल टंडन, निल निर्मलकर, जिला कार्यकारणी सदस्य यश पारख, सूरज नायक, सोहन चौरसिया, मनीष यादव अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा उपकार चंद्राकर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूधन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रभारी आकाश ठाकुर, सह प्रभारी संदीप साहू, आरुण दानी, ऋषि देव चौधरी, जिला महामंत्री डिकेश साहू, सुमित भाटिया, गगन आईच, सहित जिले युवा मोर्चा के पदाधिकारी, उत्तर शहर मंडल, दक्षिण शहर मंडल, ग्रामीण शहर मंडल के पदाधिकारी, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं का, युवाओं का इस रैली को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# जंगली सूअर के हमले से एक किसान की मौत

**डोंगरगांव**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर ग्राम बननवागांव में किसान हेमलाल पिता सुराजू रावटे 50 वर्ष ने 18 सितंबर को सुबह 8 बजे अपने खेत की ओर धान फसल को देखने गया था तभी अचानक खेत में छिपे एक जंगली सूअर बरहा ने किसान हेमलाल पर ताबड़तोड़ हमला किया किसान हेमलाल के सीने और जंघा में लगातार हमले से शरीर में छेद हो गया है जंगली सूअर की भयानक हमले से किसान हेमलाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है मृतक का शव डोंगरगांव में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया था जहां पर पोस्टमार्टम कर उनके परिवार को सौंप दिया गया है पोस्टमाडम होने के बाद उनके परिवार वालो ने गांव में आज सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया है एक ओर यही जंगली सूअर बरहा ने ग्राम मन्होरा निवासी प्रकाश साहू पिता गोपाल साहू 35 वर्ष के साथ-साथ उनके छोटे भाई पर भी इस जंगली सूअर ने खेत में ताबड़तोड़ हमला किया है इस हमले में घायल प्रकाश साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव ले जाकर इलाज कराया गया है जिसे गंभीर स्थिति में राजनादगांव मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है इस हमले के बाद गांव वालों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई जिन पर वन विभाग की टीम जंगली सूअर को पकड़ने के लिए गांव पहुंचा है जहां पर जंगली सूअर को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल पाई है जंगली सूअर हमला करने के बाद एक गांव से दूसरे गांव की ओर भाग कर घने झाड़ियां के बीच में छुप गया है जिसे पकड़ने में भारी मशक्कत करना पड़ रहा है इस हमले से क्षेत्र के किसानों और में भारी दहशत प्राप्त है अचानक इस जंगली सूअर का सामने एक किसान से होने के बाद आमने-सामने में होने के बाद जंगली सूअर ने किसान के ऊपर तेजी से हमला किया किसान ने बीच बचाव किया परंतु वे बच नहीं पाए मृतक हेमलाल के परिवार में पत्नी और तीन पुत्रियां हैं दूसरी ओर इसी जंगली सूअर ने हमला करने के बाद एक गांव से दूसरे गांव की ओर पहुंचकर फिर खेतों की ओर रुक कर ग्राम मनहोरा निवासी प्रकाश साहू और उनके छोटे भाई को बीच बचाव करते हुए जंगली सूअर ने इन लोगों पर भी ताबड़तोड़ हमला किया है जिससे क्षेत्र के किसान और ग्रामीण जन काफी भयभीत है



### दो घायल हुए

# विश्वकर्मा जयंती मनाया गया

**डोंगरगांव**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। समीप ग्राम-बगदई एवं बीजेभाटा में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाया गया जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।



जिसमें मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य राजनंदगांव, अध्यक्षता विभा साहू पूर्व जिला पंचायत सभापति, विशेष अतिथि रुपू साहू सरपंच ग्राम पंचायत बीजेभाटा, विजय जैन चित्ररेखा साहू, टीकम निषाद के आतिथ्य मे संपन्न हुई, मुख्य अतिथि श्रीमती यदु द्वारा आयोजन समिति को एवं समस्त ग्रामवासी को विश्वकर्मा जयंती तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके द्वारा भारत के विकास हेतु किये गए कार्यों एवं योजनाओ से लोगो को अवगत करवाया और साथ ही भारत की अध्यक्षता मे भारत मे सफलता पूर्वक सम्पन हुए ल20 समिट के बारे मे लोगो को संक्षेप पे बताया गया।

कार्यक्रम में नेतराम सिन्हा, डोमन दास मानिकपुरी, खोमन दास साहू, टोमन दास साहू, तोरण दास सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# परिवर्तन नहीं, पश्चाताप यात्रा निकाले भाजपा के नेता : राहुल तिवारी

**छुरिया/राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने भाजपा द्वारा निकाले परिवर्तन यात्रा पर भाजपा के नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि भाजपा के नेता परिवर्तन यात्रा की बजाय पश्चाताप यात्रा निकालना चाहिए छत्तीसगढ़ की जनता ने लगातार 15 वर्षों तक भाजपा को मौका दिया और लगातार 15 वर्षों तक भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का कार्य किया है। अब छत्तीसगढ़ की खुशहाल जनता राज्य में परिवर्तन नहीं चाहती और चीख चीख कर कह रही है भूपेश है तो भरोसा है, और बदलबो ए दारी दिल्ली में बैठे मोदी सरकार ला बदलबो। साथ ही परिवर्तन यात्रा में आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी के लिए राहुल तिवारी ने कहा काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। 15 वर्षो तक रमन सरकार की वादाखिलाफी और विगत 9 वर्षो से मोदी सरकार के जुमलों का रिपोर्ट कार्ड जनता के पास है। परिवर्तन यात्रा के साथ अरुण साव घूम-घूम कर झूठ परोस रहे हैं। आज भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की छवि विश्वासघातीयों के रूप में हो चुकी है। अरुण साव भले ही स्वीकार करे या न करें जनता के रिपोर्ट कार्ड और गूगल में सब कुछ दर्ज है। अरूण साव गूगल में सिर्फ़ झूठा या जुमलेबाज लिखकर तस्दीक कर ले। झूठा, भ्रम, गलत बयानबाजी और वादाखिलाफी का रिकॉर्ड भाजपा का है। 15 साल रमन सिंह के कुशासन में किसानों को बोनस के नाम पर ठगा गया, युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करके बेचते रहे, छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित किया गया। बस्तर के 700 गांव से तीन लाख से अधिक आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर किया। 2003 में भाजपा के संकल्प पत्र में प्रत्येक आदिवासी परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा था, 15 साल सरकार में रहते रमन सिंह को याद नहीं आया। हर गांव में एक महिला और एक पुरुष को ग्राम प्रहरी बनने का वादा किया था बने एक भी नहीं। प्रत्येक आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय देने का वादा था जो दिए नहीं। 2003 में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने वादा किया था प्रत्येक 12वीं पास को 500 रूपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का, दिए नहीं। दूसरी ओर आम जनता के उम्मीदो पर खरा उतरने का रिकॉर्ड कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने बनाया है। समृद्धि और सुशासन के सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किया है। भूपेश सरकार ने तो वादे से ज्यादा करके दिखाया है। रमन राज में जो 3000 से अधिक सरकारी स्कूल बंद किए गए थे उन्हें भूपेश सरकार ने पुन: शुरू कराया है। इसके अलावा उच्च गुणवत्ता युक्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए भूमिहीन कृषि श्रमिक न्याय योजना के तहत 7000 रुपया प्रति वर्ष और बेरोजगारी भत्ता ढाई हजार रुपया प्रतिमाह जो 2018 के घोषणापत्र के वायदों के अतिरिक्त है। आज छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 5 वर्ष के कार्यकाल ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 वर्षो के कार्यकाल को शून्य साबित कर



# गोवा की संस्कृति सुधारे, गोमांस के पक्षधर सामंत, गोधन न्याय योजना से कुछ सीखें : कांग्रेस

**राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा की जनहित से दूर छत्तीसगढ़ महतारी के अपमान के पर्याय बन चुकी परिवर्तन यात्रा रूपी नौटंकी में मेहमान कलाकार के रूप में आए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के गोबर घोटाले के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री पहले अपने राज्य में गौ मांस की बिक्री बंद करने का साहस करें क्योंकि स्वयं मुख्यमंत्री सावंत ने गोवा में गौ मांस कम होने पर अन्य राज्य से पशुओं को खरीदने की बात सार्वजनिक रूप से कहकर गौ माताओं की हत्या का समर्थन करते हैं और पशुपालन मंत्री के रूप में कार्य कर चुके गोडीन्हो ने गौ रक्षको को स्वार्थी तत्व निरूपित करते है और भाजपा विधायक लोबो ने गोवा में प्रतिदिन 20 टन गौ मांस की खपत की बातें सार्वजनिक की हो जिस प्रदेश में गो मांस को प्रतिबंधित करने के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी ने मोर्चा खोलने पर आमादा हो उसके बाद उस प्रदेश के मुख्यमंत्री को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूती का सशक्त माध्यम गौ माता के गोधन न्याय योजना पर बेबुनियाद आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता है।



**डॉ. रमन के बदनुमा विकास का दंश जनता झेल रही : रूपेश दुबे**

अपने राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में नाकाम सावंत पहले अपने राज्य के कर्ज पर चिंता करे और छग राज्य की योजनाओं के बारे में अध्ययन करें साथ ही राज्य की योजनाओं को केंद्र सरकार की एजेंसियों के द्वारा जो सराहना मिल रही है और केंद्रीय योजनाओं में छग सरकार को केंद्र सरकार ने जितने पुरस्कारों से नवाजे गए हैं उनकी भी जानकारी एकत्रित करने की आवश्यकता है।

15 वर्षीय कुशासन के नेतृत्वकर्ता डॉ रमन सिंह को भाजपा ही पचा नहीं पा रही हैं और लगातार उनके फोटो को उनके कद को पीछे कर उनसे अपना पिंड छुड़ाने में लगी हुई है क्योंकि 15 वर्षीय कमीशन खोरी के नेतृत्व करता डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की दुर्गति राज्य की जनता ने कर दी है जिसके कारण आज भाजपा उठने की स्थिति में नहीं है।

राजनंदगांव में बदनुमा विकास अधूरा हॉकी स्टेडियम, अधूरा दिग्विजय स्टेडियम, अधूरा मेडिकल कॉलेज, अदूरदर्शी बाईपास, निम्न स्तर का आईटीआई बिल्डिंग का दंश, नर्सिंग कॉलेज का किराया फर्जीवाड़ा को शहर की जनता जान चुकी है क्योंकि डा रमन सिंह का अपने 15 वर्षीय कार्यकाल को 10म20 के फ्लेक्स लगाकर प्रदर्शित करना राजनीति में बेबसी का प्रमाण है।

# विधायक बघेल ने खिलाड़ियों से मिल बढ़ाया उत्साह वर्धन

**डोंगरगढ़,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने सोमवार सुबह स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में युवा अभ्यर्थियों द्वारा संचालित डोंगरगढ़ फिजिकल एकेडमी (मुफ्त फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी) के ट्रेनिंग सेशन में पहुँच अकादमी के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन बढ़ाया है। युवा खिलाड़ियों ने विधायक को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित हुए। विधायक बघेल ने एक-एक कर सभी खिलाड़ियों से मिल खेल संबधी चर्चा की। चर्चा में खिलाड़ियों ने विधायक के समक्ष खेल सामग्रियों की मांग रखी। खिलाड़ियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक श्री बघेल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर हुए उनकी मांग जैसे जूता, ट्रैक सूट, लोवर, टी-शर्ट रंनिग शॉर्ट्स, इन्नर, टेटी, टाइमर घडी, किट बैग, फर्स्ट एड बॉक्स, गोला, टेप, बजन मशीन, हाईट मेज़रमेंट टूल आदि सामग्री देने का आश्वासन दिया है। विधायक श्री बघेल ने सभी खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करके क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सयुक्त महामंत्री अनिल मेश्राम सहित अन्य उपस्थित थे।



# शहर कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




**कांग्रेसजनों ने स्वतंत्रता संग्राम में किए योगदान को किया नमन**

**राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर की पुण्यतिथि पर 18 सितंबर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन में सोमवार 18 सितम्बर को स्थानीय कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर छेदीलाल ठाकुर की पुण्यतिथि उनके तैलचित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें नमन किया।

संगोष्ठी सभा की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महासचिव नरेश डाकलिया ने बैरिस्टर छेदीलाल के योगदान को याद कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत कर स्वतंत्रता आंदोलनों से जोड़ने में छेदीलाल ठाकुर का अतुलनीय योगदान रहा है। पूज्य बापू महात्मा गांधी के आह्वान पर वे वकालत छोड़कर असहयोग आंदोलन में कूद पड़े और मजबूत करने में लग गए। छग के बिलासपुर अंचल में जागृति फैलाने के लिए उन्होंने रामलीला के मंच से राष्ट्रीय रामायण का अभिनव प्रयोग किया। संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने बैरिस्टर छेदीलाल को नमन करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी विभूतियों को सजोने व संगृहित करने का कार्य कर रही है। बैरिस्टर छेदीलाल जी कई भाषाओं के जानकार के साथ लेखक, पत्रकार, संगीतज्ञ और कर्मठ नेता थे। उनकी उपलब्धियों और समाज के लिए किए योगदान को हमेशा याद किया जायेगा आज उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन करता हूं। संगोष्ठी सभा को दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, खिलेश्वर पाल, इंटक सुरेन्द्र देवांगन उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा, गोपीचंद गायकवाड़, योगेन्द्र प्रताप सिंह, आरबी मिश्रा, नारायण सोनी, संदीप जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। शहर जिला महामंत्री झम्मन देवांगन ने उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार जताया।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा से केंद्र में अवश्य होगा परिवर्तन : धनेश पाटिला

**राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री एवं अंत: व्यवसायी सहकारी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने भाजपा को जोरदार करंट मारते हुए परिवर्तन यात्रा पर बड़ा बयान दिया है उन्होंने कहा कि देश में पांच राज्यों में विधानसभा आम चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। इसका केंद्र की सत्ता पर निश्चित तौर पर असर पड़ेगा।

श्री पाटिला ने शाश्वत सत्य बताते हुए आगे कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है और पल-पल परिवर्तन होते रहता है। इस बार बड़ा परिवर्तन राजनीति में होने वाला है। केंद्र में 2014 से काबिज नरेंद्र मोदी नित भाजपा सरकार की जगह जनता कांग्रेस नित इंडिया गठबंधन सरकार चुनकर भेजेगा और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। क्योंकि मोदी सरकार ने देश की जनता को सिर्फ झूठ बोलने के अलावा और कोई भी काम नहीं किया है। सत्ता पाने के लिए देश की जनता को गुमराह कर अच्छे दिन लाने का वायदा किया था। उन वादों के अलावा अनेक वायदे मोदी सरकार ने सत्ता पाने के लिए किया था। जिसको देश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है और इस बार लोकसभा चुनाव में जनता परिवर्तन की मूड में है और वही छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की जनता के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित कर छत्तीसगढ़ वासियों को उनका लाभ भी दिला रहे हैं। जिसमें सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे पैसे को रोककर विकास कार्य में बाधा डाल रहे हैं। जिसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। इसी के साथ विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की राजनीति में बड़ा परिवर्तन यह भी होगा कि यहां कांग्रेस की सत्ता है वह पहले से और मजबूत होगी क्योंकि जनता भरोसे की सरकार को दोबारा 75 प्लस सीटों के साथ पुन: सरकार बनाएगी। रही बात छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की तो वहां भी परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है।



# कांग्रेस शासन काल में एक ही वर्ग सबसे ज्यादा पीड़ित, वह है सनातन : शिवरतन

**डोंगरगढ़,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ - भाजपा की परिवर्तन यात्रा धार्मिक स्थल दंतेश्वरी माता के क्षेत्र से शुरू होकर रविवार देर शाम धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंची। यात्रा के छठवें दिन परिवर्तन यात्रा के प्रभारी शिवरतन शर्मा के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महामंत्री केदार कश्यप, परिवर्तन यात्रा के सप्रभारी महेश गागडा, राजेंद्र गोल्छा, पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर एस मंगे, जैन कुमार मेश्राम, पवन मेश्राम विजेंद्र सिह ठाकुर, राकेश अग्रवाल, संतोष राव, अमित छाबडा, योगेश मोटघरे मौजूद थे। वही प्रेस कॉन्फ्रेंस मे शिवरतन शर्मा ने कहा कि धर्मनगरी की धरती से मुझे यह बोलने में तनिक भी संकोच नहीं हो रहा है कि आज कांग्रेस शासन काल में एक ही वर्ग सबसे ज्यादा पीड़ित है वह है सनातन जिसमे हम सब आते है। पूर्व व वर्तमान घटनाएं उठाकर देख लीजिये छत्तीसगढ़ में सनातन ही पीड़ित मिलेगा।



आज इन्हीं घटनाओं को लेकर भिलाई बंद है। भ्रष्टाचार के मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसी क्षेत्र की चर्चा की जाए तो भाजपा शासन काल में धर्मनगरी को जोड़ने वाली हर प्रमुख सड़क को बनाया गया। 55 माह के शासन काल मे कांग्रेस सरकार के पास इन सड़कों का मरम्मत करवाने तक का पैसा नहीं है। यहां के कांग्रेस नेताओं को किसी भी कार्य में अपना फायदा पहले दिखता है आज इसी कारण क्षेत्र के कई योजनाएं लंबित है। विधायक अनुसूचित जाति प्राधिकरण के अध्यक्ष के द्वारा स्वयं सहायता समूह को एक करोड़ का लोन दिया गया। परंतु यह राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। जांच में 95 लाख का बंदरबाट साबित भी हो गया उसक बावजूद भी किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। कर्मचारियों के आंदोलन के विषय मे कहा कि कर्मचारियों द्वारा अपनी मांग को लेकर लगातार आंदोलन किया गया उसके बावजूद भी उनकी मांग पूरी नहीं हुई। किसानों के विषय में कहा कि आप सब जानते है एमएसपी केंद्र सरकार निर्धारित करती है ना कि राज्य सरकार ये कॉंग्रेस सरकार केंद्र के एमएसपी के पैसे में बोनस जोड़ कर 2640 का धान खरीदी करेंगी। एमएसपी पर बोनस देने की शुरुआत भाजपा कि ही देन है। एमएसपी पर सही बोनस कांग्रेस सरकार देती तो आज की तारीख में किसानों को प्रति कुंटल 2790 का भुगतान होता।

## सनसिटी में 20 को भजन सम्राट सुशील बजाज का कार्यक्रम

**राजनांदगांव,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। देश के प्रसिद्ध भजन सम्राट एवं बाबा के भजन गायक स्वर्गीय गोपाल बजाज के चिरंजीव सुशील गोपाल बजाज द्वारा जम्मा जागरण का कार्यक्रम 20 सितंबर को सनसिटी में प्रस्तुत किया जाएगा। महावीर सनसिटी परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बुधवार को 9:30 बजे से प्रारंभ होगा और सुशील गोपाल बजाज द्वारा बाबा रामदेव का जम्मा गाकर सुनाया जाएगा। महावीर सनसिटी परिवार ने बाबा के भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा का जम्मा सुनकर आनंद एव पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

उल्टा पुल्टा

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कुली से पूछा-भाई साहब, पूछताछ कार्यालय कहां है?
कुली ने जवाब दिया -मुझे भी नहीं पता! आगे जाकर left side में Enquiry Office है, वहां पता करो।




# विधानसभा मुख्यालय में सुव्यवस्थित बस स्टैंड नहीं होने से सड़क पर खड़े रहते हैं यात्रीगण

**राजिम,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। तीज पर्व को लेकर शहर में सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड नहीं होने के कारण यात्रीगण सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे हैं। भूल से भी कोई चार पहिया या फिर दो पहिया वाहन तेज गति से आगे बढ़े तो कोई अनहोनी होने से रोका नहीं जा सकता। यहां तो रुकने के लिए भी जगह नहीं है। मजबूरन यात्री सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करते रहते हैं। इस नगरी में न ही छत्तीसगढ़ के लोग बल्कि पूरे हिंदुस्तान और विदेश से भी पर्यटक हमेशा पहुंचते रहते हैं। इन्हें छत्तीसगढ़ का प्रयागराज होने का गौरव प्राप्त है। प्रसिद्ध त्रिवेणी संगम नदी के अलावा प्राचीनकालीन मंदिर छत्तीसगढ़ के इतिहास की गौरवगान करती है। इन्हें देखने सुनने श्राद्ध तर्पण स्नान दान इत्यादि के लिए बारहों महीने आना-जाना लगा रहता है। जी हां यह वही धर्म नगरी है जहां प्रदेश सरकार के द्वारा प्रसिद्ध माघी पुन्नी मेला का आयोजन पखवाड़े भर के लिए किया जाता है जिसमें देशभर के लोग श्रद्धालु पहुंचते हैं। इतनी महत्वपूर्ण नगरी होने के बावजूद एक बस स्टैंड के लिए यह शहर आज भी मांग करते-करते थक चुके हैं। इसी वर्ष मांघी पुन्नी मेला के समय प्रदेश की नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया पहुंचे हुए थे उन्होंने यहां के लोगों की मांग को देखते हुए सुव्यवस्थित बस स्टैंड के लिए 2 करोड रुपए की स्वीकृति दी। घोषणा किए हुए 7 महीना गुजर चुके हैं लेकिन अभी तक इस



दिशा में कोई सकारात्मक कार्य नहीं हुआ है न जनप्रतिनिधियों को चिंता है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कुछ किया है और बस स्टैंड की योजना आधार में लटक गई है। नगर पंचायत बने हुए इस शहर को 20 साल हो गए। बाद में बने छोटे-छोटे कस्बा में आलीशान बस स्टैंड सरकार ने बनवाया है परंतु राजिम अभी भी छूटा हुआ है। उल्लेखनीय है कि राजिम विधानसभा मुख्यालय है। यहां से विधायक चुनकर जाते हैं और प्रदेश की राजनीति को पुष्ट करते हैं। इस विधानसभा ने अविभाजित मध्यप्रदेश में तीन बार मुख्यमंत्री दिए। छत्तीसगढ़ राज्य बनते ही प्रदेश को महत्वपूर्ण विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का पद मिला। इसके अलावा कांग्रेस एवं भाजपा के अनेक

- **तीज पर्व को लेकर शहर की सड़कें खचाखच**
- **बस स्टैंड के लिए दो करोड़ की घोषणा किए 7 महीना बीता पर अभी तक कुछ नहीं हुआ**

विधायक बने पर किसी ने अभी तक बस स्टैंड नहीं बना पाए जिसका मलाल यहां के लोगों को है। जानना जरूरी है कि राजिम शहर से 45 किलोमीटर की दूरी पर राजधानी रायपुर, इतनी ही दूरी पर जिला मुख्यालय गरियाबंद, महासमुंद एवं 65 किलोमीटर की दूरी पर धमतरी शहर है। राजधानी रायपुर पहुंचने के लिए उड़ीसा तथा देवभोग के लोग बड़ी संख्या में इसी सड़क मार्ग से होकर पहुंचते हैं। व्यापारिक दृष्टिकोण से राजिम शहर में लेनदेन के लिए सौ किलोमीटर से भी अधिक दूरी से लोग पहुंचते हैं। यहां से पांच -पांच मिनट के अंतराल में सैकड़ो यात्री बस निकलती है। शनिवार को गरियाबंद, देवभोग, गोहपदार, छुरा इत्यादि अपने घरों में जाने के लिए यात्रीगण बसों का इंतजार करते हुए सड़क पर खड़े हुए थे। सुबह से ही सड़कों पर इतनी भीड़ और लोग बेतरतीब ढंग से आना-जाना कर रहे हैं। इन्हें सही मार्ग दिखाने वाला भी कोई नहीं है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की मांग हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि कम से कम त्योहारी सीजन पर तो ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए परंतु इस दिशा में अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है अलबत्ता ट्रैफिक सिग्नल लाखों रुपया खर्चा कर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक के चारों और लगाए गए थे। सड़क संकरी होने के कारण बड़ी गाड़ियों को आने जाने में तकलीफहो रही थी नतीजन सिग्नल खंभा ही गिर गए। 18 सितंबर को तीज पर्व है आने वाले 10 से 15 दिन भीड़ रहेगी।

### जिला मुख्यालय गरियाबंद 44 किलोमीटर दूर

राजिम शहर का जिला मुख्यालय गरियाबंद यहां से 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिले के सभी बड़े अधिकारी मुख्यालय में बैठते हैं किसी ने अभी तक राजिम शहर के विकास को लेकर मास्टर प्लान तैयार नहीं किया। शहर भगवान भरोसे अपने दम पर विकास कर रही है। शहर में कितना विकास हुआ है यह तो बस स्टैंड से ही अनुमान लगाया जा सकता है। क्या शहर में सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड कांग्रेस शासन काल में बन पाएगी या फिर बस इसी तरह से रोजमर्रा की जिंदगी चलती रहेगी।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाली गई रैली, रामसागर तालाब में किया श्रमदान



**नपा अध्यक्ष चित्तावर एवं पार्षदों ने की तालाब घाट की सफाई**

**बलौदाबाजार,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जनसामान्य एवं नगर वासियों के मध्य जागरूकता का संदेश लेकर नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के द्वारा स्वच्छता रैली एवं श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार नगर पालिका कार्यालय से समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता कार्य में जुड़े महिलाओं के द्वारा रैली आयोजित की गई।

रैली आयोजन की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा कार्यालय भवन से प्रारंभ कराई गई। स्वच्छता का संदेश एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते रैली में एस.एल.आर.एम. सेंटर की महिलाओं के द्वारा नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। रैली नया बस स्टैंड से मुख्य मार्ग, बजरंग चौक, सदर रोड, नेहरू चौक होते हुए रामसागर तालाब में कर सभी जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारीगण श्रमदान के कार्य में जुट गए। इस दौरान रामसागर तालाब के पार एवं घाट की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पालिका से आयोजित स्वच्छता रैली एवं श्रमदान कार्यक्रम में पार्षद रूपेश ठाकुर, रीटा केशरवानी, डिगेश्वरी नामदेव, अंजनी भारद्वाज एल्डरमेन मनोज प्रजापति, सुखदेव साहू, दिगंबर साहू, रविंद्र नामदेव, राजा तिवारी, संदीप साहू, केश कुमार जायसवाल नगर पालिका के उपअभियंता विनोद यादव, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, जिला समन्वयक (पी.आई.यू.) नमिता ठाकुर, शतेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र सोना गणेश पाड़े, समयपाल जय वर्मा, सुनीता साहू, सुभाषिनी शेन्द्रे, प्रताप मरैया, बंटी नायक, सोनू खान, कृष्णा गेंडरे, कैलाश सोनी, नंद किशोर नेताम, सालिकराम वर्मा, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक कर्मचारीगण व सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने बच्चों के साथ मनाया मोदी का जन्मदिवस

**महासमुंद,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार पूरे विश्व मे भारत का मान भी बढ़ा है । प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश ही नही वरण पूरे विश्व को अपना परिवार मानते है, जो



सबका साथ, सबका विका, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ भारत आज विश्व की पांचवी अर्थ ब्यवस्था बन गया है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना के साथ सेवा सप्ताह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मण्डल महासमुन्द के ग्राम बेलसोंडा स्थित कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट में अनाथ बच्चों को >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भगवान विश्वकर्मा हमें सतत अभ्यास, लगन और श्रम की देती हैं प्रेरणा : रंजना

**धमतरी,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। सकल सृष्टि के रचयिता, दिव्य वास्तुकार एवं आदि रचनाकार, देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ मूर्ति स्थापना कर क्षेत्र में मनाया गया, विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र के विधायक रंजना डीपेंद्र साहू विश्वकर्मा जयंती की अवसर पर ग्राम बेलतरा, धमतरी पेंटर मजदूर संघ विश्वकर्मा जयंती समारोह गोकुलपुर वार्ड, सहित विभिन्न स्थानों में दीप प्रज्वलित कार्यक्रम में शामिल हुई और सभी को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दिए।

विधायक रंजना साहू ने कहा कि विश्वकर्मा एक आदर्श एवं उच्चकोटि के शिल्पी ही नहीं वरन् आदि अभियंता हैं, भगवान विश्वकर्मा हमें सतत अभ्यास, लगन और श्रम करने की प्रेरणा देती है, यदि मनुष्य को शिल्प का ज्ञान न हो



तो वह निर्माण कार्य नहीं कर पाएगा, जिससे मानव सभ्यता का विकास रूक जाएगा। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि विश्वकर्मा भगवान को संसार का पहला शिल्पकार माना जाता है, विश्वकर्मा पूजा एक त्योहार है जहां कारीगर, शिल्पकार और श्रमिक भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं, कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था, इसी लिए भगवान विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी माना गया है। शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा प्रतिभाशाली व कर्मठ समाज के प्रतीक हैं, वह कामना करते हैं कि भगवान विश्वकर्मा सभी पर अपना आशीर्वाद बनाएं रखें। समाजसेवी नीलू रजक ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दिए।

# भाजपा के प्रवासी संभाग प्रभारी डॉ. जायसवाल ने कोर ग्रुप की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**राजिम,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रवासी संभाग के प्रभारी डॉ. दिलीप जायसवाल की उपस्थिति में छग भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर राजिम स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, संभाग सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, राजिम विधानसभा भाजपा प्रभारी दीपक म्हसके, सहप्रभारी किशोर महानंद, भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, विधानसभा प्रत्याशी प्रभारी जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू उपस्थित रहे।

कोरग्रुप के उपस्थित भाजपा



पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रवासी संभागीय प्रभारी डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि आगामी चुनाव के संचालन के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन करके सभी पदाधिकारियों के दायित्वों का कार्य विभाजन करें जिससे चुनाव संचालन में आसानी हो। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव के लिए कमर कसकर तैयार रहने व चुनाव में बढ़त बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रवासी संभागीय प्रभारी ने सभी से चुनाव के संबंध में चर्चा की। साथ ही निर्देश दिए कि यहां से बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाएं और आने वाले समय में परिवर्तन के संकल्प को सार्थक बनाएं। उक्त बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, पाण्डुका मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटके, मिंजून साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, पाण्डुका मंडल महामंत्री किशन कंडरा, प्रकाश सिन्हा, अल्पसंख्यक मोर्चा के आसिफमेमन, आईटी शेल संयोजक सागर मयानी, रमेश सिन्हा, टीकम साहू, लेखराज ध्रुवा, पूरन साहू, रामलाल कुलदीप सहित कोर कमिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए संसदीय सचिव

**महासमुंद,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर रविवार को क्षेत्र में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। रविवार को तुमगांव, खड़सा, पासीद, जोबाकला व महासमुंद के अपना मार्केट में विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल



चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सर्वप्रथम संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने उपस्थितजनों की मौजूदगी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा.अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, बीज अनुसंधान समिति के संचालक दाऊलाल चंद्राकर, मंडी सदस्य थनवार यादव, दिलीप चंद्राकर मौजूद रहे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा है कि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पूर्व विधायक होरा ने किया 20 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण व भूमिपजन



**धमतरी,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। रविवार 17 सितम्बर को भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा क्षेत्र मे आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए। ग्राम पंचायत बलियारा में प्रात: 11 बजे राशि रूपये 20 लाख के विकास कार्य के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री होरा ने नाली निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन एवं नवनिर्मित सीसी रोड़ लोकार्पण किया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार विगत पौने पांच सालों से सभी क्षेत्र, समुदाय के साथ-साथ सभी वर्गों के हित के लिए लगातार कार्य कर रही है. किसी ने भी नहीं सोचा था कि गोबर की भी खरीदी होगी, लेकिन हमने यह कर दिखाया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप आज छत्तीसगढ़ पूरे देश में एक आत्मनिर्भर एवं खुशहाल राज्य के रूप में तेजी से उभरा है। श्री होरा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती तीजा पोला पर्व के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर कविता बाबर, वसीम कुरैशी, सूरज तिवारी, विक्रांत शर्मा, पप्पू गजेंद्र, राहुल बखतानी, गोल्डी ठाकुर, अभिमन्यु सिन्हा, स्वतंत्र कौशल, कृष्णा मरकाम, प्रभु दयाल साहू, सुरेंद्र पांडे सरपंच हीरा लाल ध्रुव, थनेश्वर साहू, रेवा राम, शिवनाथ ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

# विवेकानंद युवा मंच ने किया जिले की प्रतिभाओं का सम्मान

**बलौदाबाजार,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। विवेकानंद युवा मंच ने बलौदाबाजार नगर स्थित होटल मारूति इन में सम्मान समारोह का आयोजन बीते शुक्रवार को किया जिसमें जिले में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष छ.ग. राज्य कृषक कल्याण परिषद, अध्यक्षता विद्याभूषण शुक्ला अध्यक्ष राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड, विशेष अतिथि हितेंद्र ठाकुर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, जुगल भट्टर अध्यक्ष चेंबर आफकामर्स, रामाधार पटेल पत्रकार, नीरज बाजपेयी पत्रकार, एवं कपिल कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रभाग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान पुण्य का कार्य है। मनुष्य के कर्म बीज की तरह होते हैं जो अंतत: कई गुना होकर फल के रूप में वापस मिलते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ने समाज के हित में किए गए कार्यों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान की भावना की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि छोटे छोटे



**प्रतिभाओं का सम्मान पुण्य का कार्य है : सुरेन्द्र शर्मा**

प्रयास दुरगामी परिणाम लाते हैं। विशेष अतिथि जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने सम्मानित किए जाने वाले प्रतिभाओं को बधाई दी और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा समारोह को रामाधार पटेल, नीरज बाजपेयी तथा कपिल कश्यप ने भी संबोधित किया। सम्मान प्राप्त करने वालों में मुख्य रूप से शिक्षा के क्षेत्र में वटगन कालेज प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, मुबारक हुसैन हथबंद, शालिनी कश्यप, अराधना वर्मा, रामेश्वरी जलहरे, अभिषेक महोबे पलारी, घनश्याम वर्मा, अरूण साहू, कृपाराम साहू, हेमलाल साहू, साहित्यकार अजय साहू, चोवाराम वर्मा, बादल, व्यवसायी श्याम केशरवानी, गोपाल हबलानी, योगेश अग्रवाल, जितेन्द्र केशरवानी, मनीष हरिरमानी, अभिषेक सोनी, कक्षा दसवी के आईसीएससी बोर्ड में जिले में प्रथम रहे अर्णव जायसवाल, आकाशवाणी उद्घोषक दीपक तिवारी तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी समाजसेवी गोपी साहू, रोहित साहू, तुलसी वर्मा, मोती वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, महेंद्र वर्मा सहित अन्य बहुत से लोगों का सम्मान विवेकानंद युवा मंच के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलौदाबाजार नगर के तथा आसपास अंचल के समाज में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद युवा मंच के सयोजक संदीप पाण्डेय के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सिद्देश्वर रक्त दान समिति के जितेन्द्र साहू के द्वारा किया गया। इसी मंच में आयोजन समिति के जितेन्द्र साहू का जन्म दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से रूपेश ठाकुर, संतोष तिवारी, डा. फारूकी, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र जायसवाल, सालिक सिंह ठाकुर आदि भी उपस्थित थें।

## राजभाषा आयोग का प्रांतीय सम्मेलन 23 व 24 को होटल बॉबीलान में

**राजिम,** 18 सितंबर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 23 एवं 24 सितम्बर को बेबीलोन हांटल रायपुर में आयोजित है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विषयों पर चर्चा गोष्ठी एवं प्रथम दिवस रात्रि 09 बजे से अनवरत कवि सम्मेलन सम्पन्न होगा। जिसमें गरियाबंद जिले के कवि गण भी भाग लेंगे।

# मोहभट्ठा में प्रस्तावित इस्पात सयंत्र के विरोध में स्वर बुलंद

**भाटापारा,** 18 सितंबर। सिमगा विकासखंड के मोहभट्ठा में इस्पात सयंत्र लगाने की तैयारी की जा रही है ।जिसके लिए ग्राम पंचायत से जारी होने वाले अनापत्ति प्रमाण पत्र में पेच हुआ है। ग्रामीणों ने इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कुछ दिनों पूर्व पंचायत भवन के पास बैठक की एव किसी भी स्थित में कंपनी प्रबंधन को एनओसी देने के पक्ष में नही है ।ग्रामीणों का मानना है कि गाँव मे स्पात सयंत्र लगने से यहां के हालात सिलतरा व उरला जैसे हो जाएंगे,खेती किसानी करना दूभर हो जाएगा ।जिसे लेकर अब गाँव के जागरूक युवा एकजुट हो गए है और इसका मुखर तौर पर विरोध कर है एव प्रभावित ग्राम दावनबोड,खरगाडीह,कुकराचूंदा में बाइक रैली निकाल कर कम्पनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है ।जिसका इन युवाओ को समर्थन भी मिला है।



**कंपनी प्रबंधन के व्यक्तियों के द्वारा ग्रामीणों को अपने पक्ष में लाने धन राशि खर्च करने की चर्चा जोरों पर**

वही कंपनी लगने के विरोध को देखते हुए प्रबंधन के व्यक्तियों पर ग्रामीणों को बरगलाने का भी आरोप लग रहे है ।उनके द्वारा असंतुष्ट लोगो को अपने पक्ष में करने के लिए साम दाम दंड भेद सभी प्रकार के हथखण्डे अपनाए जा रहे है ।जिसकी वजह से ग्रामीणों में काफी आक्रोश भी देखा जा रहा है।

**बड़े जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधित्व के बावजूद नहीं मिल रहा साथ**

ग्रामीणों के मंसा अनुरूप कंपनी क्षेत्र में नही लगनी चाहिए। लेकिन चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने इन्हें अब तक साथ नही मिला ।मोहभट्ठा क्षेत्र सिमगा जनपद अध्यक्ष वीणा आडिल का जनपद क्षेत्र है वही विधायक पद के लिए दावेदारी कर रहे जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु भी इसी क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करती है ।ऐसे में ग्रामीण अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे है।

उक्त सम्बन्ध में मोहभट्ठा के युवा घनश्याम वर्मा, हेमंत वर्मा, हरीश वर्मा, भीखम वर्मा, दिनेश वर्मा ,वीरेंद्र वर्मा, भूपेंद्र वर्मा,गरीबा साहू आदि ने साफ तौर पर कहा कि कम्पनी लगने से यहां की उपजाऊ भूमि को नुकसान होगा लम्बी लड़ाई के बाद खेत के सिचाई हेतु नहर में पानी मिला है ।कंपनी के काले धुवे से खेत ही बर्बाद हो जाएंगे तो नहर के पानी का क्या करेंगे ।हम मोहभट्ठा में कम्पनी लगने के पक्ष में नहीं है।

वही सर्वदलीय मंच सिमगा के पदाधिकारी व सदस्य भी मोहभट्ठा में सयंत्र लगाने के पक्ष में नही है ।मंच के सदस्य रमेश सोनी ने बताया कि सिमगा विश्राम गृह में 19 सिंतम्बर को इसे लेकर बैठक आयोजित की जा रही है उसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी ।सोनी ने आगे कहा कि दामाखेड़ा में सीएम भूपेश बघेल ने 10 किलोमीटर के एयर डिस्टेंस में कम्पनी लगाने की अनुमति नही देने की बात कही है ।ऐसे में मोहभट्ठा में सयंत्र कैसे लग सकता है ।


# हरिहर स्कूल नवापारा में विज्ञान के विभिन्न प्रयोग दिखाया गया

## विज्ञान हमें सोचना और प्रश्न करना सिखाता है - क्या, कैसे और क्यों?

**नवापारा राजिम,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी गरियाबंद चैप्टर द्वारा हरिहर स्कूल नवापारा में विज्ञान के विभिन्न प्रयोग दिखा कर चर्चा किया गया। जिनमे जैसे -रॉकेट कैसे लॉन्च होता , और यह ग्रह के चारो ओर कैसे चक्कर लगाते है ? फैराडे के प्रयोग को करके दिखाया गया कि चुंबकीय क्षेत्र से विद्युत पैदा होती है । समान्यत: देखा जाता है कि घरों में टंकी भर जाती है और हमको पता न चलने के कारण काफी पानी बर्बाद हो जाता है इसे रोकने के लिए एक डिवाइस बनाया गया जो बताता है कि हमारा टंकी कितना भरा हुआ है , और पूरा भर जाने पर अलार्म बजता है। जिला प्रभारी जीवन साहू ने आगे बताया कि विज्ञान हमे सोचना और प्रश्न करना सिखाता है - क्या ,कैसे और क्यों ? लोग दैनिक जीवन में अंधविश्वासों से घिरे होते हैं वे सोचते नहीं हैं की जो हो रहा है क्यों और कैसे हो रही है ? इसलिए वे अंधविश्वासो में फंस जाते हैं और इससे हमारा नुकसान ही होता है। अत: अगर हम विज्ञान का अनुसरण करें तो हम सत्य तक पहुंच सकते हैं और अंधविश्वासो से बचा जा सकता है। समाज में विज्ञान का विकास कैसे होता है ? पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूम रही है यह बात बोलने के लिए ही ब्रूनो को अपनी कुर्बानी देनी पड़ी थी । ब्रूनो अंतिम सांस तक सत्य के लिए लड़ते रहे। गैलीलियो को भी इसी बात के लिए बुजुर्ग होने के बावजूद उनको नजरबंद रखा गया। इससे हमें सीख मिलती है जो विज्ञान के आधार पर सत्य है हमे भी जीवन भर उसी रास्ते का अनुसरण करते रहना चाहिए । इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने बढ चढ़कर का हिस्सा लिया और प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास किया। बच्चों काफी मजेदार एवम् ज्ञानवर्धक लगा। प्राचार्य मैडम और विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षकगण इस कार्यक्रम का सराहना किया। संध्या शर्मा, प्राचार्य हरिहर स्कूल नवापारा ने कहा कि आप लोग इसी प्रकार हमारे बच्चो मार्गदर्शन करते रहे। प्रोग्राम के सफल आयोजन में शाला परिवार का विशेष सहयोग मिला। ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के सदस्य दीक्षा , निधि , ऋषभ , अक्षत अपस्थित थे ।




## आज से राजिम में भव्य अखंड राम नाम सप्ताह



**नवापारा राजिम,** 18 सितंबर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किसान सेवा समिति राजिम के तत्वाधान में राजिम नगर के सभी समाज के आस्था एवं भक्ति का केंद्र श्री अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन महामाया मंदिर प्रांगण में पूर्ण हर्ष और उल्लास के साथ आगामी 19 तारीख से 7 दिवस के लिए किया जा रहा है यह आयोजन आसपास के अंचलों में बहुत ही प्रसिद्ध है उक्त सात दिवस में इस कार्यक्रम में नगर के साथ-साथ आसपास के सभी गांव से रामधुनी टोलियों का भी निरंतर आगमन होते रहता है यह कार्यक्रम लगातार सात दिनों तक बिना रुके संपन्न होता है उक्त जानकारी किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने दी.

# दुग्ध युनियन संघ का चुनाव



**नवापारा राजिम,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। दुग्ध युनियन संघ का महत्व पुर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें दूध युनियन संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयनित किया गया दुध युनियन संघ के अध्यक्ष ज्योतिष यादव कोषाध्यक्ष डेमन यादव सचिव ओंकार यदु संरक्षण दयाराम यादव घनश्याम यादव सलाहकार रामनाथ यदु व रोशन यादव को चपरासी बनाया गया सभी पदाधिकारियों का हरमाल व गुलाल लगाकर स्वागत वा बधाई दिया उपरांत दुध संघ राजिम द्वारा विभिन्न नियमों कायदे कानून का विस्तार से स्थापित किया दुध युनियन संघ राजिम से लगे सभी आस पास के गांवों के दुध विक्रेता उपस्थित था जिसमें प्रमुख रूप से दायरा राम यादव धरम यदु रोशन यादव कपूर यादव राजू यादव रामनाथ यदु दुलेश यादव रुपेश यदु समीर, घनश्याम, ज्योतिष जगदीश ओमनारायण हेमन्त भुनेश्वर तोरण देमन ओंकार यदु दृवरिका खुमान रुकमनी यादव जशोदा यादव उमेश यादव मोहन यदु अनिकेत यादव भुल्उराम रामअवतार रामप्रसाद आकाश पंकज सोनपुरा अशोक रेमन यदु युवराज महेश राजु मनोहर गोपाल बन्टी हीरालाल मुरली राकेश ईश्वर गिरधर उपस्थित थे

# गणेश विवाह की झांकी में उमड़ी भीड़

**राजिम,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। चौबेबांधा में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर रात्रि में धमतरी जिले के गोजी गांव के रामधुनी मंडली की शानदार प्रस्तुति हुई। कलाकारों ने सबसे पहले देवी दुर्गा के विशाल रूप का दर्शन कराया। उसके बाद कथावाचक ने गणेश प्रसंग पर कहा कि गणेश और कार्तिकेय के बड़े होने के पश्चात माता-पिता को विवाह की चिंता सताने लगी कार्तिकेय ने विवाह करने के लिए तैयार हो गया लेकिन गणेश जी तैयार नहीं हो पा रहे थे तब उन्हें समझाया गया इस समय पर हर काम हो जाना चाहिए तभी इसका मतलब होता है। गणेश जी की मान गए अब देवी पार्वती और भगवान भोलेनाथ चिंता करने लगे की विवाह के बाद मेरे दोनों पुत्र का वैवाहिक जीवन सुखी पूर्वक बीतेगा कि नहीं इसलिए एक परीक्षा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि जो सबसे पहले पृथ्वी की परिक्रमा करेगा उनका विवाह पहला होगा यह सुनकर कार्तिकेय अपने मयूर सवारी में आरूढ़ होकर पृथ्वी का भ्रमण करने के लिए निकल गए। अब गणेश सोचने लगे कि मेरा सवारी तो चूहा है मैं कैसे करूं तभी उन्हें ख्याल आया की माता-पिता ही तो सब कुछ है माता पृथ्वी से भी बड़ी है पिता आकाश से भी ऊंचा है। उन्होंने अपने माता और पिता के सात बार परिक्रमा किया और कहा कि मैंने आप दोनों के परिक्रमा करने के उपरांत पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल मिल गया है अत: मेरा विवाह सबसे पहले करा दो। गणेश के बुद्धि से प्रसन्न होकर माता पार्वती एवं पिता महादेव ने पहले गणेश उसके बाद कार्तिकेय की विवाह की गणेश की पत्नी का नाम रिद्धि और सिद्धि है तथा कार्तिकेय की पत्नी का नाम देवसेना और वल्ली है। अर्धरात्रि तक कार्यक्रम चला रहा राम सिया राम का उच्चारण होते रहे। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु राम जांगड़े, खूमन पाल, छोटू राम सोनकर, गणपत पटेल, गणेश पाल, मंथीर पाल, लोकेश साहू, ईश्वर पाल इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन बिशे लाल साहू ने किया। सोमवार को प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस दौरान पूरे गांव में नाचते गाते झूमते हुए भ्रमण किया गया। प्रत्येक घरों में द्वार के पास जाने के बाद आरती उतारी गई तथा नारियल भी भेंट किया गया। शाम तक पैरी नदी में ले जाकर विसर्जन किया गया।



# हलवाई संघ ने मनाया धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती

**भाटापारा,** 18 सितंबर। भाटापारा नगर में पहली बार हलवाई संघ ने विश्वकर्मा पूजा के बहाने सगंठन बनाते हुए हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई साथ ही स्टेट बैंक के सामने विधि विधान पूर्वक भगवान विश्वकर्मा की आकर्षण मुर्ती का स्थापना की गई उधर हवन पूजन बाद भगवान विश्वकर्मा देव को विसर्जन किया गया जिसमें पीताम्बर सिंह राजपूत छोटू साहू रमेश यादव रमेश्वर यादव मुच्छु शिवा ओके बिट्टू यादव गोलू दाई संतोष निषाद गोलू राजपूत रामदास मानिकपुरी राज राजपूत राधे महराज तुला यादव सचदेव साहू दादू शर्मा शंकर वैष्णव विनोद साहू गोपी रजक कमलेश मानिकपुरी गोविंद देवांगन शामिल हुए।



## निधन

### धर्मिन बाई यदु

**भानुप्रतापपुर,** 18 सितंबर। कन्हार गांव निवासी श्रीमती धर्मिन बाई यदु का निधन हो गया है। उनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। वे सनत, शेखर यदु की माता व जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा यदु की दादी मां थीं।



### अमरनाथ दुबे

**बलौदाबाजार,** 18 सितम्बर। समीपस्थ ग्राम रिसदा निवासी अमरनाथ दुबे 26 वर्ष का अस्वस्थ के चलते बिलासपुर एम्स में विगत दिनों निधन हो गया। वे विकास दुबे के पुत्र थे। जिसका अंत्येष्टि गृह ग्राम रिसदा में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग व गांव वाले शामिल हुए।



### दुवास राम कैवर्त

**बिलाईगढ़,** 18 सितंबर। ग्राम पंचायत देवरहा निवासी दुवास राम कैवर्त उम्र 77 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत छपोरा के पंचायत सचिव चितरंजन कैवर्त के पिता थे। आज सुबह गांव के मुक्तिबोध में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### कृष्ण कुमार सिंह चौहान

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अधिकारी, ब्लॉक 17 प्लांट 8 नेहरू नगर पूर्व निवासी कृष्ण कुमार सिंह चौहान का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 84 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 18 सितंबर को दोपहर 1 बजे दुर्ग में शिवनाथ नदी के तट पर किया गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, वे अनिरुद्ध सिंह चौहान, रुद्र प्रताप सिंह चौहान के पिता, अभिमन्यु सिंह चौहान, विदुषी चौहान के दादा, डॉ. वी.एस.बघेल, डॉ.जय सिंह बघेल के मामा, डॉ.सुमन सिंह चौहान के देवर थे।



### श्रीमति तारामति लोहबरे

**भिलाईनगर,** 18 सितंबर। सड़क 15, प्रगति नगर, रिसाली निवासी तारामति लोहबरे, पत्नी लक्ष्मीकांत लोहबारे का 47 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार सितंबर 18 सोमवार को दोपहर 3 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय लोहबरे की भाभी और प्रखर लोहबरे एवं सजल लोहबरे की माता थीं।



# अम्लीडीह में विश्वकर्मा जयंती पर डीजे डांस प्रतियोगिता

**पिथौरा,** 18 सितंबर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर ग्राम अम्लीडीह में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व क्रेडा अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा अध्यक्षता कर रही सरपंच श्रीमति निर्मला नर्शिंग ठाकुर विषेश अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य आलोक त्रिपाठी उपसरपंच कृष्णा जलसाय साहू सुरेंद्र पांडे गजानंद साहू पवन अग्रवाल सहित मंचस्थ अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर की। सामूहिक डाँस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक्सकॉर्पेन डांस ग्रुप नगरदा को 10001 रू व शील्ड दूसरे स्थान पर स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर 7001 रू व शील्ड तीसरे स्थान पर मेलोडी डांस ग्रुप दूर्ग 5001 रू व शील्ड चौथे स्थान पर एक्शन ग्रूप सारंगढ़ 3001 रू व शील्ड पाँचवे स्थान में चन्द्रहासिनी डांस ग्रुप रायगढ़ टिम को 2001 रू व शील्ड वही जुगल डांस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पवन हिना रायपुर को 50001 रू व शील्ड दूसरे स्थान पर आकाश नेमिका राजनांदगाँव 4001 रू व शील्ड तीसरे स्थान पर नयन तारा रायपुर3001 रू व शील्ड चौथे स्थान पर वर्षा सुरेश रायगढ़ 2001 रू व शील्ड पाँचवे स्थान में रही करण मंगल फुलगाव को 1001 रू व शील्ड एकल डाँस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आस्था सोना ओड़िसा को 30001 रू व शील्ड दूसरे स्थान पर रोहित नायक भिलाई 2500 रू व शील्ड तीसरे स्थान जेनी बिलासपुर पर 2001 रू व शील्ड चौथे स्थान पर सूरज धनुकर 1500 रू व शील्ड पाँचवे स्थान में सुहाना कोरबा को 1001 रू व शील्ड विजेता प्रतिभागियों को दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि के आसंदी से पूर्व क्रेडा अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुवे कहा की ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है निश्चित तौर पर आयोजन समिति बधाई की पात्र है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने विश्वकर्मा जयंती की बधाई दते हुवे कहा की अम्लीडिह गाँव ऐसे आयोजनों के लिए क्षेत्र में ख्याति प्राप्त है निश्चित ही ये आप सबकी एकता का परिचायक है ।ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचार का वातावरण निर्मित होता है ।कार्यक्रम का संचालन अरविंद व राजू तांडी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेश कुमार यादव विष्णु निषाद योगेन्द्र साहू धनंजय यादव सोनू यादव नीलांबर यादव रामलाल यादव उत्तम पटेल हरीश साहू देवा साहू मन्नु साहू गिरधर साहू पिरुल लक्ष्मण यादव संतोष डड़सेना प्रमोद ठाकुर संतोष पटेल सादराम सिन्हा विष्मभर साहू तुलाराम सिन्हा कौशल साहू हंशराम साहू नंदकुमार यादव काशी चौहान महेश ठाकुर संतोष सिन्हा धनेश्वर यादव सुमित यादव पवन साहू लक्ष्मण चैतूराम धुरव संतलाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

**बलौदाबाजार,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं भाजपा नेता संजू पटेल के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एवं तीजा पर्व के पावन अवसर पर बलौदाबाजार नगर में स्वच्छता के लिए मुहिम चलाने वाली महिला स्व सहायकता समूह की बहनों को मंणी कंचन केन्द्र में साड़ी एवं श्रृगांर समान प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाडा दिवस मना रहे है। जिसके तहत स्वच्छता के कार्यक्रम, जनजागकरूता कार्यक्रम, जनकल्याण एवं रक्त दान जैसे अनके कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत यह सम्मान कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, पार्षद रोहित साहू, रीटा केसरवानी, खोडस राम कश्यप, नरेश केसरवानी, उमेश बाजपेयी, लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, अमित केसरवानी, राहूल सोनी, मणिकांत मिश्रा, रमाशंकर सोनी, केशव जोशी, अंशु ताम्रकार, श्रीमती संतोष शर्मा, जेपी धुरंधर, कमलेश पटेल आदि उपस्थित थें। वहीं महिला स्व. सहायता समूह की इंदु साहू, सुभाषिनी सेन्द्रे, बिना साहू, सुनीता साहू सहित काफी संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थें। समुह की सदस्याओ सुभाविनी सेन्द्रे, बीना साहू, तिरिथ पटेल, लीला पटेल, पुन्नी घृतलहरे, लक्ष्मी भारती, सुनीता साहू, रोशनी पुरेना, पंचबाई, सौगंध भारती ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना किये एवं स्थानीय भाजपा नेताओ के द्वारा किये गये सम्मान व दिये गये उपहार के लिए आभार व्यक्त किया गया।



## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपाईयों ने बच्चों...

उनके जरूरत के समान एवं कॉपी.पेन प्रकाश चन्द्राकर के सौजन्य से वितरण किया गया एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना किये। इस अवसर पर भाजपा प्रदेसकार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा प्रेम चन्द्राकर, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्याम साकरकर,वरिष्ठ पार्षद संदीप घोष,आई टी सेल प्रभारी अरुण साहू,भाजपा नेता संतोष वर्मा, ग्रामीण मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी,युवा व्यवसायी बद्री चंद्राकर, सूर्या चन्द्राकर आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा जयंती समारोह...

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में श्रमवीर सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें श्रम के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण और सृजन के देवता हैं। संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा भी उन्हें दी गई है। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया। विश्वकर्मा जी की कुशल तकनीकी, कौशल और श्रमशीलता प्रेरणादायी है।

# शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन सम्मानित



**बिलाईगढ़** 18 सितम्बर(देशबन्धु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में पदस्थ शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन को शिक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ कार्य, शैक्षिक नवाचार एवं साहित्य लेखन के लिए विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिखर साहित्य समिति रायपुर द्वारा धरोहर हमारे गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। रायपुर के वृंदावन हॉल मे आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर शिव कुमार डहरिया मंत्री नगरीय प्रशासन एवं श्रम छत्तीसगढ़ शासन ,श्रीमती अनीता योगेंद्र शर्मा विधायक धारसीवा ,विशिष्ट अतिथि केपी खंडे अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़ थे ।अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग रायपुर एवं शिक्षा ज्योति भारत जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा ज्योति सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। शिक्षक कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जिला दुर्ग द्वारा शिकसा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच खरसिया जिला रायगढ़ द्वारा काव्य कलश शिक्षक रत्न सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। शिक्षक प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा जिला मुख्यालय कबीरधाम मे आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कबीरधाम में शिक्षक प्रतिभा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद अकबर मंत्री वन आवास परिवहन पर्यावरण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता ममता चंद्राकर विधायक पंडरिया ,विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कबीरधाम एवं महेंद्र कुमार गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम उपस्थित रहे ।शिक्षक महेत्तर लाल दबंगन को उक्त सम्मान प्राप्त होने पर संकुल के शिक्षकों विकासखंड बिलाईगढ़ के संकुल समन्वयको ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीपी सोनी, आर के भोई ,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नेतराम रात्रे ,समन्वयक मनोज कश्यप ,संकुल प्राचार्य रामदास साहू सहित विकास खंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रक्तदान के लिए 108 एंबुलेंस के ड्राइवर ने बढ़ाया कदम

**खरोरा,** 18 सितंबर। भाई खेम सिंग वर्मा ग्राम बुडेनी (खरोरा) निवासी जो कि खरोरा स्वास्थ्य केंद्र मे 108 एम्बुलेंस मैं ड्राइवर है। जो पंडरी जिला अस्पताल में दिन ड्यूटी के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर मे एक्सीडेंट के मरीज चंद्र प्रकाश सिन्हा को आपातकालीन बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर दिनांक 16 सितंबर 2023 को मेकाहारा मैं ब्लड डोनेट किया। साथ ही संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता जोड़ो महा अभियान के तहत सदस्यता भी ग्रहण किया एवं मानवता का परिचय दिया जिसका खरोरा क्षेत्र के आसपास गांव में खूब चर्चा हो रही है। भाई खेम सिंग वर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 108 में ड्राइवर के पोस्ट पर कार्यरत है एवं खरोरा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। उन्हें किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वयं आगे आकर मानवता का परिचय दिया और ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान किया। उनके इस नेक कार्य के लिए हमारे नए सदस्य खेम सिंग वर्मा जी को संस्था के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव मीडिया प्रभारी प्रमुख सलाहकार कोषाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यगण बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सदैव स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।



